10 नीरज चोपड़ा...



झारखण्ड का अपना दैनिक

# झारखण्ड उजाला

सच आप तक

12 यामी गौतम...



रांची, मंगलवार, 21 जनवरी 2025 | पृष्ठ - 12 | मूल्य - 2 रूपये | रांची संस्करण | वर्ष- 04 | अंक -214 | RNI No. JHAHIN/2021/82144 | www.jharkhandujala.com

# रिम्स का मास्टर री-डेवलपमेंट प्लान जल्द तैयार करें : सीएम

## मुख्यमंत्री ने स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण, अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के अधिकारियों के साथ की बैठक

**झारखण्ड उजाला, संवाददाता।**



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सोमवार को झारखंड मंत्रालय में स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण, अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण तथा वन एवं पर्यावरण विभाग के अधिकारियों के साथ उच्चस्तरीय बैठक की. सीएम ने अधिकारियों से राजेंद्र आयुर्विज्ञान संस्थान, (रिम्स) रांची के पुनर्विकास एवं विस्तार से संबंधित प्रस्तावित कार्ययोजना की विस्तृत जानकारी ली. उन्हें निर्देश दिया कि रिम्स का एक बेहतर मास्टर री-डेवलपमेंट प्लान शीघ्र तैयार करें. इसमें भविष्य को दृष्टिगत रखते हुए सभी चीजें सुसज्जित तरीके से व्यवस्थित करने की कार्ययोजना बनाएं.

**रिम्स की अलग पहचान होनी चाहिए**

सीएम ने कहा कि देश में रिम्स की अलग पहचान होनी चाहिए. स्वास्थ्य व्यवस्थाओं का आधुनिकीकरण राज्य सरकार की प्राथमिकता है. रिम्स के री-डेवलपमेंट मास्टर प्लान में सभी हॉस्टल्स को एक जगह व सभी रेजिडेंशियल कॉम्प्लेक्स को नॉर्थ ब्लॉक में शिफ्ट करने का प्लान बनाएं. अधिकारियों को निर्देश दिया कि फिलहाल रिम्स परिसर के 1600 बेड वाले इनडोर क्षेत्र का रिनोवेशन करें तथा बेसमेंट क्षेत्र को सील कर दें, ताकि बार-बार होने वाले वाटर लॉगिंग को रोका जा सके. बैठक में रिम्स निदेशक डॉ राजकुमार व मेडिकल सुपरिंटेंडेंट डॉ हीरेंद्र बिरुआ भी उपस्थित थे.

**आदिवासी कल्याण हॉस्टल्स में बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराएं**

सीएम ने अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के अधिकारियों से प्रस्तावित आदिवासी कल्याण हॉस्टल्स की टेंडर प्रक्रिया की जानकारी ली. अधिकारियों ने सीएम को बताया कि रांची व डालटनगंज में दो-दो आदिवासी कल्याण हॉस्टल का निर्माण किया जाना प्रस्तावित है, इन चारों हॉस्टल्स की टेंडर प्रक्रिया पूरी कर ली गई है. रांची के विमेंस कॉलेज परिसर में 525 अनुसूचित जनजाति की छात्राओं के लिए छात्रावास का निर्माण तथा आदिवासी हॉस्टल कैंपस में 525 छात्रों के लिए छात्रावास का निर्माण किया जाना है. वहीं पलामू जिले के डालटनगंज में बाईपास रोड रेड़मा के पास 525-525 विद्यार्थियों की क्षमता वाले दो छात्रावास का निर्माण कार्य किया जाना है. सभी छात्रावासों का निर्माण एक महीने के भीतर प्रारम्भ कर दिया जाएगा. सीएम ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि नवनिर्मित सभी छात्रावासों में बाउंड्री वॉल, सुरक्षा गार्ड, सफाई कर्मी, रसोईया, फर्नीचर आदि की व्यवस्था दुरुस्त रहे यह हर हाल में सुनिश्चित करें. प्रस्तावित सभी छात्रावास निर्धारित समय सीमा के अंतर्गत पूर्ण होने चाहिए. निर्माण में गुणवत्ता का पूरा ख्याल रखें.

### ग्रामीण क्षेत्र के विकास कार्यों की बाधाएं दूर करने का निर्देश

सीएम ने वन एवं पर्यावरण विभाग के अधिकारियों को राज्य में वाइल्डलाइफ सैंक्चुअरी के अंतर्गत आने वाले ग्रामीण क्षेत्र के विकास कार्यों की बाधाएं दूर करने का निर्देश दिया. कहा कि वन क्षेत्र के गांवों में बिजली, पानी, सड़क जैसी बुनियादी सुविधाओं का अपेक्षा के अनुरूप विकास नही हो पा रहा है. इस पर ध्यान दें .मधुबन से पारसनाथ (सिकर) हिलटॉप तक जोड़ने वाली सड़क के पुनर्निर्माण कार्य की बाधाओं को शीघ्र दूर करें. इस महत्वपूर्ण सड़क के जर्जर होने से लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है. सीएम ने कहा कि विभाग के जटिल नियमों के कारण वन क्षेत्र में आने वाले गांवों के विकास में बाधा पहुंच रही है, इसे प्राथमिकता के आधार पर दूर करें.

### बैठक में ये रहे मौजूद

बैठक में सीएम के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग के प्रधान सचिव अजय कुमार सिंह, प्रधान मुख्य वन संरक्षक सत्यजीत सिंह, एससी-एसटी एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के सचिव कृपानंद झा, भवन निर्माण सचिव अरवा राजकमल, ग्रामीण विकास सचिव के. श्रीनिवासन, वन एवं पर्यावरण सचिव अबू बकर सिद्दिकी, प्रधान मुख्य वन संरक्षक शशिकर सामंता, मुख्य वन संरक्षक एसआर नटेश सहित अन्य वरीय पदाधिकारी उपस्थित थे.

# अमेरिका में आज से ट्रंप 'राज', सेरेमनी में एस जयशंकर हुए शामिल, पीएम मोदी ने दिया खास संदेश

**एजेंसी**



**वाशिंगटन।** डोनाल्ड ट्रंप एक बार फिर दुनिया के सबसे ताकतवर इंसान बन गए हैं. आज यानी सोमवार (20 जनवरी) को वो अमेरिका के राष्ट्रपति पद की शपथ ले ली है. शपथ लेने के बाद रिपब्लिकन नेता डोनाल्ड ट्रंप अमेरिका के 47वें राष्ट्रपति बन गए हैं. यह दूसरा मौका है जब ट्रंप अमेरिका की बागडोर संभाल रहे हैं. ट्रंप का शपथ ग्रहण समारोह यूएस कैपिटल बिल्डिंग के अंदर हुआ. ट्रंप के शपथ ग्रहण समारोह में दुनियाभर से कई खास मेहमान शामिल हुए हैं. इसमें भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर भी हैं जो भारत का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं. उनके अलावा कई देशों के विदेश मंत्री भी समारोह में शामिल हो रहे हैं. शपथ ग्रहण से पहले नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और उनकी पत्नी मेलानिया ट्रंप वाशिंगटन के लाफायेट स्क्वायर में सेंट जॉन एपिस्कोपल चर्च पहुंचे.

**पीएम मोदी के विशेष दूत के तौर पर शामिल हुए जयशंकर**

विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर आज वाशिंगटन डीसी में संयुक्त राज्य अमेरिका के निर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के उद्घाटन समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विशेष दूत के रूप में उनका प्रतिनिधित्व कर रहे हैं. वह नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के लिए प्रधानमंत्री का पत्र ले जा रहे हैं. राष्ट्राध्यक्षों और शासनाध्यक्षों के शपथ ग्रहण समारोह में भाग लेने के लिए प्रधान मंत्री के विशेष दूतों को भेजना सामान्य प्रथा रही है. इससे पहले रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह मई 2023 में नाइजीरिया के राष्ट्रपति के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए थे. वहीं केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू नवंबर 2023 में मालदीव के राष्ट्रपति के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए थे. डोनाल्ड ट्रंप यूएस कैपिटल रोटुंडा बिल्डिंग में शपथ लेने वाले हैं. अमेरिका में उनके शपथ ग्रहण समारोह को लेकर लोगों में खासा उत्साह है. बड़ी संख्या में कैपिटल रोटुंडा बिल्डिंग के बाहर भीड़ इकट्ठा होने लगी है. रिपब्लिकन पार्टी के नेता डोनाल्ड ट्रंप आज अपने दूसरे कार्यकाल के लिए शपथ लेंगे. आने वाले कुछ समय में यह साफ हो जाएगा कि ट्रंप का दूसरा कार्यकाल दुनिया और अमेरिका के लिए कैसा रहने वाला है. ट्रंप ने कनाडा को अमेरिका का 51 वां राज्य बनाने और ग्रीनलैंड और पनामा नहर पर नियंत्रण हासिल करने की बात कही थी. इसके अलावा उन्होंने मेक्सिको की खाड़ी का नाम अमेरिका की खाड़ी करने की भी बात कही थी.

# ट्रेनी महिला डॉक्टर रेप-हत्या मामला, संजय रॉय को आजीवन कारावास, मरते दम तक रहेगा जेल में

**एजेंसी**



**कोलकाता।** कोलकाता की विशेष अदालत ने आज सोमवार को सरकारी आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल की ट्रेनी महिला डॉक्टर के साथ रेप-हत्या के मामले में दोषी करार दिये गये संजय रॉय को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है. रोपी संजय रॉय को मरते दम तक उम्रकैद की सजा दी गयी है. इसके साथ ही 50 हजार रुपए का जुमार्ना भी लगाया गया है. अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश अनिरबन दास ने कहा कि ये रेयरेस्ट ऑफ रेयर केस नहीं है. इसलिए इस मामले में वो उम्रकैद की सजा सुना रहे हैं.

**पीड़िता के परिजनों को 17 लाख मुआवजा देने का आदेश**

कोर्ट ने राज्य सरकार को पीड़िता के परिजनों को 17 लाख मुआवजा देने का आदेश दिया है. हालांकि पीड़िता के माता-पिता ने कहा कि उन्हें किसी तरह का मुआवजा नहीं चाहिए. बता दें कि संजय रॉय को बीएनएस की धारा 64, 66 और 103 (1) के तहत के दोषी करार दिया गया है. इन धाराओं के तहत अपराधी को अधिकतम फांसी या उम्रैकद का प्रावधान है. लेकिन जज ने उम्रकैद की सजा दी है. इससे पहले कोर्ट ने सजा पर फैसला दोपहर 2.45 बजे तक सुरक्षित रखा था.. बता दें कि ट्रेनी महिला डॉक्टर का शव अगस्त 2024 में कोलकाता के अस्पताल परिसर में मिला था. विशेष अदालत के न्यायाधीश अनिर्बान दास ने 18 जनवरी को रॉय को दोषी ठहराया था.

**आरोपी संजय के वकील ने दलील पेश की**

आरोपी संजय के वकील ने न्यायाधीश के समक्ष गुहार लगाई थी कि भले ही यह दुर्लभतम मामला हो, लेकिन इसमें सुधार की गुंजाइश होनी चाहिए. अदालत को यह दिखाना होगा कि दोषी क्यों सुधार या पुनर्वास के लायक नहीं है. सरकारी वकील को सबूत पेश करने होंगे और कारण बताने होंगे कि वह व्यक्ति सुधार के लायक क्यों नहीं है और उसे समाज से पूरी तरह से खत्म कर दिया जाना चाहिए. जज अनिर्बान दास ने 18 जनवरी को संजय रॉय को भारतीय न्याय संहिता (इठर) की धारा- 64 (बलात्कार के लिए सजा), 66 (मृत्यु का कारण बनने के लिए सजा) और 103 (हत्या) के तहत दोषी करार दिया था. न्यायाधीश ने स्पष्ट कर दिया था कि इस मामले में अधिकतम सजा मृत्युदंड और कम से कम से कम सजा आजीवन कारावास हो सकती है.

**सबूतों से छेड़छाड़ के संबंध में सीबीआई की जांच जारी रहेगी**

हालांकि रॉय के खिलाफ सजा की प्रक्रिया आज पूरी हो गयी,. लेकिन मामले में सबूतों से ह्यछेड़छाड़ह्न और ह्यबदलावह्न के संबंध में केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) की जांच अभी भी जारी रहेगी. सूत्रों के अनुसार सीबीआई ने विशेष अदालत को पहले ही सूचित कर दिया है कि सबूतों से छेड़छाड़ के मामले में सप्लीमेंट्री चार्जशीट दाखिल करने की गुंजाइश अभी भी खुली है, तथा इस विशेष पहलू पर मामला लंबित है.

## आज का विचार

झारखण्ड उजाला



**रोशन लाल चौधरी**
**एनडीए विधायक बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र।**

दिल से...सरकार किसी विशेष वर्ग के लिए योजना नहीं लागु करती है.. हम सभी लाभ उठाते है फिर भी सरकार को दोसी ठहराते है.. इसके पीछे एक ही कारण है.. हम सभी सवार्थी.है.. आप स्वार्थी न बने बुराई नजर नहीं आएगा.. देश द्रोही न बने.. देश प्रेमी बने..जय झारखण्ड.. जय भाजपा, जय आजसू मैं अपनी तरफ से सभी विधानसभा वासियों को गणतंत्र दिवस की ढेर सारी बधाई वा हार्दिक शुभकामनाएं।

## सर्राफा

सोना (बिक्री) : 74,800
चांदी (प्रति किलो) : 96,000
(नोटः सोना 22 कैरेट कीमत प्रति 10 ग्राम)

## शेयर बाजार

सेंसेक्स :- 77,073.44
निफ्टी :- 23,344.75

## मौसम

अधिकतम तापमान : 28 °
न्यूनतम तापमान : 11 °

## सूर्योदय/सूर्यास्त

प्रातः :- 06:32
संध्या :- 17:28

## आज का इतिहास

आज के ही दिन 1912 को रेमंड पोंकारे, जो कठोर जर्मन विरोधी नीतियों को आगे बढ़ा रहे थे, ने फ्रांस के प्रधान मंत्री के रूप में अपना पहला कार्यकाल शुरू किया।

## संक्षिप्त समाचार

### सीएम हेमंत से मिले केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ

**रांची।** केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात की. इस दौरान एनसीसी के एडीजी मेजर जनरल एएस बजाज भी उनके साथ थे. झारखंड में एनसीसी के निदेशालय और प्रशिक्षण केंद्र खोलने पर वार्ता हुई. एनसीसी के जमीन से जुड़े मामलों पर भी दोनों के बीच बात हुई. एनसीसी के एडीजी मेजर जनरल एएस बजाज ने कहा कि मुख्यमंत्री ने काफी सार्थकता दिखाई है. रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने भी कहा सारे मसलों को मुख्यमंत्री ने गंभीरता से सुना है. संजय सेठ ने कहा कि जल्द इसका परिणाम देखने को मिलेगा.

### झारखंड कैबिनेट की बैठक 21 को

**रांची।** मंगलवार (21 जनवरी 2025) को हेमंत सोरेन कैबिनेट की बैठक होगी। मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग (समन्वय) ने यह सूचना दी है। विभाग की ओर से बताया गया है कि झारखंड मंत्रिपरिषद् की बैठक 21 जनवरी 2025 को अपराह्न 4:00 बजे से झारखंड मंत्रालय (प्रोजेक्ट भवन) स्थित मंत्रिपरिषद कक्ष में होगी। इस बैठक में कई महत्वपूर्ण फैसले लिए जा सकते हैं।

### जनप्रतिनिधि किसानों के हितों की रक्षा के लिए हों गंभीर : वित्त मंत्री

**रांची।** वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर ने कहा है कि जनप्रतिनिधियों को किसानों के हितों की रक्षा एवं कृषि के विकास के प्रति गंभीर होना चाहिए. उन्होंने यह भी कहा कि कृषि के विकास के लिए जनप्रतिनिधियों और संबंधित विभाग के पदाधिकारियों को टीम भावना के साथ काम करना होगा. वित्त मंत्री ने आय वृद्धि के लिए किसानों को नकदी फसल उत्पादन पर विशेष ध्यान देने का सुझाव दिया. उन्होंने पशुपालन, मछली पालन एवं बागवानी को बढ़ावा देने पर भी जोर दिया.










# नीति आयोग और एवीए की साझेदारी से बाल विवाह मुक्त होगा भारत

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**अग्रगति ने किया स्वागत**

**रामगढ़/गोला।** बच्चों की सुरक्षा और संरक्षण के इको सिस्टम को मजबूती देने की दिशा में एक अहम कदम उठाया है। भारत सरकार के नीति आयोग और एसोसिएशन फॉर वालंटरी एक्शन (एवीए) ने देश के सबसे पिछड़े क्षेत्रों में बच्चों की शिक्षा, सुरक्षा और सशक्तीकरण तथा अगले एक साल में देश के 104 प्रखंडों के पंद्रह हजार गांवों को बाल विवाह मुक्त घोषित करने के लिए हाथ मिलाया है। इस आशय के मंतव्य पत्र पर नई दिल्ली में दस्तखत किए गए। नीति आयोग और एवीए की इस साझेदारी का अग्रगति संस्था ने समर्थन किया है। इस पहल के साथ एकजुटता जताते हुए अग्रगति के परियोजना पदाधिकारी किरण शंकर दत्त ने कहा कि हम भारत सरकार के बाल विवाह मुक्त भारत अभियान पर अमल करते हुए अपने जिले को बाल विवाह मुक्त बनाने के लिए लगातार प्रयास कर रहे। एवीए और नीति आयोग की इस साझेदारी से हमारे प्रयासों को और बल मिलेगा। एवीए के साथ मिलकर हम जिले को बाल विवाह मुक्त बने के लिए प्रतिबद्ध हैं। इसके साथ ही हम जिले में बाल सुरक्षा के व्यवस्थागत तंत्र को मजबूत बनाने के लिए भी काम करेंगे। साथ मिलकर हम सुनिश्चित करेंगे कि हमारे बच्चों को एक सुरक्षित वातावरण में जीने का अधिकार मिले।

**दो वर्ष में 73 जिले के आकांक्षी प्रखंडो में होगा काम**

दो-वर्षीय एसओआई के तहत अगले दो सालों में देश के 73 जिलों के आकांक्षी प्रखंडों के इन गांवों के आर्थिक रूप से बेहद कमजोर उन परिवारों के बच्चे जो शोषण, उत्पीड़न, बाल मजदूरी या बाल विवाह दृष्टि से संवेदनशील हैं। उनके लिए सुरक्षित बाल ग्राम के रूप में एक सुरक्षा घेरा विकसित किया जाएगा। यह पहल 2018 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू किए गए आकांक्षी जिला कार्यक्रम एडीपी के साथ एकरूपता और तालमेल में है।जिसका लक्ष्य देश भर के 112 सबसे अविकसित जिलों में रूपांतरकारी बदलाव लाना है।

**2025 तक बाल विवाह मुक्त प्रखंड बनाने का लक्ष्यः टिंगल**

इस अवसर पर एसोसिएशन फॉर वॉलंटरी एक्शन के कार्यकारी निदेशक धनंजय टिंगल ने कहा कि आज समाज के सबसे कमजोर वर्गों के सशक्तीकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए हम गर्व और कृतज्ञता महसूस कर रहे हैं। साझा प्रयासों से हमारा लक्ष्य 2025 के अंत तक इन प्रखंडों को बाल विवाह मुक्त बनाना और दूसरों के लिए एक मिसाल कायम करना है। यह साझेदारी प्रत्येक बच्चे की सुरक्षा, शिक्षा और सम्मान के अधिकार की रक्षा करने और बाल विवाह जैसे अपराधों के खात्मे की हमारी साझा प्रतिबद्धता का सबूत है। सरकारी निकायों, समुदायों और नागरिक समाज संगठनों राज्य, जिला और प्रखंड जैसे हर स्तरों पर एकजुट होकर काम करने और साझा प्रयासों से सही मायनों में बच्चों की सुरक्षा का लक्ष्य हासिल किया जा सकता है।

**जानिए क्या क्या कार्य होगा**

नीति आयोग जिला, ब्लॉक और गांव स्तर पर राज्य सरकारों, केंद्रीय मंत्रालयों और अन्य प्रमुख हितधारकों के साथ सहयोग करेगा, जबकि एवीए संवेदनशील परिवारों की पहचान करने, समय पर हस्तक्षेप के लिए जिला प्रशासन, राज्य सरकारों और केंद्रीय मंत्रालयों के साथ सहयोग से वास्तविक समय में कठिनाई का सामना कर रहे प्रत्येक बच्चे और परिवार को राहत की दिशा में प्रगति पर नजर रखने के लिए मजबूत डेटाबेस तैयार करने, चयनित जिलों/ब्लॉकों में बाल मजदूरी, बच्चों की ट्रैफिकिंग और बाल विवाह सहित बच्चों की शिक्षा और संरक्षण से जुड़े प्रमुख संकेतकों पर जिला प्रशासन के साथ मिलकर काम करेगा।

## जैन समाज ने किया मैराथन धावकों का अभिनंदन



**रामगढ़** ।श्री दिगंबर जैन समाज रामगढ़ के पदाधिकारीयों एवं कार्यकारिणी समिति के सदस्यों ने समाज के वरिष्ठ सदस्य एवं पूर्व अध्यक्ष श्री रमेश सेठी जी के आवास पर जाकर उनके दोनों पुत्रों जिन्होंने मुंबई में आयोजित टाटा मैराथन में 42.2 किलोमीटर की दूरी को पूर्ण किया। उनके रामगढ़ आने पर उनका हार्दिक अभिनंदन किया । उनके आवास पहुंचने पर? ?गाजे बाजे से स्वागत कर समिति के सदस्यों ने उन्हें पुष्प गुच्छ देकर तथा समाज के अंगवस्त्र पहनाकर उनका अभिनंदन किया ।उनके इस कार्य से समस्त दिगंबर जैन समाज रामगढ़ के सदस्य अभिभूत है । इस अवसर पर समाज के सचिव योगेश सेठी ने बताया कि विकास एवं अमित सेठी की यह उपलब्धि उनकी निजी उपलब्धि न होकर समस्त समाज की उपलब्धि है और उम्र के इस पड़ाव में उनकी यह उपलब्धि समाज की नई पीढ़ी के लिए मिल का पत्थर साबित होगी तथा रामगढ़ समाज ऐसी प्रतिभाओं को प्रोत्साहन करने के लिए सदैव तत्पर है ।इस अवसर पर अध्यक्ष राजेंद्र चूड़ीवाल उपाध्यक्ष राजेंद्र पाटनी सचिव योगेश सेठी कोषाध्यक्ष सौरव जैन, संजय सेठी ललित चूड़ीवाल मुनकी जैन पदमचंद छाबड़ा ,नितिन पाटनी देवेन्द्र गंगवाल,अशोक चूड़ीवाल, सुशील चूड़ीवाल , प्रवीण पाटनी,राजेश चूड़ीवाल आदि लोग उपस्थित थे उपरोक्त जानकारी समाज के मीडिया प्रभारी श्रवण जैन ने दी।

## टोकीसुद रेलवे स्टेशन को गति शक्ति मल्टी - मॉडल कार्गो टर्मिनल की मिली स्वीकृति : महेंद्र महतो

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।




**लगभग सौ करोड़ रूपया का आएगा खर्च**

**पतरातू।** भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रदेश प्रवक्ता महेंद्र कुमार महतो ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि पतरातू प्रखंड के पालु पंचायत के टोकीसुद रेलवे स्टेशन के विकास के लिए रेल मंत्रालय भारत सरकार ने गति शक्ति मल्टी - मॉडल कार्गो टर्मिनल योजना की स्वीकृति दे दिया। इस योजना के तहत टोकीसुद रेलवे स्टेशन के विकास के लिए लगभग सौ करोड़ रूपया खर्च करने की स्वीकृति दी। महतो ने आगे बताया कि टोकीसुद रेलवे स्टेशन में रेलवे की खाली पड़ी भूमि के विकास के लिए भी 35 वर्षों के लिए लीज पर निजी कंपनियों को भी देने की योजना बन गई जिसमें रेलवे साइडिंग का विकास किया जाए। महतो ने आगे बताया कि पहले से ही टोकीसुद में 110 करोड़ रुपए की लागत से रेल ओवर ब्रिज एवं 7. 20 किलोमीटर बाईपास नई रेलवे लाइन बिछाई जाएगी। महतो ने बताया कि टोकीसुद -1 कोल ब्लॉक को एनएमडीसी भारत सरकार को आवंटन कर दिया गया है टोकीसुद कोल ब्लॉक 2 को भी आवंटन कर दिया गया है। कुल मिलाकर हम कह सकते हैं कि आने वाले दिन में टोकीसुद रेलवे स्टेशन एक अलग पहचान बनाने जा रही है और इसके साथ-साथ पालु पंचायत का भी विकास होने जा रह है और हजारों लोगों को रोजगार से भी जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है।

## लबगा पंचायत क्रिकेट महोत्सव का हुआ शुभारंभ



**पतरातू।** सोमवार को पतरातू प्रखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत लबगा के ग्राम किन्नी ग्राउंड में लबगा पंचायत क्रिकेट महोत्सव सीजन 4 का शुभारंभ किया गया। जिसका विधिवत उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि जिला पार्षद राजाराम प्रजापति एवं विशिष्ट अतिथि लबगा पंचायत की मुखिया किरण यादव के द्वारा किया गया। इस क्रिकेट महोत्सव का फाइनल मैच 26.01.2025 को खेला जाएगा। ओपनिंग मैच वार्ड नंबर 13 और 14 के बीच खेला गया। जिसमें वार्ड 13 की टीम विजयी रही। वही दूसरा मुकाबला वार्ड नंबर 01 और वार्ड नंबर 04 के बीच खेला गया जिसमें वार्ड 01 की टीम विजयी रही। इस मौके पर मुख्य रूप से पूर्व जिला पार्षद सदस्य डोली देवी पंचायत समिति सदस्य कृति लता कच्छप पूर्व मुखिया शिव प्रसाद मुंडा पूर्व उप मुखिया लालु महतो समाज सेवी भुवनेश्वर सिंह लखन मुंडा शशि मुंडा सीताराम महतो वार्ड सदस्य उपेंद्र खरवार मनोज महतो सरिता देवी नीलम देवी, ग्रामीणों में धनेश्वर मुंडा प्रकाश मुंडा दीपक यादव आशीष कुमार खिलाड़ीगण एवं सैकड़ो लोग का उपस्थित रहे।

## गोला सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में स्वास्थ्य मेला का हुआ आयोजन




**रामगढ़/गोला।** गोला सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में प्रखण्ड स्तरीय स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया। स्वास्थ मेला का शुभारंभ रामगढ़ विधायक ममता देवी गोला प्रमुख गीता देवी जिला पार्षद सदस्य जलेश्वर महतो सरस्वती देवी उपप्रमुख विजय ओझा प्रखंड विकास पदाधिकारी डॉ सुधा वर्मा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। सर्वप्रथम विभाग के अधिकारियों व सहिया दीदियों ने परंपरिक रूप से स्वागत किया। स्वास्थ मेला के लिए 16 जनवरी को प्रखण्ड कार्यालय सभागार में बैठक किया गया था जिसमें पंचायत सचिव को निर्देश दिया गया था कि सभी अपने अपने पंचायत सचिवालय में नोटिस बोर्ड में समय दिनांक प्रदर्शित कर ग्रामीणों को जागरूक करेंगे। स्वास्थ मेला में विशेष चिकित्सक के द्वारा सभी प्रकार के बीमारी का निः शुल्क जांच किया गया। अलग अलग बीमारी के लिए अलग अलग चिकित्सक का स्टॉल लगाया गया था। सभी स्टॉल का विधायक ममता देवी गोला प्रमुख गीता देवी प्रखंड विकास पदाधिकारी डॉ सुधा वर्मा जिला पार्षद सदस्य जलेश्वर महतो सरस्वती देवी उपप्रमुख विजय ओझा ने संयुक्त रूप से निरीक्षण किया। चिकित्सक प्रभारी और स्वास्थ विभाग प्रतिनिधि को निर्देश दिया कि सभी लोगों का जांच शांतिपूर्ण तरीके से करे। स्वास्थ मेला का व्यापक प्रचार प्रसार सहिया एवं सेविका द्वारा किया गया था। जिससे प्रभावित होकर सुदूरवर्ती क्षेत्र के ग्रामीणों ने स्वास्थ मेला पहुंच कर जांच करवाया।

## झारखण्ड प्रांतीय मारवाड़ी युवा मंच ने अपने स्थापना के 4 दशक पूरे किए



**रामगढ़** ।झारखण्ड प्रांतीय मारवाड़ी युवा मंच ने अपने स्थापना के 4 दशक पूरे किए। इसी अवसर पर 14 जनवरी से 20 जनवरी तक 40 वें स्थापना दिवस को वृहत रूप से मनाने का निर्णय लिया, तथा 7 दिवसीय भिन्न-भिन्न कार्यकर्म करने का निर्णय किया गया। इसी अवसर पर मारवाड़ी युवा मैच चेतना शाखा रामगढ़ कैट ने स्थापना दिवस के अवसर पर 7 दिवसीय कार्यक्रम के अंतर्गत पतंग महोत्सव ,रक्तदान शिविर, जनसेवा, कन्या भ्रूर्ण संरक्षण से संबंधित कार्य, पर्यावरण संरक्षण के अंतर्गत पौधा रोपण, गौ सेवा के अंतगर्त दामोदर पुल के निकट खटाल में गायों को हरि - सब्जियाँ तथा अन्न खिलाया गया और जॉली स्कूल में चिकित्सा कैंप का निशुल्क आयोजन किया गया, जिस्की कार्यक्रम संयोजिका डॉ० नीति बरेलिया थी। 7 दिवसीय कार्यक्रम को सफल बनाने में अध्यक्षा अन्नु खंडेलवान, सचिव प्राची चौधरी , कोषाध्यक्ष शैली अग्रवाल, नीति बरेलिया, नेहा जैन, आरती शर्मा और शाखा सदस्यों ने अपना योगदान दिया।

## पतरातू में हरित संगम कार्यक्रम का हुआ आयोजन

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।






**पतरातू।** रविवार को पर्यावरण संरक्षण गतिविधि के अंतर्गत रामगढ़ जिले के पतरातू पीटीपीएस में पंचायत सचिवालय में हरित संगम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि सिद्धनाथ सिंह के द्वारा दीप प्रज्वलित कर एवं भारत माता पूजन कर किया गया। अंग वस्त्र देकर अतिथिगण का स्वागत किया गया। इस कार्यक्रम में पर्यावरण संरक्षण गतिविधि में पेड़ उपक्रम, जल उपक्रम, पॉलीथिन उन्मूलन एवं हरित घर कैसा हो इस पर विस्तार रूप से चर्चा की गई। मंच के माध्यम से सिद्धनाथ सिंह ने कहा कि पर्यावरण है तो सृष्टि है, सृष्टि है तो जीवन है, जीवन है तो हम दुनिया के सारे कार्यक्रम कर सकते हैं। पेड़ कटते जा रहे हैं भूमिगत जल घटते जा रहा है। पॉलिथीन बढ़ते जा रहा है हम इस धरती माता एवं सभी जीव जंतु को बचाने के लिए समाज की हर व्यक्ति को आगे आकर इसकी संरक्षण करनी होगी। कभी एक व्यक्ति पर हजारों पेड़ हुआ करते थे लेकिन अभी अपने देश में प्रति व्यक्ति 28 पेड़ बचे हुए हैं। इसलिए हमें अधिक से अधिक पेड़ लगाने होंगे। पानी को कम खर्च करना होगा। पॉलिथीन का प्रयोग करने से बचना होगा। विद्युत ऊर्जा को जरूरत के हिसाब से प्रयोग करना होगा यह हम सबों का दायित्व है। मंच संचालन सुनील पांडेय ने किया। जिला संयोजक जिला पर्यावरण संयोजक भुवनेश्वर ठाकुर ने धन्यवाद ज्ञापन किया। तत्पश्चात जलपान किया गया। इस कार्यक्रम में विधायक रोशन लाल चौधरी, सिद्धनाथ सिंह, कुलकर्णी जी, रामगढ़ से उपेंद्र पांडेय जनन शर्मा पतरातू नगर पर्यावरण संयोजक रमेश हरिद्वार महेंद्र नवीन विकास आनंद देवठान मृत्युंजय आनंद नवोदय विद्यालय के जितेंद्र किशोर नारायण युगेश्वर सत्यम पांडेय सहित दर्जनों लोग उपास्थि हुए।

## टीएचआर अंतर्गत पोषण सामग्री तैयार करने को लेकर प्रशिक्षण का हुआ आयोजन



रामगढ़। सोमवार कोरु महिला बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग (समाज कल्याण निदेशालय) के आदेशानुसार पूरक पोषाहार कार्यक्रम योजना के अन्तर्गत टीएचआर के रूप में आपूर्ति किये जा रहे MFEDF( माइक्रोन्यूट्रिएंट्स फोर्टिफाइड एनर्जी डेंस फूड) साम्रगी तैयार करने हेतु स्वयं सहायता समूह/ महिला मण्डल के लिए प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन इंटरलिंक फूड्स प्राइवेट लिमिटेड पतरातू द्वारा इंडस्ट्रीयल एरीया पतरातू में किया गया। जिसमे मुख्य रूप से निदेशालय की तरफ से जिला समाज कल्याण पदाधिकारी इंदु प्रभा खलखो एवं बाल विकास परियोजना पदाधिकारी पतरातु अनुपमा मिंज उपस्थित रहीं। साथ ही उनके द्वारा प्लांट का निरीक्षण भी किया गया। इंटरलिंक फूड्स की तरफ से कार्यशाला में शिशिर रावत (M.D.), त्रिलोक शर्मा (G.M.), सौविक भट्टाचार्य जी (GM) संतोष कुमार, एवं संगीत सरकार ने प्रशिक्षण कार्यक्रम को सम्बोधित किया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में विभिन्न स्वयं सहायता समूह/ महिला मण्डल के लगभग 50 प्रतिभागियों ने हिसा लिया।

# 22 जनवरी को राधा गोविंद सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल में रजत वार्षिकोत्सव समारोह का आयोजन

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**रामगढ़ः** राधा गोविंद शिक्षा-स्वास्थ्य ट्रस्ट रामगढ़ द्वारा संचालित राधा गोविंद सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल की स्थापना 12 जनवरी 2000 को हुआ था। विद्यालय की स्थापना के 25 वर्ष पूर्ण होने पर रजत वार्षिकोत्सव समारोह का भव्य आयोजन विद्यालय के प्रांगण में दिनांक 22 जनवरी 2025 को अपराह्न 3 बजे से होना सुनिश्चित है। समारोह के उदघाट्नकर्ता माननीय विधायक श्रीमती ममता देवी और मुख्य अतिथि माननीय उपायुक्त श्री चंदन कुमार सहित गणमान्य अतिथिगण की गरिमामयी उपस्थिति में सुसंपन्न होगा। स्कूल का रजतवर्ष वार्षिकोत्सव समारोह का मुख्य आकर्षण लघु भारत का दिव्य स्वरूप दिखेगा। स्कूल के होनहार एवं कलाओं से परिपूर्ण विद्यार्थियो द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति होगी। देश के प्रमुख राज्यों के लोकनृत्य, गीत-संगीत, लघु नाटक की मनमोहक प्रस्तुति आकर्षण का केंद्र होगा। 25 वर्षों के लंबे कालखंड के दौरान विद्यालय की उपलब्धि गौरवपूर्ण रहा हैं। यहां से उत्तीर्ण एवं सफल छात्र-छात्राओं सरकारी एवं गैर सरकारी सेवा में योगदान देकर स्कूल का नाम रौशन कर रहे हैं। स्कूल की सबसे बड़ी उपलब्धि है कि यहाँ से पास आउट विद्यार्थी हमारे प्रमुख शिक्षण संस्थानों में योगदान देकर सेवा कार्य करते हुए सफल जीवन यापन कर रहे हैं। स्कूल में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ-साथ संस्कार, शिष्टाचार, अनुशासन, खेलकूद, कंप्यूटर शिक्षा, व्यवसायिक शिक्षा के साथ स्मार्ट क्लास की उत्तम व्यवस्था है। स्कूल में कला, विज्ञान एवं वाणिज्य समेत कला कौशलयुक्त शिक्षा पर विशेष फोकस है। स्कूल का अदभुत बैंड ग्रुप काफी आकर्षक है। इस प्रकार विधिक शैक्षणिक गतिविधियों को संचालित आधुनिक शिक्षा के साथ-साथ तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में भी राधा गोविंद सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल शिक्षा के क्षेत्र में एक अलग पहचान रखता है। स्कूल की स्थापना काल सन् 2000 से लेकर रजत जयंती समारोह सन् 2025 का सफर ऐतिहासिक एवं अभूतपूर्व रहा हैं । विद्यालय से महाविद्यालय और महाविद्यालय से विश्वविद्यालय का सफर गौरवपूर्ण उपलब्धि है। स्कूल की स्थापना वास्तव में शिक्षा के क्षेत्र में मील का पत्थर साबित हुआ है। प्रेसवार्ता में मुख्य रुप से राधा गोविंद शिक्षा स्वस्थ ट्रस्ट के माननीय चेयरमैन श्री बी. एन. साह , सचिव महोदया सुश्री प्रियंका कुमारी, वित्त एवं लेखा पदाधिकारी डॉ संजय कुमार,प्रबंध समिति के सदस्य श्री अजय कुमार, स्कूल के प्राचार्य डॉ सुजीत कुमार मोहंती,आर. जी.यु के प्रति कुलपति महोदया प्रो (डॉ) रश्मि, कुलसचिव प्रो (डॉ.) निर्मल कुमार मंडल, परीक्षा नियंत्रक प्रो (डॉ) अशोक कुमार और डॉ. संजय प्रसाद सिंह मौजूद रहे ।

## गरीबी के मामले में झारखंड के पांच जिलों की स्थिति खराब

**रांची।** राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण (एनएफएचएस) रिपोर्ट 2023 के अनुसार झारखंड में सबसे खराब स्थिति पाकुड़, साहेबगंज, पश्चिमी सिंहभूम, लातेहार और दुमका जिले की है. पाकुड़ जिले की 49.8 प्रतिशत आबादी गरीबी रेखा से नीचे जीवन बसर कर रही है. साहेबगंज में 48.45, पश्चिमी सिंहभूम में 47.81, लातेहार में 41.68, दुमका में 37.99 और देवघर की 37.04 प्रतिशत आबादी गरीबी रेखा से नीचे है.

**इन जिलों में भी हैं वंचित**

चतरा जिले की 37.0, गोड्डा में 36.36, गढ़वा में 35.84, खूंटी में 33.38, पलामू में 32.34, सिमडेगा में 31.41, गुमला में 30.76, गिरिडीह में 30.29, जामताड़ा में 28.97 और कोडरमा में 28.21 प्रतिशत आबादी विभिन्न मापदंडों के आधार पर वंचित श्रेणी में शामिल है. हजारीबाग में 26.10, सरायकेला-खरसावां में 23.16, लोहरदगा में 22.71, रामगढ़ में 18.06, धनबाद में 17.09, रांची में 15.80, बोकारो में 15.28 और पूर्वी सिंहभूम जिले की 15.10 आबादी गरीबी रेखा से नीचे जीवन बसर करने के लिए विवश हैं.

**स्वास्थ्य और शिक्षा में सुधार**

नीति आयोग की एक रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2015-16 में झारखंड में कुपोषण की दर 34.39 प्रतिशत थी, जो 2020-21 में घटकर 23.22 प्रतिशत रह गई. शिशु मृत्यु दर भी 2.74 प्रतिशत से घटकर 1.75 हो गई और मातृत्व स्वास्थ्य की स्थिति में भी सुधार हुआ. शिक्षा के क्षेत्र में भी पिछले पांच वर्षों के कार्यकाल में सुधार देखने को मिला.

# माले का प्रमंडल स्तरीय कार्यकर्ता कन्वेंशन संपन्न

झारखण्ड उजाला, संवाददाता।



रांची। जोहार झारखंड संकल्प अभियान के तत्वावधान पर भाकपा माले का द छोटानागपुर कोल्हान प्रमंडल स्तरीय कार्यकर्ता कन्वेंशन महेन्द्र सिंह भवन में सोमवार को संपन्न हो गया. मुख्य वक्ता के रूप में राज्य सचिव मनोज भक्त शामिल हुए. उन्होंने कहा कि देश संविधान अंगीकार करने की 75वीं वर्षगांठ मना रहा है, पर कॉरपोरेट-फासीवादी मोदी सरकार देश में आरएसएस के हिडेन एजेंडा संविधान बदल कर मनुस्मृति को थोपना चाहती है.कहा कि हाल में आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत के बयान अयोध्या राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा के दिन को भारत की सच्ची आजादी बताकर मोहन भागवत ने भारत के स्वतंत्रता आंदोलन और भारत के संविधान को खारिज करने वाली आरएसएस की परंपरागत लाइन को दोहराया है. साथ ही देश की आजादी के लिए हंसते-हंसते कुर्बान हो गए शहीदों का अपमान भी है. सांप्रदायिक विभाजनकारियों शक्तियों को झारखंड की सत्ता से बाहर रखने के लिए भाकपा माले जनता का आभार प्रकट करते हुए जोहार झारखंड संकल्प यात्रा कर रही है. आभार व्यक्त करने के साथ पेसा कानून 1996 को अक्षरशः लागू करने, खातियान आधारित स्थानिय-नियोजन नीति बनाने, रोजगार के सवाल पर यात्रा का पहला चरण महेन्द्र सिंह शहादत दिवस के समाप्त हुई. दूसरे चरण की यात्रा गणतंत्र दिवस पर संविधान बचाओ मार्च के साथ गांव-गांव यात्रा करते हुए पार्टी संगठन को मजबूत करते हुए और विभिन्न ढांचों के निर्माण के साथ राज्य सम्मेलन 22-24 अप्रैल 2025 तक संचालित की जायेगी. कन्वेशन में सात सदस्यीय अध्यक्ष मंडल में सुशीला तिग्गा, जगमोहन महतो, महेश कुमार सिंह, गजेन्द्र सिंह, रामपलक चौधरी, सुशान्तो मुखर्जी, मेवा लकड़ा हैं. कन्वेंशन को केन्द्रीय कमेटी सदस्य सुभेन्दु सेन, द छोटानागपुर प्रभारी मोहन दत्ता, सामाजिक कार्यकर्ता कुमार बरूण, सुशान्तो मुखर्जी, जगरनाथ उरांव, सुखदेव मुण्डा, किशोर खंडित, एसके राय, गौतम मुंडा, संतोष मुंडा, नंदिता भट्टाचार्य, अलमा खलखो, महेन्द्र जैक्सन, संजना मेहता, गोपालशरण सिंह, भीम साव, सुदामा खलखो, रमेश रवि, अब्दुल रज्जाक, समर सिन्हा, सोहेल अंसारी, ऐति तिर्की, शांति सेन, लखिमनी मुंडा, सिमैला मुंडा, दिलीप मांझी, रामेश्वर मुंडा ने भी संबोधित किया. संचालन जिला सचिव जगमोहन महतो ने किया.

## झारखंड में ट्रैफिक पुलिस का कारनामा, कार मालिक को भेज दिया बिना हेलमेट गाड़ी चलाने का चालान

रांची। झारखंड की राजधानी रांची में ट्रैफिक पुलिस किसी भी ट्रैफिक नियम का उल्लंघन करने पर चालान काट रही है. चालान वाहन मालिकों के मोबाइल पर भेजा जा रहा है. ट्रैफिक पुलिस चालान भेजने में कई बार गलतियां भी कर रही है. गलत चालान मिलने पर वाहन मालिक परेशान हो रहे हैं. काम छोड़कर ऑफिस के चक्कर लगा रहे हैं. ऐसा ही एक मामला ह्यराजधानी भंडार, बाजराह्ल के संचालक सुमित केसरी के साथ हुआ है. सुमित केसरी को ट्रैफिक पुलिस की ओर से 17 जनवरी 2025 को उनके मोबाइल पर एक चालान भेजा गया.

**चालान में बिना हेलमेट दिख रहा स्कूटी चालक**


चालान में फोटो में साफ दिख रहा है कि दो पहिया वाहन है. स्कूटी का चालक बिना हेलमेट पहने स्कूटी चला रहा है. स्कूटी का रजिस्ट्रेशन नंबर झ जेएच 01 एफवी 9415 स्पष्ट दिख रहा है. सुमित केसरी चार पहिया वाहन (कार) के मालिक हैं. कार का रजिस्ट्रेशन नंबर जेएच01एफवी-9475 है. सुमित केसरी का कहना है कि इतने संसाधन के बाद भी ट्रैफिक पुलिस आंख बंद करके काम कर रही है.

**ट्रैफिक एसपी बोले- जल्द दूर होगी समस्या**

ट्रैफिक पुलिस के ऐसे कारनामों की वजह से लोग परेशान हैं. उनका कहना है कि छोटी-छोटी गलती के कारण लोग कई दिन तक परेशान रहते हैं. उधर, ट्रैफिक एसपी कैलाश करमाली ने कहा है कि चालान काटने के लिए मैन पावर बढ़ाया गया है. आने वाले दिनों में इन समस्याओं को दूर कर लिया जाएगा. हाल के दिनों में चालान की संख्या बढ़ी है.

## रांची और गुमला में ले सकेंगे स्काई वॉक का आनंद, बनेंगे 3 ग्लास ब्रिज

झारखण्ड उजाला, संवाददाता।




रांची : झारखंड की राजधानी रांची और गुमला जिले में भी पर्यटक स्काई वॉक का आनंद ले सकेंगे. जी हां, बिहार के राजगीर में बने ग्लास ब्रिज की तर्ज पर झारखंड में भी पर्यटक ग्लास ब्रिज पर स्काई वॉक का मजा ले सकेंगे. मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के निर्देश पर पर्यटन विभाग ने रांची के दशम फॉल और हुंडरू फॉल के अलावा नेतरहाट के मैग्नोलिया प्वाइंट पर ग्लास ब्रिज बनाने का फैसला किया है. इसके लिए जमीन उपलब्ध हो गयी है. पर्यटन विभाग ने राजगीर में स्काई ब्रिज का निर्माण करने वाली परामर्शी कंपनी से संपर्क किया है. परामर्शी को तीनों ही स्थानों पर ग्लास ब्रिज का निर्माण करने के लिए योजना की विस्तृत रिपोर्ट तैयार करने को कहा गया है.

**अभी देश में दो ही ग्लास ब्रिज**

फिलहाल पूरे देश में केवल 2 ही ग्लास ब्रिज हैं. सबसे पहले सिक्किम के पेलिंग में पर्यटकों को स्काई वॉक पर ले जाने के लिए ग्लास ब्रिज बनाया गया था. उसके बाद बिहार के राजगीर में ग्लास ब्रिज का निर्माण कराया गया.

**चीन के एस्ट तैहांग में हुआ था पहले ग्लास ब्रिज का निर्माण**

दुनिया में पहली बार चीन के हेबई प्रांत के एस्ट तैहांग में ग्लास ब्रिज का निर्माण हुआ था. उसी तर्ज पर सिक्किम और राजगीर में भी ग्लास ब्रिज का निर्माण किया गया था. अब पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए झारखंड में भी स्कॉई वॉक शुरू करने के लिए ग्लास ब्रिज के निर्माण का निर्णय लिया गया है.

**पर्यटकों की संभावित संख्या का भी होगा आकलन**

ग्लास ब्रिज निर्माण के लिए विस्तृत प्रोजेक्ट रिपोर्ट बनाने वाली परामर्शी कंपनी दशम फॉल, हुंडरू फॉल और मैग्नोलिया प्वाइंट पर आने वाले पर्यटकों की संभावित संख्या का भी आकलन करेगी. परामर्शी प्रोजेक्ट के साइट की संपूर्ण जानकारी एकत्र करेगी. रिपोर्ट में आवश्यक जमीन का अधिग्रहण, ब्रिज की डिजाइन, सुरक्षा मानकों का ब्योरा, मेंटेनेंस मॉडल जैसी सभी जानकारी समाहित की जाएगी.

## जनप्रतिनिधि किसानों के हितों की रक्षा के लिए हों गंभीर: वित्त मंत्री



रांची। वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर ने कहा है कि जनप्रतिनिधियों को किसानों के हितों की रक्षा एवं कृषि के विकास के प्रति गंभीर होना चाहिए. उन्होंने यह भी कहा कि कृषि के विकास के लिए जनप्रतिनिधियों और संबंधित विभाग के पदाधिकारियों को टीम भावना के साथ काम करना होगा.

**कृषि विकास के लिए सुझाव**

वित्त मंत्री ने आय वृद्धि के लिए किसानों को नकदी फसल उत्पादन पर विशेष ध्यान देने का सुझाव दिया. उन्होंने पशुपालन, मछली पालन एवं बागवानी को बढ़ावा देने पर भी जोर दिया.

**पलामू के किसान मेले में उद्घाटन**

वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर ने पलामू के शिवाजी मैदान में जिला स्तरीय किसान मेला सह प्रदर्शनी के उद्घाटन में बतौर मुख्य अतिथि भाग लिया. उन्होंने किसान मेले में पलामू के जनप्रतिनिधियों की अनुपस्थिति पर सवाल उठाया.

**कृषि योजनाओं की जानकारी**

पलामू के डीडीसी शब्बीर अहमद ने कृषि विकास के लिए हेमंत सोरेन सरकार द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी दी. उन्होंने कहा कि पलामू जिले के किसान कृषि योजनाओं का लाभ उठाकर अपनी आय में बढ़ोतरी कर सकते हैं.

## डीसी ने गणतंत्र दिवस को लेकर की बैठक, दिये निर्देश




रांची। उपायुक्त रांची मंजूनाथ भजंत्री ने सोमवार को समाहरणालय स्थित सभागार में गणतंत्र दिवस समारोह के अवसर पर मोरहाबादी मैदान में विभागीय झांकी प्रदर्शित किये जाने को लकर बैठक की. डीसी ने बैठक में समारोह की तैयारियों की जानकारी लेते हुए कई आवश्यक निर्देश दिये. गणतंत्र समारोह के अवसर पर मोरहाबादी मैदान में महत्वपूर्ण योजनाओं/नीतियों पर आधारित तथा झारखंड की उत्कृष्ट कला, संस्कृति, परम्परा एवं धरोहर को प्रदर्शित करने वाली झांकियों का प्रदर्शन सरकार के कुल 11 विभागों द्वारा किया जा रहा है. उपायुक्त ने विभागों की ओर से झांकी प्रदर्शन से संबंधित बनाये गये नोडल पदाधिकारियों संग बैठक कर कई निर्देश दिये. गणतंत्र दिवस समारोह के अवसर पर प्रदर्शित किये जाने वाले झांकी से संबंधित निर्देश दिये. मौके पर उप विकास आयुक्त रांची, दिनेश कुमार यादव, अपर समाहर्त्ता, रांची, रामनारायण सिंह, जिला परिवहन पदाधिकारी रांची, अखिलेश कुमार, मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी खादी ग्रामोद्योग रांची, जिला जन सम्पर्क पदाधिकारी, रांची, उर्वशी पाण्डेय, जिला शिक्षा पदाधिकारी रांची, जिला शिक्षा अधीक्षक रांची, बादल राज, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी रांची, सुरभि सिंह, जिला कृषि पदाधिकारी रांची, रामशंकर सिंह एवं सम्बंधित सभी पदाधिकारी मौजूद थे.

**झाकियों का प्रदर्शन करने वाले 11 विभाग**

वन पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, ग्रामीण विकास विभाग, गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग, सूचना एवं जन संपर्क विभाग, पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग, स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग, खादी ग्रामोद्योग बोर्ड, परिवहन विभाग एवु महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग.

## संविधान गौरव अभियान: भाजपा करेगी सभी जिलों में गोष्ठी

BJP

रांची। प्रदेश भाजपा द्वारा 15 से 25 जनवरी तक संविधान गौरव अभियान चलाया जा रहा है. इसके तहत विभिन्न जिलों में गोष्ठियों का भी आयोजन किया जा रहा. 19 जनवरी से 24 जनवरी तक विभिन्न जिलों में गोष्ठियां आयोजित की गई हैं. जिसे केंद्रीय मंत्री, प्रदेश अध्यक्ष, प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष एवं प्रदेश के नेता संबोधित करेंगे. इसी क्रम में 20 जनवरी को दुमका में केंद्रीय मंत्री एसपी सिंह बघेल, हजारीबाग में केंद्रीय मंत्री संजय सेठ, लातेहार में विधायक नवीन जायसवाल, रामगढ़ में पूर्व विधायक अनंत ओझा और जामताड़ा में पूर्व विधायक नारायण दास ने गोष्ठी को संबोधित किया.

**ऐसा है कार्यक्रम**

21 जनवरी को धनबाद ग्रामीण जिला के निरसा में पूर्व नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी और लोहरदगा में पूर्व विधायक किशुन दास और अमरदीप यादव संबोधित करेंगे.

22 जनवरी को रांची ग्रामीण जिला की गोष्ठी नामकुम में होगी. जिसमे प्रदेश उपाध्यक्ष राकेश प्रसाद मुख्य वक्ता होंगे. गुमला जिला की गोष्ठी को पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ दिनेशानंद गोस्वामी, सिमडेगा में नीलकंठ सिंह मुंडा, चतरा में डॉ नीरा यादव, पूर्वी सिंहभूम घाटशिला में शशांक राज मुख्य वक्ता होंगे.

23 जनवरी को देवघर जिला की गोष्ठी को प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी संबोधित करेंगे. जबकि केंद्रीय मंत्री कमलेश पासवान धनबाद महानगर जिला की गोष्ठी को झरिया में, पलामू में विधायक सीपी सिंह, सरायकेला खरसावां में मनोज कुमार सिंह संबोधित करेंगे.

24 जनवरी को केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी बोकारो में,पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा और राष्ट्रीय प्रवक्ता गुरुप्रकाश पासवान रांची महानगर, पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास चाईबासा, खूंटी में समीर उरांव, कार्यकारी अध्यक्ष डॉ रविंद्र कुमार राय जमशेदपुर, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अभयकांत प्रसाद गोड्डा में, पूर्व विधायक बिरची नारायण साहेबगंज में और विधायक राज सिन्हा पाकुड़ में कोडरमा में विधायक डॉ मंजू कुमारी गोष्ठी को संबोधित करेंगे.

## सूख कचरा के निस्तारण के लिए शहर में लगेंगे 12 एमआरएफ प्लांट

झारखण्ड उजाला, संवाददाता।



रांची. शहर के घरों से निकलने वाले सूखे कचरे को अब झिरी नहीं ले जाया जायेगा. इसका निस्तारण अब शहर के अंदर ही कर दिया जायेगा. इसके लिए रांची नगर निगम शहर में अलग-अलग जगहों पर 12 एमआरएफ (मेटेरियल रिकवरी फैसिलिटी) प्लांट लगायेगा. प्लांट लगाने पर करीब 29 करोड़ रुपये खर्च होंगे.

**पांच-पांच वार्ड के दायरे में होगा एक प्लांट**

वर्तमान में रांची नगर निगम क्षेत्र में 53 वार्ड हैं. इन 53 वार्डों में से हर पांच वार्ड के दायरे में एक प्लांट का निर्माण किया जायेगा. ताकि, घरों से जो भी सूखा कचरा निकले, वह आसानी से नजदीकी प्लांट तक पहुंच जायेग.

**टेंडर हुआ फाइनल, काम होगा शुरू**

प्लांट लगाने को लेकर टेंडर फाइनल हो गया है. शहर में 12 जगहों पर लगनेवाले प्लांटों में से आठ प्लांट का निर्माण टीपीएस कंपनी द्वारा किया जायेगा. वहीं, चार जगहों पर इसका निर्माण कूड़ा उठाने का कार्य करने वाली कंपनी स्वच्छता कॉरपोरेशन द्वारा किया जायेगा. इन प्लांटों में घरों से निकाल कर जो भी सूखा कचरा मसलन कागज, पेपर, पॉलीथिन, प्लास्टिक, कांच के बोतल व मेटल लाये जायेंगे, उसे मशीन के माध्यम से अलग-अलग किया जायेगा. फिर इसी प्लांट में इसका निस्तारण कर दिया जायेगा. जिन कचरों का निस्तारण एमआरएफ प्लांट में नहीं किया जा सकता है, उसे झिरी के आरडीएफ प्लांट में भेज दिया जायेगा. यहां इससे ईंटें आदि बनायी जायेंगी.

**झिरी का लोड हो जायेगा कम**

वर्तमान में रांची नगर निगम द्वारा घरों से निकलनेवाले कचरे को सीधे झिरी भेज दिया जाता है. लेकिन, शहर के अंदर इन प्लांटों के लग जाने से घरों से निकलने वाले सूखे कचरे का निस्तारण शहर के अंदर ही कर लिया जायेगा. वहीं, सिर्फ गीला कचरा को झिरी भेजा जायेगा. इससे झिरी में भी गीला कचरा के निस्तारण का कार्य आसानी से संभव हो सकेगा.

## 5वीं रांची जिला ताइक्वांडो प्रतियोगिता संपन्न



रांची। रांची ताइक्वांडो एसोसिएशन के तत्वावधान में आयोजित 5वीं रांची जिला ताइक्वांडो चैंपियनशिप पुंदाग स्थित डीएवी आलोक पब्लिक स्कूल में संपन्न हुई. प्रतियोगिता में जिला के विभिन्न ताइक्वांडो क्लब एवं विभिन्न विद्यालयों के 200 प्रतिभागियों ने भाग लिया और अपनी कला का प्रदर्शन किया. विश्वजीत ताइक्वांडो क्लब के प्रतिभागियों को बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रथम स्थान दिया गया. कॉम्बैट ताइक्वांडो क्लब के कोच मास्टर सईद रहमान को दूसरा स्थान और मास्टर मो शहाबुद्दीन के नेतृत्व में पाम इंटरनेशनल स्कूल व रेजिडेंसी क्लब को तीसरे स्थान का खिताब दिया गया. प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि के रुप में पूर्व डिप्टी मेयर अजयनाथ शहदेव, विशिष्ट अतिथि डीएवी आलोक स्कूल के प्रधान अध्यापक डॉ अशोक कुमार एवं समाजसेवी तौहीद आलम उपस्थित थे. सभी ने बच्चों को उनके बेहतर प्रदर्शन और उपलब्धि पर बधाई दिया एवं भविष्य में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर होने वाले प्रतियोगिताओं में देश के लिए स्वर्ण पदक जीतने की ओर प्रेरित किया. टूनामेंट को सफल बनाने में ताइक्वांडो कोच एवं कार्यकारिणी समिति के महासचिव मास्टर सैयद फारूक इकबाल, रांची ताइक्वांडो एसोसिएशन के कार्यकारिणी सदस्य मास्टर मो शहाबुद्दीन, आयोजन समिति के अध्यक्ष सीफु विश्वजीत, इस्माइल लखन उरांव, नितेश कुमार, रविराज, असफाक अंसारी, फरहान, ज्ञानी महतो, कुमकुम कुमारी, अरहान आलम, शिवानी कुमारी, आकाश, अंजु कुमारी, अलीना दानिश, अक्षना, वंशिका, रिधिमा, आदितिश्री, शशांक, जुनैद अंसारी, मनजीत सिंह, संजय कच्छप एवं ताइक्वांडो प्रतियोगिता के निर्णायक समिति के सभी रेफरी एवं जजों की अहम भुमिका रही.

# रांची में राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव, डॉ रामदयाल मुंडा जनजातीय शोध संस्थान करेगा आयोजन

झारखण्ड उजाला, संवाददाता।



रांची: झारखंड की राजधानी रांची में जुलाई 2025 में राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव (National Film Festival) का आयोजन होगा. कार्यक्रम का आयोजन डॉ रामदयाल मुंडा जनजातीय शोध संस्थान (टीआरआई) रांची द्वारा किया जायेगा. इसकी तैयारी अभी से शुरू कर दी गयी है. इसमें देश भर के 28 जनजातीय शोध संस्थानों की फिल्में प्रदर्शित की जायेंगी. इसके अलावा ओपेन कॉल इंट्री के जरिये भी निमार्ता-निर्देशक अपनी फिल्में प्रदर्शित कर पायेंगे. फिल्में अलग-अलग 5 कैटेगरी (फीचर लेंथ फिक्शन, डॉक्युमेंट्री, शॉर्ट डॉक्युमेंट्री, एनिमेशन और न्यू मीडिया (मोबाइल से शूट होनेवाली फिल्में) में प्रदर्शित होंगी.

**क्या है नेशनल फिल्म फेस्टिवल की थीम**

संस्थान ने कहा है कि नेशनल फिल्म फेस्टिवल की थीम ह्यआदिवासी समाज से जुड़े मुद्दे, पहचान, संघर्ष, सशक्तीकरण, कला, सौंदर्य, प्रकृति के साथ संबंध, उनका पारंपरिक नॉलेज सिस्टम तथा आदिवासी समुदाय से जुड़े महान व्यक्तित्व होगी. सभी कैटेगरी में ज्यूरी द्वारा चयनित फिल्मों को अवॉर्ड भी दिया जायेगा.

**आदिवासी और गैर-आदिवासी दोनों फिल्मकार ले सकेंगे भाग**

फेस्टिवल में आदिवासी व गैर-आदिवासी दोनों फिल्मकार भाग ले सकेंगे. पहली बार रांची में राष्ट्रीय स्तर पर फिल्म फेस्टिवल का आयोजन होगा. इसमें देश के कई राज्यों के फिल्म निमार्ता, निर्देशक, कलाकार व संगीतकारों का जुटान होगा. इस दौरान रांचीवासियों को आदिवासी मुद्दों पर बनी देश की बेहतरीन फिल्में देखने का अवसर मिलेगा. इसके अलावा इस फिल्म फेस्टिवल जरिये आदिवासी मुद्दों के प्रति समझ बढ़ाने की भी कोशिश होगी.

**मई-जून में साहित्य कार्यशाला होगी**

फिल्म फेस्टिवल से पहले जनजातीय शोध संस्थान में इसी वर्ष मई-जून में साहित्य कार्यशाला का भी आयोजन होगा. इस कार्यशाला में आदिवासी लेखक, फिक्शन राइटर, कवि व साहित्यकार शामिल होंगे. साहित्य की विभिन्न विधाओं में परिचर्चा के अलावा, किताबों का लोकार्पण भी किया जायेगा. कार्यशाला में प्रतिष्ठित और नामचीन साहित्यकार शामिल होंगे, तो नवोदित लेखकों-साहित्यकारों को भी प्लेटफॉर्म उपलब्ध कराया जाएगा. फिल्म फेस्टिवल और साहित्य कार्यशाला दोनों ही आयोजन संस्थान के महत्वाकांक्षी कार्यक्रम हैं.

## सीबीआई ने बीसीसीएल के क्लर्क को रिश्वत लेते रंगे हाथ पकड़ा



रांची। सीबीआई ने बीसीसीएल के क्लर्क प्रणय सरकार को 14 हजार रुपये रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया है. यह गिरफ्तारी धनबाद के कोयला भवन से हुई है. प्रणय बीसीसीएल के स्थापना डिपार्टमेंट में क्लर्क हैं. उन पर आरोप है कि उन्होंने पीएफ की राशि ट्रांसफर करने के एवज में रिश्वत की मांग की थी. सीबीआई ने शिकायत मिलने के बाद सोमवार को कार्रवाई की और उन्हें गिरफ्तार कर लिया.

## झामुमो सुप्रीमो शिबू सोरेन ने किया मचान मिथिला पंचांग का लोकार्पण

रांची। मिथिलांचलवासिओं की समाजिक-सांस्कृतिक संस्था ह्लह्लमचान उत्कर्ष फाउंडेशनह्लह्ल द्वारा प्रकाशित मिथिला पंचांग 2025 का लोकार्पण झामुमो सुप्रीमो शिबू सोरेन ने किया. उन्होंने राज्य में प्रवास कर रहे मिथिलांचवासियों को नए वर्ष की शुभकामनाएं दी. संस्था के अध्यक्ष भारतेन्दु झा ने दिशोम गुरु का अभिनंदन मिथिला के पारंपरिक पाग एवं दोपटा से किया. मिथिला पेंटिंग भी प्रदान की. भारतेंदु झा ने उन्हें बताया कि मचान ह्यसर्वभाषा उन्नयनह्व की भावना से कार्य करने वाली संस्था है जो भाषाओं के संवर्धन एवं विकास के लिए प्रतिबद्ध है.

**पंचाग में मिथिला के महान विभूतियों के चित्र भी**

पंचाग में जिन मिथिला विभूतियों के छाया चित्र प्रकाशित कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए हैं, उनमें मैथिली कवि विद्यापति ,मिथिला स्वर कोकिला पद्मभूषण सम्मानित स्वर्गीय शारदा सिन्हा , जगत जननी मां जानकी के प्राकट्य स्थल पूनौरा धाम के विकास के लिए आजीवन सक्रिय पूर्व सांसद स्वर्गीय प्रभात झा , ख्यातिप्राप्त शिक्षाविद, देवघर बाबा धाम के पूर्व ट्रस्टी एवं राजनीतिज्ञ स्वर्गीय कृष्णानंद झा , कुशल शिक्षा प्रशासक स्वर्गीय पशुपति झा एवं समाजसेवी स्वर्गीय तारकान्त ठाकुर के चित्र शामिल हैं.

**व्रत, त्योहार एवं महापुरुषो की जयंती की जानकारी**

पंचांग में विशेष वर्ष भर के व्रत, त्योहार एवं महापुरुषो की जयंती की जानकारी दी गयी है. मिथिलांचलवासी इस पंचाग से विवाह, द्विरागमन, मुण्डन, उपनयन, गृहारम्भ, गृहप्रवेश, एकादशी व्रतोद्यापन, भदवा (पंचक) इत्यादि की जानकारियां प्राप्त कर सकते हैं.

# विद्यालय एवं कॉलेज में सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान कार्यक्रम चलाया गया

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

**साहिबगंज(उजाला)।** सड़क सुरक्षा माहझ 2025 के उपलक्ष में सोमवार को साहिबगंज जिले के सभी प्रमुख विद्यालयों में सड़क सुरक्षा स्कूल/कॉलेज जागरूकता अभियान के तहत कार्यक्रम किया गया एवं सड़क सुरक्षा पैदल रैली का आयोजन किया गया।सड़क सुरक्षा के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से साहिबगंज जिले में राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माहझ 2025 का आयोजन किया गया है।साहिबगंज जिले के प्रमुख विद्यालय, कॉलेज में सड़क सुरक्षा को लेकर क्विज प्रतियोगिता, ड्राइंग प्रतियोगिता एवं निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। बोरियो प्रखंड के राजकीयकृत प्लस टू उच्च विद्यालय में सड़क सुरक्षा स्कूल जागरूकता कार्यक्रम के साथ पैदल रैली बोरियो प्रखंड में निकला गया।सभी विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा को लेकर जानकारी दी गई साथ ही सड़क सुरक्षा का सपथ दिलाया गया। सभी बच्चों को यह हिदायत दी गई की सड़क सुरक्षा मानकों का पालन करें स्कूल आते समय आपके परिजनों को हेलमेट सीट बेल्ट लगाने को निश्चित तौर से कहे, अपने परिजनों को नशे की हालत में वाहन ना चलाने को कहे। साथी स्कूल बस अथवा टोटो ऑटो में विद्यालय आते समय अपने हाथ पांव या सर को वाहन के बाहर ना करें सुरक्षा नियमों का पालन करें एक आदर्श जागरुक एवं नेक विद्यार्थी बनकर देश का भविष्य बने। साथ ही चित्रकला प्रतियोगिता, क्विज एवं निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया एवं विजेताओं को पुरुस्कृत किया गया।इस मौके पर जिला सड़क सुरक्षा प्रबंधक नीरज कुमार साह, सड़क सुरक्षा योद्धा समाज सेवी ओम प्रकाश पंडित, बोरियो थाना प्रभारी एवं अन्य पुलिस पदाधिकारी के साथ रोड इंजीनियर एनालिस्ट अनुज पराशर, आईटी सहायक राजहंस एवं विद्यालय के शिक्षक मौजूद रहे।




## सकरोगढ़ चैती दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष बने सुनील झा



**साहिबगंज(उजाला)।** नगर के चैती दुर्गा मंदिर समीप हनुमान मंदिर के प्रांगण में आगामी चैती दुर्गा पूजा धूमधाम से मनाने को लेकर बैठक किया गया।बैठक में भव्य पूजा मनाने को लेकर कई लोगों ने अपने अपने विचार प्रकट किया।वही पूजा को लेकर एक कमिटी का गठन भी किया गया।जिसमें अध्यक्ष सुनील झा, उपाध्यक्ष गोपाल यादव,सचिव विजय कुमार सिंह,उप सचिव ऋषि कुमार चिंटू,कोषाध्यक्ष कुणाल चौधरी,उप कोषाध्यक्ष अभिषेक झा,पूजा प्रभारी मुन्ना तांती एवं ऋतिक सिंह,पूजा महाप्रबंधक नवल किशोर मंडल,पूजा संरक्षक हेमंत तांती एवं ओम जायसवाल,सोशल मीडिया प्रभारी आर्यन एवं लाइसेंस प्रभारी देवव्रत सिंह को बनाया गया।वही युवा शक्ति के रूप में विवेक मंडल,अभिषेक मंडल,तनप्रीत सिंह, अंमत कुमार ठाकुर,मुकेश पासवान,दिनेश पासवान,मनीष सिंह,मनीष यादव,प्रेम मोदी, करण,सन्नी,यश,बिट्टू,राजीव रंजन यादव एवं पीयूष श्रीवास्तव का चयन किया गया।

## श्रीधर में विधिक सेवा प्राधिकार के तहत स्कूल छात्राओं को दी गई कानूनी जानकारी

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

**उधवा/साहिबगंज (उजाला)।** उधवा प्रखंड क्षेत्र के श्रीधर में विधिक सेवा प्राधिकार रांची के निदेर्शानुसार सोमवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकार साहिबगंज के प्रधान जिला सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष श्री अखिल कुमार के निर्देशन में विधिक जागरूकता कार्यक्रम चलाया जा रहा है।जिला के सभी प्रखंडों में डोर टू डोर विधिक जागरूकता अभियान चलाया जाएगा । इस दौरान सोमवार को प्रखंड क्षेत्र के श्रीधर पंचायत अंतर्गत काशीमणीरामपुर राजकीय मध्य विद्यालय एवं स्वामी विवेकानन्द उच्च विद्यालय में विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।इस दौरान विधिक सेवा प्राधिकार पीएलवी सुचित्रा सरकार ने विभिन्न प्रकार की कानूनी जानकारी दी। उन्होंने छात्र व छात्राओं को चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 , 15100 पोक्सो **एक्ट, मानव तस्करी,दहेज प्रताड़ना** बाल विवाह सहित अन्य के बारे जानकारी दी। इसके अलावा डालसा के ओर प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों में कानूनी जागरूकता अभियान चलाया गया।आपको बता दें विधिक जागरूकता कार्यक्रम डालसा के तहत 90 दिनों तक जिला के सभी प्रखंडों में की कानूनी जन जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। मौके पर पीएलवी रूपेश्वर सरकार,शिक्षक गौरचन्द्र मंडल,मध्य विद्यालय के सत्यवान मंडल सहित दर्जनों छात्र छात्राएं उपस्थित थे।



# जिला स्तरीय युवा आदान-प्रदान पांच दिवसीय कार्यक्रम चौथे दिन भी जारी रहा

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

**साहिबगंज(उजाला)।** माय भारत,नेहरू युवा केंद्र साहिबगंज की ओर से आयोजित पंच दिवसीय अंतर जिला युवा आदान प्रदान कार्यक्रम चौथे दिन भी अभियान प्रशिक्षण केंद्र में जारी रहा।इस कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को शिक्षा, रोजगार और व्यक्तिगत विकास के अवसर प्रदान करना है। कार्यक्रम में चौथे दिन सभी प्रतिभागियों को साहेबगंज जिले के ऐतिहासिक भ्रमण कराया गया जिसमें उधवा प्रखंड के पतौरा झील ,राजमहल के जामा मस्जिद, बारादरी, कन्हैयाथन और तालझरी प्रखंड के मोतीझरना का भ्रमण कराया गया। इस कार्यक्रम में भ्रमण के दौरान नेहरू युवा केंद्र साहेबगंज के जिला युवा अधिकारी शुभम चंद्रन के साथ कार्यक्रम लेखा सहायक साहिबगंज के अनिल कुमार ने किया। नेहरू युवा केंद्र साहिबगंज के जिला युवा अधिकारी शुभम चंद्रन ने बताया कि इस कार्यक्रम में पांच दिनों तक शैक्षणिक सत्र, कार्यशाला, खेल और क्षेत्र भ्रमण जैसे कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम युवाओं को अपने जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए एक मंच प्रदान करता है।इस कार्यक्रम में हजारीबाग जिले से आए कुल 26 प्रतिभागी भाग ले रहे हैं जिसमें महेश,कोमल, डॉली, रूही, तेजवंत, नोमान, शाहबाज, आकाश, निशु, संजना , जया, उपेंद्र, राहुल, लक्ष्मी, सुधांशु, सचिन, छोटेलाल, नीलेश, संदीप, रवि, आकांक्षा, इशिता, अजय, नीतीश, हिमांशु उपस्थित थे।




## उपायुक्त हेमंत सती की अध्यक्षता में विभिन्न विभागों के 12 प्रस्तावों को स्वीकृति



**साहिबगंज(उजाला)।** उपायुक्त हेमंत सती की अध्यक्षता में कार्यालय प्रकोष्ठ में जिला स्थापना समिति और जिला शिक्षा स्थापना समिति की बैठक आयोजित की गई।बैठक में शिक्षा, स्वास्थ्य, प्रशासन और विकास कार्यों से संबंधित विभिन्न विभागों के 12 प्रस्तावों पर चर्चा हुई, जिन्हें उपायुक्त ने स्वीकृति प्रदान की एवं आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया।मौके पर उप विकास आयुक्त सतीश चंद्रा, अपर समाहर्ता गौतम भगत, अनुमंडल पदाधिकारी अंगार नाथ स्वर्णकार, जिला आपूर्ति पदाधिकारी झुनू कुमार मिश्रा, जिला शिक्षा अधीक्षक कुमार हर्ष, उपस्थित थे।

# शालिग्राम मंडल हत्याकांड मामले का हुआ खुलासा 4 गिरफ्तार, एसपी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस दी विस्तृत जानकारी

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

**साहिबगंज(उजाला)।** सोमवार को जिला पुलिस कप्तान अमित कुमार सिंह ने पुलिस लाईन स्थित अपने कार्यालय में मीडिया को संबोधित करते हुए बताया कि बीते 2 दिसंबर को राजमहल थाना क्षेत्र के शालिग्राम मंडल जो कि एक व्यवसाई थे।वह तीनपहाड़ थाना क्षेत्र में कलेक्शन कर लौटने के दरम्यान अज्ञात अपराधियों ने गोली मार कर हत्या कर दी थी।मामले में अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु एस आई टी टीम का गठन कर लगातार छापेमारी की जा रही थी।वही कांड में संलिप्त चार अभियुक्तों को गिरफ्तार करने में एस आई टी टीम ने सफलता हासिल की है।छापामारी दल ने ना सिर्फ अपराधकर्मियों को गिरफ्तार किया है।बल्कि कांड में प्रयुक्त एक देशी कट्टा,व कांड में प्रयुक्त एक मोटरसाइकिल की भी जब्त किया है,साथ ही चार मोबाईल फो एमएमन भी बरामद किए है।मामले की विस्तृत जानकारी देते हुए एसपी ने कहा कि गिरफ्तार अभियुक्तों में इम्तियाज अंसारी पिता स्वर्गीय आजाद मोमिन रंगा थाना क्षेत्र के ग्राम तलबड़िया निवासी26 वर्षीय,सकल सोरेन पिता दीवान सोरेन तीनपहाड़ थाना क्षेत्र के ग्राम दुगार्पुर निवासी 35 वर्षीय,लखन टुडू पिता मांझी टुडू तालझारी थाना क्षेत्र के दुगार्पुर निवासी 36 वर्षीय, व ठाकुर सोरेन पिता स्वर्गीय बाबूजी सोरेन तीनपहाड़ थाना क्षेत्र के ग्राम वृन्दावन निवासी 30 वर्षीय शामिल है।उन्होंने आगे बताया कि सभी गिरफ्तार अभियुक्त का पूर्व से ही अपराधिक इतिहास रहा है और इन्होंने गिरफ्तारी के बाद पूर्व में रांगा थाना क्षेत्र में 1 लाख 44 हजार लूट की घटना को अंजाम देने की बात स्वीकार की है।जिसका कांड संख्या 110/24 रांगा थाना में दर्ज है।वही छापामारी टीम में राजमहल एसडीपीओ विमलेश कुमार त्रिपाठी, बरहरवा एसडीपीओ नितिन खंडेलवाल, प्रशिक्षु डीएसपी रूपक कुमार सिंह, राजमहल इंस्पेक्टर श्यामलाल हांसदा, तीनपहाड़ थाना प्रभारी रोहित कुमार, बरहेट थाना प्रभारी पवन कुमार, बरहरवा थाना प्रभारी सुमित कुमार सिंह, राजमहल थाना प्रभारी मो गुलाम सरवर, बरहरवा एसआई गुलशन कुमार व तकनीकी शाखा से अभिषेक कुमार व सशस्त्र बल शामिल थे।



**गिरफ्तार बदमाश**

1-इंताज अंसारी (26), तलबड़िया, रांगा थाना
2-सकल सोरेन(35), दुगार्पुर थाना, तीनपहाड़
3-लखन टूडू(36) बड़ा दुगार्पुर तालझारी
4-ठाकुर सोरेन(32), वृंदावन, सड़क टोला, तीनपहाड़

**जब्ती**

1-देसी कट्टा-1
2-इंताज से बरामद बाइक जेएच 18जे5513
3-सकल सोरेन के पास से बरामद बाइक
4-ठाकुर सोरेन से बरामद बाइक
5-3 मोबाइल फोन

आपराधिक इतिहास

**सकल सोरेन**

1-रांगा थाना कांड संख्या 89/15, 86/15, 124/19, लिट्टीपाड़ा थाना कांड संख्या 51/20, अमड़ापाड़ा थाना कांड संख्या 45/20, रांगा थाना कांड संख्या 16/20, पाकुड़ मुफस्सिल 20/18, 138/16, बोरियो थाना कांड संख्या 255/20, बरहेट थाना कांड संख्या 84/20, रांगा थाना कांड संख्या 82/20

**लखन टूडू**

रांगा थाना कांड संख्या 89/15, 86/15

**ठाकुर सोरेन**

बोरियो थाना कांड संख्या 334/20, लिट्टीपाड़ा कांड संख्या 51/20, अमड़ापाड़ा थाना 45/20, रांगा 124/20, बोरियो थाना 255/20, बरहेट थाना 84/20, रांगा थाना 82/20

## तीनपहाड़ नीमगाछी गांव के एक वृद्ध व्यक्ति का रेलवे लाइन में काटने से हुई मौत



**तीनपहाड़/साहिबगंज(उजाला)।** मालदा रेल डिवीजन अंतर्गत बरहरवा-साहिबगंज रेलखंड के बीच तीनपहाड़ रेलवे स्टेशन के समीप बीच रेलवे लाइन पर सोमवार के दिन एक 50 वर्षीय वृद्ध की ट्रेन की चपेट में आने से हुई मौत। वृद्ध व्यक्ति की पहचान तीनपहाड़ थाना क्षेत्र के निमगाछि गांव निवासी उज्ज्वल दास के रूप में हुई है। पुलिस सूत्रों के अनुसार बताया गया कि वृद्ध व्यक्ति का दिमागी संतुलन ठीक नहीं था। घटना की सूचना मिलते ही तीनपहाड़ थाना के एसआई बिनु उरांव व अन्य पुलिस बल घटनास्थल पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अनुमंडलीय अस्पताल राजमहल भेज दिया गया।

## जिल सम्मेलन को सफल बनाने को लेकर संघ के केंद्रीय महामंत्री राजकुमार यादव लगातार जिले के विभिन्न प्रखंडों में कर रहे हैं बैठक



**साहिबगंज(उजाला)।** झारखंड मजदूर संघ जिल सम्मेलन को सफल बनाने को लेकर संघ के केंद्रीय महामंत्री राजकुमार यादव लगातार जिले के विभिन्न प्रखंडों में बैठक कर रहे है।वहीं प्रखंड सह अंचल कार्यालय बोरियों के समक्ष झारखंड मजदूर संघ (प्रजातांत्रिक) प्रखंड कमेटी गठन को लेकर मनोज मुर्मू की अध्यक्षता में बैठक किया गया।इस बैठक में मुख्य रूप से केंद्रीय महामंत्री राजकुमार यादव मौजूद रहे।बैठक में केंद्र महामंत्री राजकुमार यादव ने कहा कि साहिबगंज जिले में बेरोजगारी भुखमरी पलायन जैसी विकराल समस्या है ऐसी समस्याओं से निजात दिलाने के लिए स्थानीय मजदूरों में एकता असंगठित क्षेत्र के मजदूरों का हक और अधिकार की रक्षा करना संघ का उद्देश्य है।बैठक में प्रखंड स्तरीय कमिटी की घोषणा की गई।जिसमे प्रखंड अध्यक्ष सोमाय मरांडी,कार्यकारी अध्यक्ष सुंदर पहाड़िया,उपाध्यक्ष आशुतोष सोरेन,मृत्युंजय रुज,महामंत्री मनोज मुर्मू,संयुक्त मंत्री अविनाश मुर्मू,सहायक मंत्री बीरेंद्र हंसदा,मेसा पहाड़िया कार्यालय मंत्री फिल्फ बासकी,कोषाध्यक्ष पिनाकी सेन,संगठन मंत्री रसका चौड़े,सदस्य मनिंद्र हंसदा,छोटा बबलु पहाड़िया,रमा पहाड़िया को बनाया गया।बैठक में फुल कुमारी,महेंद्र ठाकुर,मनोज सोरेन सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## झामुमो ने की सदस्यता अभियान की शुरूआत, संगठन से जन जन को जोड़ने का है लक्ष्य

**झामुमो केंद्रीय नेतृत्व के निदेर्शानुसार आज दिनांक 20-01-2025 को झामुमो रांची जिला द्वारा रांची के अल्बर्ट एक्का चौक के समीप ह्ल सदस्यता अभियान ह्व की शुरूआत कर नए सदस्यों को पार्टी से जोड़ा गया। सदस्यता अभियान कार्यक्रम मे मुख्य रूप से झामुमो के केंद्रीय महासचिव सह प्रवक्ता श्री सुप्रियो भट्टाचार्य एवं वरिष्ठ नेतागण शामिल हुए। सदस्यता अभियान कार्यक्रम झामुमो रांची जिला संयोजक मंडली के संयोजक प्रमुख मुस्ताक आलम जी के नेतृत्व मे चलाया गया।**

**राँची ।** राँची कइस अवसर पर पार्टी के केंद्रीय महासचिव सह प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा जिस प्रकार झारखंड के लोगों के आकांक्षाओं और आवश्यकताओं के साथ हमे ये प्रचंड बहुमत प्राप्त हुआ है, जिसे और भी व्यापक स्वरूप देने के लिए हमलोग प्रतिबद्ध हैं। आज झामुमो रांची जिला के द्वारा सदस्यता अभियान चलाया जा रहा है और काफी संख्या मे लोग पार्टी से जुड़ रहे हैं। इसके बाद पार्टी कार्यकताओं के द्वारा महानगर के वार्डों और प्रखंड व पंचायतों मे सदस्यता अभियान चलाया जाएगा। जिस प्रकार से लोगों मे पार्टी में जुड़ने का उत्साह है हमे लगता है कि रांची जिला अपने 5 लाख नए सदस्य का लक्ष्य और पूरे राज्य में 50 लाख से भी ज्यादा नए सदस्य बनाने के लक्ष्य को हम जरूर पूरा करेंगे।

झामुमो रांची जिला संयोजक मंडली के संयोजक प्रमुख मुस्ताक आलम ने कहा आज हमलोग झामुमो रांची जिला के तत्वावधान मे यहां सदस्यता अभियान की शुरूआत कर रहे हैं। जैसा कि आपको पता है हमारे पार्टी के अधिवेशन से पहले सदस्य बनाने का एक लक्ष्य रहता है और जल्द ही पार्टी का अधिवेशन होने वाला है। इसी क्रम मे रांची जिला का भी नए सदस्य बनाने का लक्ष्य है। आज के हमारे सदस्यता अभियान मे यहां अल्बर्ट एक्का चौक रांची मे अबतक 1200 सौ नए सदस्य बन चुके हैं, जो कि हमारे रांची जिला के लिए उपलब्धि है। पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष दिशोम गुरु श्री शिबू सोरेन जी के मार्गदर्शन और कार्यकारी अध्यक्ष सह मुख्यमंत्री श्री हेमंत सोरेन जी के कार्यों से प्रभावित होकर लगातार लोग पार्टी से जुड़ रहे हैं। सरकार की योजनाओं से भी विशेष रूप से महिलाएं प्रभावित हैं और पार्टी से जुड़ रही हैं।

झामुमो रांची जिला के सदस्यता अभियान मे पार्टी के वरिष्ठ नेतागण और कार्यकताओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया और 1200 नए सदस्य बनाए। पार्टी कार्यकताओं ने सदस्यता अभियान को सफल बनाने के लिए पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष दिशोम गुरु शिबू सोरेन के संघर्षों व पार्टी के नीति सिद्धांतों से लोगों को अवगत कराया साथ ही झामुमो के कार्यकारी अध्यक्ष सह मुख्यमंत्री श्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व मे राज्य सरकार द्वारा संचालित अनेकों जनकल्याणकारी योजनाओं को जन जन तक पहुंचाकर लोगों को लाभ लेने के लिए भी जागरूक किया और पार्टी से जुडकर झारखंडी जनमानस के हक अधिकार को सुनिश्चित कर राज्य के विकास मे भागीदार बनने के लिए लोगों को प्रेरित किया।

सदस्यता अभियान को सफल बनाने मे मुख्य रूप से पार्टी के केंद्रीय पदाधिकारीगण, केन्द्रीय सदस्य, संयोजक मंडली के सदस्य साथ ही रांची महानगर के जीत गुप्ता, अजीत नायक एवं सभी स्तर के नेता और कार्यकताओं का महत्वपूर्ण योगदान रहा। कार्यक्रम मे मुख्य रूप से केंद्रीय सदस्य समनूर मंसूरी, पवन जेडीया, रांची जिला के संयोजक मंडली के सदस्य अश्विनी शर्मा, डॉ हेमलाल मेहता, बीरू तिर्की, नयनतारा उरांव, धर्मेंद्र सिंह, संध्या गुड़िया, जयवंत तिग्गा, झब्बूलाल महतो, सोनू मुंडा, जनक नायक, बीरू साहू, कलाम आजाद, संजय राय, कुदूस अंसारी, आदिल इमाम, फरीद खान, डॉ तालकेश्वर महतो, महावीर विश्वकर्मा, मंटू लाला, अरुण वर्मा, अफरोज अंसारी, विश्वजीत भट्टाचार्य, आशुतोष वर्मा, अशोक लोहरा, विलयम रिचर्ड लकड़ा, सुजीत कुजूर, परवेज आलम, प्रदीप मिर्धा, शांति तिर्की, अनिमा एक्का, अंशु लकड़ा, सज्जाद अंसारी, मो निजाम, आरिज खान, अशोक मुंडा, लालजी रमण, सुनील साहू, विक्रम सिंह, बबलू राम, सबीबुल रहमान, नवीन तिर्की, लीना वर्मा, अख्तरी रहमान, अंजलि अंजना, विश्वजीत गोप, मनीष राणा, अजीत लकड़ा, मो साजिद, महताब आलम, भोलू मलिक, राकेश, अकबर कुरैशी, अब्दुल्ला हबीब, आजाद रजा, इरफान, विनोद तिर्की, साहिल हबीब, सुकरमनी देवी, सरस्वती देवी, विजय रविदास, परवेज, नीतू लिंडा, राजेश सिंह, अवधेश यादव, मोजाहिद हुसैन, अजीजुल रहमान, मोजाहिद, अरुण तिर्की, लक्ष्मण राम, मो सन्नी, मो मजहर, मो नेसार, मुस्लिम अंसारी, मो , राजेश, नंदकिशोर सिंह चंदेल, ओमकार राय, अतिकुर रहमान, कासिफ रजा, हसनैन मुजीबी, अख्तर मंसूरी मो नौशाद, नीरज भूषण, राजकुमारी टोपनो, आयुष वर्मा, कुलदीपक कुमार, ललित लिंडा, रवि, अख्तर मंसूरी, रवि टोप्पो, रवि एवं सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल हुए।

# प्राइवेट स्कूल्स एसोसिएशन का स्थापना दिवस मनाया गया




**दीपक कुमार, झारखंड उजाला संवाददाता**

**हुसैनाबाद, पलामू।** प्राइवेट स्कूल्स एसोसिएशन झारखंड की हुसैनाबाद इकाई द्वारा स्थानीय समता स्कूल में एसोसिएशन का 8 वां स्थापना दिवस मनाया गया. कार्यक्रम की अध्यक्षता व संचालन डॉ जीतेन्द्र प्रसाद ने की.शुरूआत सरस्वती के समक्ष दीप जलाकर की गयी.कार्यक्रम में सर्वोदय विद्या भारती, ज्ञानोदय पब्लिक स्कूल, राज पब्लिक स्कूल,सनशाइन प्ले स्कूल, समता स्कूल, श्री माँ बाल विकास विद्यालय, लक्ष्मी शिशु वाटिका प्ले स्कूल, सक्सेस पब्लिक स्कूल, ब्राइट लैंड पब्लिक स्कूल, स्वामी विवेकानंद स्कूल, शिशु विद्यालय इंटवा आदि के निदेशक शामिल हुये. कार्यक्रम में सभी लोगों ने क्षेत्र में स्वच्छ शैक्षणिक माहौल की दिशा की दिशा में बेहतर करने की बात कही.अगले बैठक में आगे की रणनीति पर विस्तृत विचार विमर्श की जाएगी. उपस्थित लोगों ने एसोसिएशन को सशक्त बनाने के प्रति प्रतिबद्धता दोहरायी.मौके पर मुख्य रूप से प्रो शीला सिंहा,डॉ निरंजन प्रसाद, राज कुमार, मनोज कुमार प्रजापति, डॉ अक्षय कुमार चौहान, कृष्णा उर्फ कुंदन तिवारी, जयराम राम,मो नासिर, शषिकेश कश्यप, आशीष कुमार, दशरथ कुमार आदि मौजूद थे.

# डीडीसी ने मनरेगा, 15 वें वित आयोग एवं स्वच्छ भारत मिशन व अन्य योजनाओं का किया समीक्षा

**यासिर अराफात @झारखण्ड उजाला ब्यूरो**

**पाकुड़ :** सोमवार को डीआरडीए सभागार में उप विकास आयुक्त महेश कुमार संथालिया की अध्यक्षता में मनरेगा, 15 वें वित्त एवं स्वच्छ भारत मिशन, ग्रामीण फेज 2 की समीक्षात्मक बैठक की। बैठक में उप विकास आयुक्त महेश कुमार संथालिया ने स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण फेज 2 के तहत ओडीएफ संतृप्त तरल कचरा प्रबंधन, ठोस कचरा प्रबंधन, प्लास्टिक कचरा प्रबंधन, गोबर गैस संयंत्र इत्यादि के बारे में गहन समीक्षा की गई। उप विकास आयुक्त ने कहा कि ओडीएफ के तहत सभी अबुआ आवास लाभुकों का शौचालय के निर्माण हेतु सर्वे करने का निर्देश दिया।




स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के जिला समन्वयक सुमन मिश्रा द्वारा बताया गया कि चापानल में 84 प्रतिशत सॉकपीट तथा नाला के अंत में 23 प्रतिशत सोख्ता का निर्माण का लक्ष्य प्राप्त कर लिया गया।

उप विकास आयुक्त ने कहा कि सभी चापानल, जलमीनार एवं नाली के तरल प्रबंधन हेतु सोख्ता निर्माण शत प्रतिशत करने का निर्देश दिया गया। साथ ही छूटे हुए 172 गांव में मनरेगा एवं 15 वें वित्त के अभिसरण से सोख्ता निर्माण करवाने का निर्देश दिया गया। उप विकास आयुक्त द्वारा सभी बीडीओ, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल के सहायक अभियंता को संयुक्त रूप से बड़ी नालियों में बनने वाले सोख्ता का प्रस्ताव एक सप्ताह के अंदर मांग की गई। वहीं एसबीएम द्वारा बनाए गए कचरा प्रबंधन स्थल पर जेएसएलपीएस को सात दिनों के अंदर कचरा प्रबंधन हेतु कार्ययोजना तैयार करने का निर्देश दिया गया। उप विकास आयुक्त ने सभी आंगनबाड़ी केंद्र एवं सभी विद्यालयों में भस्मक निर्माण कराने का निर्देश दिया। मौके पर जिला पंचायत राज पदाधिकारी प्रीतिलता मुर्मू, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, परियोजना पदाधिकारी मोतिउर रहमान एवं सभी प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी, डीपीएम ई-पंचायत आनंद प्रकाश, जिला समन्वयक (एसबीएम- ग्रामीण) सुमन मिश्रा समेत अन्य उपस्थित थे।

# वेंडिंग जोन बनने तक सब्जी मार्केट को गणेश पूजा मैदान रांगामाटी में किया गया स्थानांतरित

**कुलबीर सिंह@ झारखंड उजाला संवाददाता**



**सिंदरी /धनबाद।** एफसीआईएल द्वारा निर्गत सूचना के तहत सोमवार को गुरुद्वारा समीप स्थित शहरपुरा सब्जी मार्केट के सभी व्यवसायियों ने गणेश पूजा मैदान समीप पूर्व रांगामाटी सिंदरी टी.ओ.पी में अपने व्यवसाय को स्थानांतरित कर दिया। सोमवार से वेंडिंग जोन बनने तक सब्जी मार्केट गणेश पूजा मैदान में लगेगी। उपरांत सब्जी मार्केट को वेंडिंग जोन में स्थानांतरित कर दिया जाएगा।

**सब्जी मार्केट स्थानांतरित क्यों किया गया**

सिंदरी सब्जी मार्केट को आधुनिक बाजार बनाने के लिए धनबाद नगर निगम द्वारा 1.95 करोड़ लागत से वेडिंग जोन का निर्माण कराया जा रहा है। वार्ड नंबर 55 में बन रहे वेंडिंग जोन में 192 दुकानों के साथ दो शौचालय, गार्ड रूम, प्रकाश की व्यवस्था एवं सड़क की व्यवस्था का निर्माण होगा। सभी आवंटित दुकानों के ऊपर शेड की व्यवस्था एवं नीचे सामान रखने के लिए गोदाम होगा। वेंडिंग जोन के पूर्ण होने की समय सीमा 6 महीने तय की गई है।

**वेंडिंग जोन का उद्घाटन**

14 अक्टूबर 2024 को पूर्व सिंदरी विधायक इंद्रजीत महतो की धर्मपत्नी व भाजपा नेत्री पूर्व जिप सदस्य तारा देवी ने वेंडिंग जोन का उद्घाटन किया था।

# हेमंत सोरेन की सरकार में खेल के विकास को लेकर दृढ़ निश्चय है: झामुमो नेता विकास साहा

**यासिर अराफात@झारखण्ड उजाला ब्यूरो**



**हिरणपुर (पाकुड़):** हिरणपुर स्थित आदिवासी युवा क्लब पाडेरकोला ग्राम में तीन दिवसीय फुटबॉल टूनार्मेंट का फाइनल मैच, झामुमो नेता विकास साहा, पंचायत के मुखिया अंथोनी सोरेन, ग्राम प्रधान जिसु हांसदा के द्वारा किक मारकर प्रारंभ किया गया। स्थानीय आदिवासी भाई-बहनों ने मुख्य अतिथि झामुमो नेता विकास साहा एवं मुखिया अंथोनी सोरेन का माल्यार्पण कर जोरदार स्वागत किया। फाइनल मैच एफ सी गोपीकांदर और एस के बचरा बयार मालदा (प0 ब0) के बीच खेला गया। झामुमो नेता विकास साहा ने किक मारकर किया फाइनल खेल का उद्घाटन किया। मुख्य अतिथि विकास साहा ने अपने संबोधन में कहा कि हमारे मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के द्वारा खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने के लिए दृढ़ निश्चय है, सरकार के द्वारा खेल मैदान को दुरुस्त , चेंजिंग रूम का निर्माण ,समय समय पर जर्सी, बॉल का वितरण, पंचायत स्तर, प्रखण्ड स्तर, जिला स्तर पर हर वर्ष खेल कराना जैसे अनेक कार्य के साथ साथ अनेक सुविधाएं खिलाड़ियों को दिए जा रहे है, ताकि झारखंड के खिलाड़ी अच्छे मुकाम तक पहुंच सकें, इसके अच्छे परिणाम भी देखने को भी मिल रहे है,झारखंड के हुनर खिलाड़ी पदक हासिल कर रहे है और पुरस्कृत भी हो रहे है, उन्होंने खेल को एकता का प्रतीक बताते हुए सभी खिलाड़ियों को खेल भावना से खेलने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने आयोजक कमेटी को इस तरह के आयोजन कराने के लिए बधाई दी। फाइनल मैच एफ सी गोपीकांदर ने प्लेंटी से जीता।मौके पर आदिवासी युवा क्लब के अध्यक्ष सुनील हांसदा, सचिव मनवेल हांसदा, कोषाध्यक्ष राम हांसदा, बाजो हेंब्रम,किरानी सोरेन, तेरेसा मरांडी ,एवं कमिटी के सभी सदस्य मुख्य रूप से उपस्थित थे।

# देवी प्राण प्रतिष्ठा सह शतचंडी महायज्ञ को लेकर ध्वज स्थापित हुआ फोटो-ध्वज भ्रमण में शामिल यज्ञाचार्य व ग्रामीण



**दीपक कुमार, झारखंड उजाला संवाददाता**

**हुसैनाबाद,पलामू:** प्रखंड के पोलडीह जगदीश पुर गांव में देवी प्राण प्रतिष्ठा सह पांच दिवसीय शतचंडी महायज्ञ को लेकर सोमवार को ध्वज स्थापित किया गया.इसके पूर्व यज्ञाचार्य धर्मराज पांडेय ने नव निर्मित देवी मंदिर स्थल पर वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विधिवत ध्वज पूजन किया. इसके बाद ध्वज के साथ यज्ञाचार्य के नेतृत्व में ढोल-बाजे के साथ ग्रामीणों ने गांव भ्रमण किया. इस क्रम में भ्रमण में शामिल लोगों ने जय माता दी, मातारानी की जयकारे के साथ गांव स्थित शिव मंदिर व हनुमान मंदिर पहुंचे. पूजन के बाद पुनः लोग देवी पहुंचे. जहाँ यज्ञाचार्य द्वारा विधिवत ध्वज स्थापित किया गया. समिति के लोगो ने बताया कि महायज्ञ को लेकर आगामी 16 फरवरी को भव्य जलयात्रा,17 को अग्नि प्रवेश,18 को अधिवास,19 को नगर भ्रमण,20 को प्राण प्रतिष्ठा,21 को हवन व महाभंडारा के साथ महायज्ञ की पूणार्हुति होगी. इस दौरान 16 फरवरी से अपराह्न 3:00 बजे से 6:00 बजे तक प्रयागराज के पं मनोज कृष्ण महाराज जी द्वारा संगीतमय प्रवचन दी जाएगी. महायज्ञ समिति के लोगों ने सभी धमार्नुरागी बंधुओ से महायज्ञ में शामिल होकर तन-मन-धन से सहयोग कर पुण्य की भागी बनने की अपील की है. नगर भ्रमण के दौरान काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे.

# जिले के विभिन्न प्रखंड में आयोजित आयुष जांच शिविर में 277 लोगों का स्वास्थ्य जांच किया गया, कैंप में 92 लोगों को योगाभ्यास भी कराया गया



**यासिर अराफात@ झारखंड उजाला ब्यूरो**

**पाकुड़ :** हिरणपुर के कदमटोला एवं करनडांगा, पाकुड़ के देवतल्ला, महेशपुर के नुराई एवं अमड़ापाड़ा के मड़गांमा में आयुष विभाग की ओर से सोमवार को आयुष कैंप लगाकर कुल 277 लोगों का स्वास्थ्य जांच कर आवश्यक दवा दिया गया। डॉ राजेश कुमार, डॉ लवकुश यादव, डॉ सौरभ विश्वास, डॉ कुलेश कुमार, डॉ प्रेम प्रकाश एवं डॉ मिथिलेश सिंह ने बताया की इस कैंप में आज रक्तचाप, मधुमेह, जॉइंट पेन, गठिया, बच्चों से संबंधित आदि रोगों का जांच निःशुल्क किया गया। साथ ही सभी को मुफ्त दवा भी दी गई। वहीं शिविर में आने वाले मरीजों को शुगर, ब्लड प्रेशर का भी जांच की गई। कैंप में योग प्रशिक्षक के द्वारा योगाभ्यास कराया गया। प्रशिक्षक ने बताया कि अगर मनुष्य अपनी जीवन शैली में सुधार कर लेता है तो वह रोगमुक्त जीवन यापन कर सकता है। अगर मनुष्य रोजाना 30 मिनट योग और संतुलित आहार का प्रयोग करें तो वह स्वस्थ रह सकता है। 21 जनवरी 2025 को लिट्टीपाड़ा के रनबरिया हिरणपुर के देवापाड़ा, महेशपुर के लखीपुर एवं पाकुड़िया के मोंगलाबाध में आयुष जांच शिविर लगाकर लोगों को स्वास्थ्य से संबंधित जानकारी एवं जांच किया जाएगा।

# हिरणपुर थाना पुलिस ने अवैध कोयला तस्करी रोकने हेतु चलाया जांच अभियान

**यासिर अराफात@ झारखंड उजाला ब्यूरो**



**पाकुड़:** हिरणपुर थाना पुलिस के द्वारा अवैध कोयला परिवहन/ तस्करी की रोकथाम को ले सघन जांच अभियान चलाया गया । इस दौरान साइकिल से लदे कोयला को जप्त किया गया। साथ ही कई कोयला तस्कर पुलिस को देखते ही नौ- दो- ग्यारह हो गये । भारी मात्रा में एकत्रित किया हुआ कोयला भी सर्च ऑपरेशन के दौरान पुलिस ने जब्त किया। हालांकि अवैध कोयला तस्कर पुलिस को हाथ से बच निकले। अवैध कोयला तस्कर की सघन जांच अभियान से कोयला तस्करों में दहशत का आलम है। आपको बता दे अवैध कोयला परिवहन/ तस्करी की रोकथाम के लिए लगातार पाकुड़ पुलिस प्रशासन के द्वारा सघन जांच अभियान चलाया जा रहा है। लेकिन इतना होने के बावजूद भी अवैध रूप से कोयला का परिवहन/ तस्करी लगातार रूट बदल- बदल कर कोयला तस्करों के द्वारा किया जा रहा है। जिससे भयभीत न होने की इश्यू कोयला तस्करों में प्रदर्शित होता हुआ नजर आ रहा है। बहरेहल जो भी हो अवैध रूप से कोयला परिवहन करना या फिर साइकिल से लदे हुए ले जाना कानूनन जुर्म है, जिसे लोगों को समझना चाहिए। क्योंकि इससे लाभ के बजाय हानी ज्यादा सहन करना पड़ता है। और अन्ततः सपरिवार को परिशानियों से जुझना पड़ता है जो जगजाहिर है।

# पेड़ से लटका मिला युवक का शव परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप

**झारखण्ड उजाला संवाददाता।**

**चतरा।** प्रतापपुर थाना क्षेत्र के परहियाडीह जंगल से एक पेड़ से झुलता हुआ युवक का शव पुलिस ने रविवार को बरामद किया है।मृतक युवक की पहचान प्रतापपुर थाना क्षेंत्र के हरहद गांव निवासी सीयाराम पासवान के 24 वर्षीय पुत्र रंजय पासवान के रूप में किया गया है। पुलिस ने शव को पेड़ से उतारकर कब्जे में ले कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल चतरा भेज दिया गया है।इधर मृतक के भाई राजकपुर पासवान ने हत्या की आशंका जताई है। उन्होंने बताया कि रंजय पासवान की हत्या कर साक्ष्य को छुपाने के लिए उसके शव को पेड़ से झुला दिया गया है।मृतक बीते शुक्रवार को प्रतापपुर दोस्त से आधार कार्ड मांगने गया था। तब से वह अपने घर नहीं लौटा था।जिसके बाद परिजनों ने काफी खोजबीन किया।



रविवार को ग्रामीणों के द्वारा सूचना मिला की परहियाडीह जंगल में पेड़ से एक युवक की शव लटका हुआ है। सूचना पर जंगल में जाकर देखा की मेरा भाई का शव लटका हुआ है। इसकी सूचना प्रतापपुर थाना पुलिस को दी गई।आगे उन्होंने बताया कि भाई का हत्या प्रेम-प्रसंग में किया गया है। कुछ दिन पहले प्रेमिका के परिजनों ने फोन पर हत्या करने की धमकी दिया था। मृतक की पत्नी पुनम देवी के दो पुत्री व एक पुत्र है। घटना की खबर सुनते ही परिजन रोने बिलखने लगें।मालूम हो कि मृतक मुंम्बई में मजदूरी का काम करता था। लगभग पच्चीस दिन पहले घर आया था। इस संबंध में थाना प्रभारी ने बताया कि परहियाडीह जंगल से रंजय पासवान का शव बरामद किया गया हैं और शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल चतरा भेज दिया गया है। मामले की छानबीन शुरू कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही पता चलेगा कि आत्म हत्या हैं या हत्या की गई है।

## सरस्वती विद्या मंदिर सिंदरी में 22 जनवरी को निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर

**सिंदरी /धनबाद।** सरस्वती विद्या मंदिर सिंदरी में दिनांक 22 जनवरी 2025 को प्रातः 10:00 बजे से निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन अशर्फी अस्पताल धनबाद के सहयोग से किया जाएगा। इसमें भैया बहनों के साथ अभिभावक वृंद निशुल्क स्वास्थ्य की जांच करवा सकते हैं।ऐसी सूचना प्राचार्य सुनील कुमार पाठक के द्वारा दिया गया।

## जिले के 100 मेधावी छात्र-छात्राएं शैक्षणिक भ्रमण के लिए वाराणसी रवाना

**पाकुड़ :** राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के अंतर्गत पाकुड़ जिले से कुल 100 बच्चों एवं तीन पर्यवेक्षकों को दिनांक 20-01-2025 से 23-01-2025 तक वाराणसी के शैक्षणिक भ्रमण हेतु जिला शिक्षा पदाधिकारी सुश्री अनीता पुरती, एडीपीओ श्री पीयूष कुमार, एपीओ, बीपीओ के द्वारा बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। सभी बच्चे पाकुड़ से बस द्वारा सड़क मार्ग से जसीडीह स्टेशन पहुंचेंगे जहां से रेल मार्ग द्वारा वाराणसी के लिए शैक्षणिक भ्रमण हेतु प्रस्थान करेंगे। जिनका रिजर्वेशन एवं देखरेख देवघर जिला के टीम के द्वारा किया जाएगा।

# प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विवि ने किया विपुल जैन को सम्मानित

**झारखंड उजाला संवाददाता**



**बागपत:** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय कोर्ट रोड भजन विहार गली नंबर 6 स्थित मेडिटेशन सेंटर पर संस्था के संस्थापक पिता श्री ब्रह्मा बाबा का 56 वा पुण्य स्मृति दिवस मनाया गया। इस मौके पर बागपत के रहने वाले नेशनल अवार्डी एवं उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा सम्मानित वरिष्ठ पत्रकार विपुल जैन को भी आमंत्रित किया गया था। उनका यहां पहुंचने पर ईश्वरीय विश्वविद्यालय की जिला प्रभारी गीता दीदी ने साहित्य भेंट कर सम्मान किया। विपुल जैन ने बाबा के चरणों में पुष्प अर्पित कर अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की और सभी से उनके बताये मार्ग पर चलने का आह्वान किया। इस मौके पर जिला प्रभारी गीता दीदी ने ब्रह्म बाबा के जीवन पर प्रकाश डालते हुए बताया कि ब्रह्मा बाबा सभी गुणों से संपन्न थे। वर्ष 1936 से उन्होंने अपने जीवन को पूरी तरह आध्यात्मिकता के लिए समर्पित कर दिया था और वह तन, मन व धन से भगवान की सेवा में लगे रहे। उनके अंदर नम्रता, दिव्यता व सहानुभूति जैसे सभी गुण थे। हम इन गुणों को अपने अंदर धारण कर अपने जीवन को भी प्रकाशमय कर सकते हैं। पल्लवी दीदी ने कार्यक्रम में आये सभी भाई बहनों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में विकास भैया, संजय भैया, निरुपम बहन, बबीता बहन, अनंत भैया, अशोक भैया आदि उपस्थित रहे।

# बड़कागांव में जय बापू जय भीम जय संविधान कार्यक्रम के तहत निकाला गया अंबेडकर सम्मान यात्रा

**जागेश्वर कुमार झारखंड उजाला ब्यूरो।**

**बड़कागांव:** प्रखंड कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष श्री केशव महतो कमलेश जी के निदेर्शानुसार जय भीम जय बापू जय संविधान कार्यक्रम के तहत संविधान निमार्ता बाबा साहब भीमराव अंबेडकर सम्मान यात्रा निकाली गई । बड़कागांव प्रखंड कांग्रेस कमेटी के सैकड़ों कार्यकताओं ने समाधान भवन में कार्यक्रम के मुख्य अतिथि तथा बड़कागांव के प्रभारी मोहम्मद दिलदार अंसारी को बुके देकर तथा माला पहनकर स्वागत किया । कार्यक्रम की अध्यक्षता विशेश्वर नाथ चौबे ने किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री अंसारी ने कहा कि सदन के अंदर बाबा साहब भीमराव अंबेडकर का अपमान कत्तई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा, उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी देश के स्वतंत्रता सेनानियों तथा संविधान के निमार्ता बाबा साहब भीमराव अंबेडकर और महात्मा गांधी के प्रति श्रद्धा रखती है ।ऐसे में यदि इनके ऊपर आपत्तिजनक टिप्पणी की जाएगी तो कांग्रेस पार्टी सड़क से लेकर संसद तक इसका खुलकर विरोध करेगी । अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी में अपराधियों का जमावड़ा है और कोई भी अपराधी संवैधानिक तरीके से मिलने वाला दंड को स्वीकार नहीं करता है, यही कारण है कि बार-बार भारतीय जनता पार्टी के द्वारा संविधान तथा संविधान के रचयिता बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के विरुद्ध बयान बाजी करते हैं। कार्यक्रम में मुख्य रूप से विशेश्वर नाथ चौबे, जगतन्नदन प्रसाद गुप्ता,जमाल सगीर, चन्दर साव,छोटे खान,पदूम साव, बबलू कुमार,मो.अनवर,शेर मोहम्मद,मो. अताउल्लाह, मो. अहमदुल्लाह, रियासत हसन,मंजर अली, चन्दन सिंह, विजय पासवान अजय पासवान, सतीश कुमार दास, प्रभु राम, फुलेंद्र साव, कमलकांत कुशवाहा, मोहम्मद तैयब, महेंद्र साहू, अशोक साहू, राजेश साव, सुरेश चौधरी, फिरोज अंसारी, लाल मोहम्मद, श्याम भार्गव, नितेश कुमार,मंजर अली, मोहम्मद शाहिद, मोहम्मद रफीक, पंचेश्वर साव, नंदकिशोर भुइंया, प्रेम कुमार साहू, सिद्धार्थ कुमार, गणेश, प्रीतम कुमार, दशरथ प्रसाद, सुनील कुमार, मोहम्मद रब्बानी, महादेव हांसदा सहित सैकड़ो कार्यकर्ता शामिल हुए।



# हजारीबाग जिला सांसद प्रतिनिधि अनिल मिश्रा ने पद से दिया इस्तीफा

**जागेश्वर कुमार झारखंड उजाला ब्यूरो।**

**हजारीबाग :** लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल के हजारीबाग जिले के सांसद प्रतिनिधि अनिल मिश्रा ने सोमवार को अपने निजी कार्य की अधिकता के कारण समय अभाव में कार्य में अहसज महसूस करने के कारण सांसद प्रतिनिधि के पद से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने बजाब्ता सांसद मनीष जायसवाल को पत्र लिखकर इस बाबत अवगत कराते हुए कहा कि मुझे विगत दिनों आपने जिला हजारीबाग का सांसद प्रतिनिधि मनोनीत किया था'साथ ही संसदीय कार्यालय की भी जिम्मेवारी दी थी' परंतु कार्य की अधिकता होने की वजह से मैं काफी असहज महसूस कर रहा हूं' यह कार्य फुल टाइम जॉब की तरह है और मुझसे पूरी तरह निर्वहन नहीं हो पा रहा है' मैं पारिवारिक व्यक्ति भी हूं। उन्होंने पत्र में यह भी आग्रह किया है कि मुझे सांसद प्रतिनिधि के दायित्व से मुक्त करने की कृपा करें। मैं आपका आभारी रहूंगा । ज्ञात हो कि हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल ने कितने 07.12.2024 को अपने तीन सांसद प्रतिनिधियों का मनोनयन किया था। जिसमें हजारीबाग जिला सांसद प्रतिनिधि के रूप में अनिल मिश्रा के नाम का घोषणा किया था।



# शहीद चन्द्रिका यादव लोहा पर नही कलम पर विश्वास रखते थें : पूर्व मंत्री

**झारखण्ड उजाला, संवाददाता।**



**चतरा।** प्रतापपुर प्रखंड के गजवा चौक समीप स्थित मैदान में सोमवार को समारोह आयोजित कर शहीद चन्द्रिका प्रसाद यादव का 7वॉ शहादत दिवस मनाया गया।इस समारोह की अध्यक्षता भोला प्रजापति एवं संचालन मिस्टर आलम अशरफी ने किया।इस शहादत दिवस के समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री सत्यानंन्द भोक्ता एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में बिहार के मकदुमपुर विधायक सतीष दास,पूर्व विधायक बरही उमाशंकर अकेला,जिला परिसद अध्यक्ष ममता कुमारी एवं राजद प्रदेश अध्यक्ष रश्मि प्रकाश मौजूद थें। मुख्य अतिथि,विशिष्ट अतिथि समेत अन्य लोगो ने शहीद चन्द्रीका प्रसाद यादव के प्रतिमा पर माल्यर्पण कर श्रृद्धाजंलि दिया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि सत्यानंन्द भोक्ता ने कहा कि चन्द्रिका प्रसाद यादव व्यक्ति नही बल्कि एक विचार धारा थें। ये अशिक्षित, गरीब व असहाय लोगो के सहारा थें। ये गरीबो के अधिकार,सहायता एवं क्षेंत्र के विकास के लिए हमेशा तैयार रहते थे। गांव के बच्चों को शिक्षित करना चाहते थें। ये हमेशा कहते थें कि लोहा पर नही बल्कि कलम पर विश्वास करना चाहिए।कलम की ताकत से ही गांव की विकास व भविष्य लिखा जाता है। इनके अच्छे विचार से इनके विरोधी हमेशा परेशान रहते थें। यहां तक कि इनको कई बार झूठे केसों में फंसाया गया था। इनके सक्रीयता को देखकर कुछ असामजिक लोगो ने चन्द्रिका प्रसाद यादव को गोली मारकर हत्या कर दिया था। इनकी विचारो पर ही चलना इनकी सच्ची श्रृद्धाजंलि होगी।वही विशिष्ट अतियों ने कहा कि शहीद चन्द्रिका प्रसाद यादव हमेशा शिक्षित को दीप जलाने में लगे रहे थें। अपने पहुंच की वजह से सभी को अधिकार दिलाते थे। इनकी हत्या के बाद गरीब व असहाय का सहारा कोई नही है। इनकी शहादत के अवसर में सभी लोग शपथ लेते है कि गरीब व असहाय को हमेशा सहयोग करेगे।इस कार्यक्रम को वरिष्ट नेता अरूण कुमार यादव, पूर्व मुखिया ईमामगंज केदार यादव,जिप प्रतिनीधी संतोष राणा,पूर्व मंत्री प्रतिनीधी भोला प्रसाद, प्रभु दयाल यादव, मुखिया लेंजवा योगेन्द्र यादव, राजद अध्यक्ष खेदू यादव, युगेश यादव,अतिक मंसूरी,मनु श्री, राजद जिला अध्यक्ष नवल किशोर यादव, प्रतीक प्रकाश अंगार,रंजीत यादव, धर्मेन्द्र यादव,चन्द्रदेव गोप, रामभरोष यादव , मुखदेव सिंह सहित अन्य लोगो ने संबोधित किया ।मालूम हो कि बीते 20 जनवरी 2018 को अपने पंचायत के कामों को समाप्त कर घर प्रतापपुर वापसी के दौरान कुछ असमाजिक तत्वों के लोगो ने पूर्व मुखिया चन्द्रिका यादव को गोली मार कर हत्या कर दिया था।बता दे कि गजवा के पूर्व मुखिया शहिद चन्द्रिका यादव की 7 वीं सहादत दिवस कार्यक्रम का रूप रेखा उनके पुत्र दीपक यादव, पूर्व मुखिया रोहित यादव के द्वारा किया गया।मौके पर पूर्व मुखिया हेब्जूरहमान, सन्मुख यादव, सुमन कुमार, विशाल यादव, पवन यादव, रामस्वरूप यादव, अनिस हसन, मुकेश भोक्ता, सुखदेव यादव, नारायण यादव, डॉ मुतुर्जा,गणेश यादव,राजेन्द्र यादव, रामोतार यादव, पंकज यादव, उज्जवल यादव सहित सैकडो लोग मौजूद थे।

**शहीद चन्द्रिका प्रसाद यादव के याद में स्कूल का उद्घाटन**

शहीद चन्द्रिका प्रसाद यादव की याद में सोमवार को गजवा चौक पर स्थित परिसर में आईपी प्राईवेट स्कूल का शुभारंम्भ किया गया।इस विद्यालय का उद्घाटन पूर्व मंत्री सत्यानंन्द भोक्ता,जिप सदस्य अध्यक्ष ममता देवी,राजद प्रदेश अध्यक्ष रश्मि प्रकाश समेत अन्य लोगो ने संयुक्त रूप से फिता काटकर किया।उद्घाटन के मौके पर श्री भोक्ता ने कहा कि शहीद चन्द्रिका प्रसाद यादव का लगाव हमेशा शिक्षा से रहा है। ये कलम पर अधिक विश्वास करते थे। इसलिए इनके यादव में आज एक विद्यालय खोला जा रहा है। इस विद्यालय में गरीब,असहाय व गांव के बच्चे पढ़कर आगे बढ़ सकते हैं। इस मौके पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक बीरेन्द्र कुमार समेत काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# सरस्वती पूजा मनाने को लेकर हजारीबाग प्रेस क्लब की हुई बैठक, कमिटी का गठन



**जागेश्वर कुमार झारखंड उजाला ब्यूरो।**

**हजारीबाग।** सरस्वती पूजा मनाने को लेकर हजारीबाग प्रेस क्लब के सदस्यों ने प्रेस क्लब भवन में बैठक की। अध्यक्षता हजारीबाग प्रेस क्लब के अध्यक्ष मुरारी सिंह ने किया, जबकि संचालन सचिव विस्मय अलंकार ने किया। बैठक के दौरान गत वर्ष की तरह इस वर्ष भी गणतंत्र दिवस और सरस्वती पूजा मनाने का निर्णय लिया गया। सरस्वती पूजा के सफल संचालन के लिए कमिटी का भी गठन सर्वसम्मति से किया गया। जिसमें दीपक सिंह को समिति का अध्यक्ष, सागर कुमार को सचिव और सीतेश तिवारी को कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई। मौके ओर हजारीबाग प्रेस क्लब के कोषाध्यक्ष राजकुमार गिरी शानू, वरिष्ठ पत्रकार अर्जुन सोनी, गौरव प्रकाश, उमेश पांडे, भास्कर उपाध्याय, कुणाल सिंह, प्रदीप सिन्हा, अभिषेक पांडे, सुशांत सोनी, शशांक शेखर सिंह, पीयूष मिश्रा, रवि सिंह, रंजन चौधरी, सुमंत शाहा, अनुज सिन्हा, रूपांशु चौधरी, रवि शर्मा, अविरल बिहारी लाल, अनिल कुमार, भावेश मिश्रा, उमेश चौबे, एजाज आलम, भाव्या कुमारी समेत कई पत्रकार उपस्थित थे।

## नगर परिषद, पाकुड़ ने खराब पड़े सभी वाटर एटीएम को कराया ठीक

**पाकुड़** : शहर में संचालित सात वाटर एटीएम में छः वाटर एटीएम को प्रशासक, नगर परिषद श्री अमरेन्द्र कुमार चौधरी के निदेर्शानुसार ठीक करा लिया गया है। एक वाटर एटीएम स्टेशन रोड की भी मरम्मती की गई, परन्तु मोटर पार्ट्स पाकुड़ में उपलब्ध नहीं होने के कारण अभी संचालित नहीं है। मोटर पार्ट्स उपलब्ध होते ही इसे भी चालू करा दिया जाएगा। सभी वाटर एटीएम सुचारू रूप से कार्य कर रहे हैं जिसका आमजन जल का उपयोग कर रहे हैं। 4

## खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी प्रकाश चंद्र गुग्गी ने एएनएम/जीएनएम एवं एमपीडब्लू को फूड फोर्टिफिकेशन के विषय में जानकारी दी



**हजारीबाग।** अभिहित अधिकारी-सह-अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, डॉ0 शशि जयसवाल के निदेर्शानुसार खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी, हजारीबाग, प्रकाश चन्द्र गुग्गी के द्वारा सिविल सर्जन कार्यालय सभागार में ए0एन0एम0/जी0एन0एम0 एवं एम0पी0डब्लू को फूड फोर्टिफिकेशन के विषय में जानकारी एवं लाभ के साथ-साथ भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण,नई दिल्ली के अभियान ईट राइर्ट इंडिया के तहत अपने रोजमर्रा के खाने में अधिक मात्रा में तेल, चीनी एवं नमक उपयोग से होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई तथा अपने खाने में तेल, चीनी एवं नमक की सिमित मात्रा में उपयोग करने की नसीहत दी गई।

## पकरी बरवाडीह कोयला खनन परियोजना के तत्वावधान में जागृति महिला संघ के सहयोग से नेत्र जांच शिविर का आयोजन

बड़कागांव के सीकरी पंचायत भवन में पकरी बरवाडीह कोयला खनन परियोजना के तत्वावधान में जागृति महिला संघ के सहयोग से नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। इसका उद्घाटन मुखिया प्रभु महतो ने किया। इस अवसर पर प्रभु महतो ने कहा कि आंख सबसे बड़ा धन है। आंख है तो जीवन है, इसलिए आंख की सुरक्षा सबसे प्राथमिकता होनी चाहिए। इसीलिए आंख की सुरक्षा के लिए यह निशुल्क शिविर आयोजित किया जा रहा है, जिसका लाभ अधिक से अधिक लोगों को मिलना चाहिए। नेत्र जांच का कार्य लोकनायक जयप्रकाश आई हॉस्पिटल चौपारण के चिकित्सकों द्वारा किया गया, जिसमें 80 लोगों की आंखों की जांच की गई। इस जांच में 23 मरीजों को मोतियाबिंद का ऑपरेशन करने की आवश्यकता पाई गई। इस मौके पर एनटीपीसी के वरिष्ठ अधिकारी एवं अस्पताल के अधिकारीगण मौजूद रहे।

## झंडोतोलन के समय का हुआ निर्धारण

**चतरा।** टंडवा प्रखंड मुख्यालय के सभागार कक्ष में बीडीओ देवलाल उरांव की अध्यक्षता में जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों के साथ सोमवार को बैठक हुई। जहां गणतंत्र दिवस 2025 के अवसर पर पिछले वर्ष के समय-सारिणी के अनुसार हीं झंडोतोलन करने का सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया। जिसके अनुसार प्रखंड कार्यालय परिसर में प्रातः 09 :00 बजे, एसडीपीओ कार्यालय में 09:20 बजे, पुलिस निरीक्षक कार्यालय में 09:25, थाना टंडवा तथा पिपरवार के परिसर में 09:30 बजे, स्वास्थ्य केंद्र परिसर में 09:45 एवं शहीद चौक में 10:15 बजे निर्धारित किया गया है। इसके साथ हीं, अन्य सरकारी व गैर -सरकारी कार्यालयों में सुविधानुसार प्रोटोकॉल का अनुपालन करते हुवे झंडोतोलन किये जायेंगे।

## सड़क दुर्घटना में दो की मौत

**चतरा।** शहर के झुमरा मड़वारी मुहल्ला निवासी सुनील राम के 30 वर्षीय भाई अनुज राम सड़क दुर्घटना में मौत हो गया।हृदय विदारक घटना की जानकारी मिलते हि स्थानीय विधयाक जनार्दन पासवान उनके घर पहुंचे ,और शोक संतप्त परिजनों से मुलाकात कर गहरी संवेदना व्यक्त किया एवं आर्थिक सहयोग किये।ज्ञात हो की अनुज राम एवं घाँसी मुहल्ला निवासी विशाल कुमार रविवार की दर शाम सदर थाना क्षेत्र के गैरुँवा मे बाइक से अनियंत्रित होकर पेड़ मे टकर मार दिया था जिसमे दोनो युवक की मौत घटनास्थल पर हि हो गया था जबकि एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया।जिसका रांची मे इलाज चल रहा है।

# हाई टेंशन पोल लगाने का ग्रामीणों ने किया विरोध

**झारखण्ड उजाला, संवाददाता।**





**चतरा।** मैनेजिंग के आड़ में टंडवा प्रक्षेत्र के वन भूमि पर बगैर अनुमति फॉरेस्ट क्लीयरेंस के निजी कंपनियां का गंदी नजर लगी हुई हैं। ग्रामीणों के भारी विरोध के बावजूद भी जंगलों में मैनेजिंग का नाम पर तांडव मचाया जा रहा है। कार्य कर रही कथित कंपनियां विभाग को मैनेजिंग के नाम पर ग्रामीणों के खुले आम वन क्षेत्रों में कार्य करने की चुनौती दे रही हैं। टंडवा वन प्रक्षेत्र के सराढू, उपकापानी, कोयद मासिलोंग के वन भूमि पर हाई टेंशन बिजली पोल गाड़ने वाली बंगाली कंपनी गणेश इलेक्ट्रिकल की उत्पाद जारी हैं। ग्रामीणों ने चतरा उपायुक्त दक्षिणी डीएफओ से तत्काल मामला दर्ज कर कार्रवाई करते हुए गिरफ्तारी की मांग किया है।

**मगध-संघमित्रा परियोजना के अधिकारी क्या कहते हैं**

मगध-संघमित्रा परियोजना के अधिग्रहण भूमि पर हाई टेंशन बिजली पोल गाड़ने के लिए परमिशन लेना आवश्यक है। ये परमीशन अधिग्रहण परियोजना और एमडीओ मोड कंपनी किसी अन्य जगहों के लिए ले जाने के लिए परमिशन नहीं देती है। भूमि के रैयतों अपने भूमि पर अन्य कम्पनी से हाई टेंशन पोल गाड़वाते हैं तो मगध-संघमित्रा परियोजना में नौकरी लेने से पूर्व में हाई टेंशन पोल हटाने होगा तभी रैयतों को नौकरी मिलेगी। नियम क्या कहता है।बिजली विभाग के जिले के वरीय अधिकारी ने बताया किसी कंपनी निजी उपयोग के लिए डीवीसी से बिजली खरीदता है तो ले जाने के लिए वन क्षेत्र में फॉरेस्ट क्लीयरेंस लेना जरूरी है नहीं तो वन विभाग उसे पर कार्रवाई करती है। रैयती व गैरमजरूआ भूमि पर रैयतों के सहमति से ही काम कर सकती है। रैयतों के विरोध के बाद काम कंपनी नहीं कर सकती है। बायजबरन पर रैयतों जिला प्रशासन से कार्रवाई के लिए आवेदन कर सकते हैं।

## ग्रामीणों ने कलेशर के कहने पर कई एकड़ वनभूमि में लगा अफीम की खेती को ट्रैक्टर से किया नष्ट

**चतरा।** ग्रामीणों ने ट्रैक्टर से कई एकड़ वन भूमि और निजी जमीन में लगी अफीम की खेती को ट्रेक्टर से जोत कर नष्ट कर दिया हैं।ग्रामीणों ने गिधातरी, दुरंगी, सरोदग आदि जंगलो में अफीम की खेती को नष्ट किया है।वही ग्रामीण व कलेशर यादव ने कहा कि अफीम एक मादक पदार्थ हैं जो इंसानों के लाइफ को धीरे धीरे खत्म करता हैं ।मैं हमेशा से इसके खिलाफ रहा हू लेकिन चंद अफीम माफयाओं के झांसे में आकर बहकावे में खेती लगवाया था जिसका विनस्टीकरण मैं स्वयं की निगरानी में करवा रहा हूं। मैं कलेशर यादव मेरे नाम पे अफीम माफयाओं ने पुरे इलाके में अफीम हमेशा से लगवाते आया हैं और मेरा नाम बदनाम करने की सुरु से कोशिश की गयी, मुझे बहका कर लोगो ने खेती लगाया,मुझे संलिप्त करके अफीम माफिया लोग ने बड़े पैमाने पर जंगलो में खेती लगाया हैं जिसकी निष्पक्ष जाँच हो मुझे लालच देकर स्वयं माफिया लोग पुरे जंगलो और लोगों के बीच जहर भरने का काम किया हैं, मैं बहकावे में आ गया था जहां भी मेरा नाम जुड़ा हैं ,मैं स्वयं से पूरी नस्ट करवा दिया हू मैं प्रशासन को आश्वास्थ करता हू की किसी भी तरह का कोई खेती अब मेरे नाम पे आपको नहीं मिलेगा और न हीं कभी भविष्य में ऐसे झाँसे में आऊंगा.और मैं प्रशासन से मांग करता हू की ऐसे जहरीले खेती से जंगल तो खराब हो हीं रहा हैं साथ हीं साथ लोगों का भविष्य भी खतरे में हैं, अफीम नस्टीकरण के साथ साथ वैसे माफियाओं पर भी नकेल कशा जाय जो यहां से अफीम बाहर के बाजार में बेचने का काम कर रहे हैं।

# अनियंत्रित कार ट्रक से टकराया, तीन लोग घायल



**झारखण्ड उजाला, संवाददाता।**

**चतरा :** सिमरिया चतरा रोड स्थित हर्षनाथपुर के पास रविवार की देर शाम एक कार ट्रक से टकरा गया। जिससे घटना में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गये ।घायलो में कार चालक चतरा सदर थाना क्षेत्र हफुआ निवासी अनुज कुमार सिंह, शंकर पासवान, महफूज आलम का नाम शामिल है।तीनो घायलों को ग्रामीणों की मदद से रेफरल अस्पताल लाया गया जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार किया ।जानकारी के अनुसार प्रत्यक्ष दर्शियो ने बताया कि सिमरिया की ओर से जा रही खल्ड1उ्र्क्ष्ं5676 कार देलहो की तरह जा रहा था। इस दौरान दो व्यक्तियों को टक्कर मार तेजी से भाग रहा था। अपने वाहन से आ रहे अंचलाधिकारी द्वारा तेज गति को देखते हुए उक्त गाड़ी को रोकने के लिए हाथ का इशारा किया गया तो चालक अधिकारी को देख गति को और तेज कर दिया जिससे अनियंत्रित होकर चालक ट्रक में जोरदार टक्कर मार दिया। जिससे घायल हो गया वहीं कार पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया है। गनीमत था कि कार का स्टीयरिंग और बाएं सीट यानी दोनों एयर बैग खुल गया जिससे बैग अपने अंदर लेकर सुरक्षित कर लिया ।वर्ना मौत होने की संभावना से कोई इंकार नहीं कर सकता था। वहीं एयर बैग को ज्यादा झटका लगने से फट गया।

## जानकारी



# एंटीऑक्सीडेंट्स से भरपूर ग्रीन कॉफी से साफ हो जाती है लिवर की गंदगी

अगर आप पिछले कुछ वर्षों से खुद को फिट रखने के लिए ग्रीन-टी या ब्लैक कॉफी पी रहे हैं तो अब समय है कुछ बदलाव करने का। ग्रान-टा हो या ब्लैक कॉफी इन्हें छोड़कर अपनाइए ग्रीन कॉफी। यह सेहत को ठीक रखती है और वजन कम करने में भी सहायक है। ग्रीन कॉफी धीरे-धीरे हेल्थ और फिटनेस के बाजार में अपनी जगह बना रही है। इसके फायदों ने तो ग्रीन-टी को भी पीछे छोड़ दिया। वैसे बता दें कि ग्रीन-टी की ही तरह ग्रीन कॉफी में भी भरपूर मात्रा में एंटीऑक्सीडेंट्स हैं। यह वजन को तेजी से कम करने में सहायक है। खबरों के अनुसार इसके नियमित सेवन और बिना एक्सरसाइज के आप अपना वजन 10 किलो तक कम कर सकते हैं। इस बात में कितनी सच्चाई है, इस लेख में इस संबंध में बताया जा रहा है। ग्रीन कॉफी बीन्स को प्राकृतिक डिटॉक्स का एक रूप माना गया है। इसके सेवन से बैड कोलेस्ट्रॉल, अतिरिक्त फैट और लिवर से जीवाणु बाहर निकल जाते हैं, जिससे यह सही तरह से काम करता है और इसी से मेटाबॉलिज्म में सुधार होता है।

### जरूरी टिप्स

कॉफी के अलावा अपनी डाइट में पोषक तत्वों से भरपूर फूड्स शामिल करें, जैसे- फल, सब्जी, नट्स, सीड्स और लीन मीट खाएं। डाइट फॉलो करते समय अगर आपको पाचन संबंधी परेशानियां, एसिडिटी और कब्ज की शिकायत हो रही है तो फिर न्यूट्रिशनिस्ट से सलाह लें और सही डाइट प्लैन बनवाएं। ध्यान दें कि हर 2 कॉफी के बीच में कम से कम 2-3 घंटे का अंतर रखें। शाम 5 के बाद कॉफी न पिएं। सोने से ठीक पहले इसका सेवन न करें, इससे अनिद्रा और वजन बढ़ सकता है।

### क्या है ग्रीन कॉफी बीन्स?

कॉफी के पौधे से हरे रंग के बीजों को लेकर पहले उन्हें रोस्ट किया जाता है। फिर इसे पीसकर कॉफी बनाई जाती है। इस प्रक्रिया से कॉफी का रंग हरा से बदलकर हलका या गहरा भूरा हो जाता है और स्वाद भी बढ़ जाता है, लेकिन कॉफी में मौजूद एंटीऑक्सीडेंट जैसे गुणकारी तत्व खत्म हो जाते हैं।

### ग्रीन कॉफी बनाने के तरीके

**पहला तरीका**

एक टीस्पून ग्रीन कॉफी बीन्स को रात भर 1 ग्लास पानी में भिगो दें। सुबह इस पानी को ग्रीन टी या कॉफी की तरह उबालें। इसमें शुरुआत में शहद मिला सकते हैं, लेकिन बाद में इसे फीका ही पीना शुरू करें, तभी आपको इसका फायदा मिलेगा।

**दूसरा तरीका**

ग्रीन कॉफी बीन्स को थोड़ी देर धूप में रखें। ग्राइंडर में बारीक पीस लें। इस पाउडर को तेज उबलते पानी में 2 मिनट तक बॉयल कर छानकर पिएं।

### सही समय पर पीना जरूरी

इसे डाइट का हिस्सा बनाने से पहले यह समझ लें कि ऐसा न करें कि जब मन किया तभी इसे पी लिया, जो सही नहीं है। ग्रीन कॉफी को सुबह खाली पेट पिएं। इस समय पीने से इसका असर तेजी से होता है। दोपहर से आधा घंटा पहले या फिर खाने के एक घंटे बाद ही इसे पिएं। पेट खराब है तो इसका सेवन न करें। अगर ग्लूकोमा है तो इसके सेवन से बचें।

# लेफ्टी या राइटी: कौन से लोग होते हैं ज्यादा बेहतर?



राइट हैंडड यानी दाहिने हाथ से काम करने वाले लोगों का प्रभुत्व दुनिया भर में कायम है और ऐसा प्राचीन काल से होता चला आ रहा है, लेकिन हमें इस बात का पता कैसे चले? शोधकर्ताओं ने प्राचीन काल के कंकालों के हाथ की हड्डियों और उस काल के दौरान पहने जाने वाले कपड़ों का आकलन कर इस बात का पता लगाया है।

पश्चिमी देशों में केवल 10 फीसदी ही लोग लेफ्टी यानी बाएं हाथ से काम करना पसंद करते हैं। इसके साथ ही अलग-अलग कार्यों के लिए अलग-अलग हाथों का प्रयोग करने वाले या समान कौशल के साथ दोनों हाथों का उपयोग करने वाले लोग असामान्य हैं। अगर आप भी लेफ्टी हैं या राइटी हैं तो यह खबर आपके लिए है। वैज्ञानिकों ने इस बात पर से पर्दा उठाया है कि इन दोनों में से कौन से लोग अधिक बेहतर होते हैं?

वैज्ञानिक लंबे अरसे से जानते हैं कि हैंडेडनेस (दाएं और बाएं हाथ का प्रयोग करने वाले लोग) आंशिक रूप से जीन द्वारा निर्धारित किए जाते हैं, लेकिन 2019 तक उन्होंने लेफ्ट और राइट हैंडर्स के डीएनए के भागों में अंतर नहीं पहचाना था। अध्ययन में पाया गया कि लेफ्टी लोगों के मस्तिष्क का दाहिना और बायां हिस्सा एक के साथ एक मिलकर बेहतर तरीके से काम करता है। यह दोनों हिस्से भाषा के कार्य की प्रक्रिया को चलाने का काम करते हैं, लेकिन अभी इस बात की तसदीक नहीं हो पाई है कि क्या लेफ्ट हैंडर्स राइट हैंडर्स के मुकाबले अधिक धाराप्रवाह तरीके से बोलने में सक्षम होते हैं। अध्ययन में यह भी बात सामने आई है कि लेफ्ट हैंडर्स छात्र स्कूल में अधिक संघर्ष करते हैं और उनमें अटेंशन डेफिसिट हाइपरएक्टिविटी डिस्ऑर्डर (ADHD)के लक्षण पाए जाते हैं। यह बात उन लोगों के लिए विशेष रूप से सच हो सकती है, जो काम करते वक्त दोनों हाथों का प्रयोग करते हैं। एक अध्ययन में पाया गया कि वे बच्चे, जो बार-बार अपने दोनों हाथ आगे-पीछे करते रहते हैं, उनमें डिसलेक्सिया होने की संभावना भी दोगुनी हो जाती है। हालांकि शोधकर्ता अभी इस बात का पता नहीं लगा पाए हैं, लेकिन उन्हें संदेह है कि दोनों हाथों का प्रयोग करने वाले लोग जब ज्यादा बार एक ही हाथ का प्रयोग करते हैं तो उनमें निरंतर लेफ्ट हैंड का प्रयोग करने वालों की तुलना में ज्यादा दिक्कत झेलनी पड़ती है।



### क्या लेफ्टी होते हैं ज्यादातर सुपीरियर?


आपके मस्तिष्क का दाहिना हिस्सा आपके शरीर के बाएं हिस्से की मांसपेशियों को कंट्रोल करता है और काफी हद तक आपकी संगीत और स्थानिक क्षमताओं को बढ़ाता है। यही कारण है कि लेफ्ट हैंडर्स लोग अक्सर रचनात्मक प्रोफेशन का हिस्सा होते हैं। मिरर राइटिंग, जिसमें अक्षर पलट जाते हैं और उन्हें पीछे की तरफ से लिखा जाता है यह लगभग लेफ्ट हैंड वाले लोग ही कर पाते हैं। कुछ अध्ययनों में यह बताया गया है कि लेफ्ट हैंड वाले बच्चे मुंह से पूछे गए सवालों में अधिक अंक लाते हैं। जबकि कुछ अध्ययन में यह गलत पाया गया है।

### इतिहास राइटी को मानता है शक्तिशाली

विज्ञान भले ही लेफ्टी को सुपीरियर मानता हो, लेकिन साहित्य लेफ्ट हैंडर्स के हमेशा खिलाफ रहा है। मध्य युग में दानवों को लेफ्टी माना जाता था। जापान, चीन और अन्य एशियाई देशों में लेफ्ट हैंडर्स की संख्या पश्चिमी देशों के मुकाबले बहुत कम है। 1900 की शुरुआत में अमेरिकी शिक्षकों और डॉक्टर्स का मानना था कि लेफ्ट हैंडर्स में मानसिक विकारों से ग्रस्त होने की संभावना अधिक होती है और इसलिए वहां छात्रों को सीधे हाथ के बजाए उल्टे हाथ का प्रयोग करने के लिए कहा जाता था।

## सेहत

# साइनस इंफेक्शन होने पर एक टुकड़ा लहसुन आएगा काम





साइनस इंफेक्शन जिसे साइनसाइटिस या राइनोसिनिटिस के रूप में भी जाना जाता है, वास्तव में साइनस की सूजन है जिसके परिणामस्वरूप व्यक्ति को कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इनके लक्षणों में भरी हुई या बहती हुई नाक, बुखार, सिरदर्द, गले में खराश या खांसी आदि होती है। साइनस संक्रमण एक आम स्वास्थ्य समस्या है और ठंड के मौसम में लोगों को इस समस्या का अधिक सामना करना पड़ता है। इतना ही नहीं, साइनसाइटिस होने पर व्यक्ति को अपने दैनिक कार्य करने में भी परेशानी होती है। हालांकि अधिकतर लोग यह समस्या होने पर दवाई लेते हैं, लेकिन हर बार दवाई लेना अच्छा विचार नहीं है। इससे आपको कुछ समय के लिए भले ही राहत मिल जाए, लेकिन लंबे समय में आपको इन दवाईयों के नुकसान ही झेलने पड़ते हैं। ऐसे में आप अपने किचन से ही साइनस का इलाज ढूंढ सकते हैं।



### बनाएं नोड़ ड्रॉप

लहसुन की मदद से आप नोड़ ड्रॉप बनाकर अपनी नाक में डाल सकते हैं। इससे आपको काफी राहत महसूस होगी। नोड़ ड्रॉप बनाने के लिए आधा कप डिस्टिल्ड वॉटर लेकर उसमें एक लहसुन की कली को कुचलकर डालें और कुछ घंटों के लिए इसे ऐसे ही छोड़ दें। अब पानी को छान लें, ताकि पानी में लहसुन के टुकड़े न रह जाएं। अब इस पानी को आई ड्रॉपर में डालें और अब लेटकर इसकी एक-एक बूंद अपनी नाक में डालें। इसी तरह, कुछ देर लेटे रहें। आप दिन में एक बार यह उपाय अपना सकते हैं। हालांकि शुरू में इसमें थोड़ी जलन होती है, लेकिन यह जलन जल्द ही ठीक हो जाती है।

### यह भी है तरीका

**अगर आप लहसुन को बतौर नोड़ ड्रॉप इस्तेमाल नहीं कर पा रहे हैं या आपको अधिक जलन हो रही है तो आप अन्य तरीकों से भी लहसुन का इस्तेमाल कर सकते हैं और साइनस इंफेक्शन को दूर कर सकते हैं। जैसे-**

- आप लहसुन की एक या दो कली को छीलकर और धोकर उसे कच्चा खा सकते हैं।
- लहसुन की कली को छीलकर एवं धोकर उसे क्रश करें। अब इसमें गर्मागर्म पानी मिलाएं और पानी के हल्का ठंडा होने पर सिप-सिप करके इसे पिएं।
- पांच से सात लहसुन की कलियों को पानी में आठ-दस मिनट के लिए सोक करें। अब इसे क्रश करके फाइन पेस्ट बनाएं। अंत में इस पेस्ट को अपनी नाक के पास ले जाएं और इनहेल करें। इससे भी आपको काफी आराम महसूस होगा और बंद नाक भी खुलेगी।
- आप लहसुन की मदद से स्टीम भी ले सकते हैं। इसके लिए पहले आप किसी बर्तन में पानी डालकर उबालें। अब इसमें लहसुन की कली को क्रश करके डालें और गैस बंद कर दें। अब एक तौलिए की मदद से अपने सिर को कवर करते हुए स्टीम लें। यह तरीका साइनस इंफेक्शन में बेहद प्रभावी तरीके से काम करता है।

# कश्मीर से पंडितों के पलायन के चार दशक



सचिन कुमार सिंह, प्रधान संपादक

हिजबुल और अलगाववादियों का अप्रत्यक्ष समर्थन कर रहे फारुख अब्दुल्ला तब भी चुप रहे थे या कार्यवाही करनें का अभिनय मात्र कर रहे थे जब भाजपाई और कश्मीरी पंडितों के नेता टीकालाल टपलू की 14 सितम्बर 1989 को दिनदहाड़े हत्या कर दी गई थी। कश्मीर के सर्वाधिक नए जन सांख्यिकीय आंकड़ों पर नजर डाले तो स्वतंत्रता के समय वहां घाटी में 15% कश्मीरी पंडितों की आबादी थी जो आज 1% से नीचे होकर 0% की ओर बढ़ गई है। हाल ही के इतिहास में कश्मीर के ज.स. सांख्यिकी में यदि परिवर्तन का सबसे बड़ा कारक खोजें तो वह एक दिन, यानि 19 जनवरी 1990 के नाम से जाना जाता है। कश्मीरी पंडितों को उनकी मातृभूमि से खदेड़ देनें की इस घटना की यह भीषण और वीभत्स कथा 1989 में आकार लेनें लगी थी। पाकिस्तान प्रेरित और प्रायोजित आतंकवादी और अलगाववादी यहाँ अपनी जड़ें बैठा चुके थे। भारत सरकार आतंकवाद की समाप्ति में लगी हुई थी तब के दौर में वहां रह रहे ये कश्मीरी पंडित भारत सरकार के मित्र और इन आतंकियों और अलगाववादियों के दुश्मन और खबरी सिद्ध हो रहे थे। इस दौर में कश्मीर में अलगाववादी समाज और आतंकवादियों ने इस शांतिप्रिय हिन्दू पंडित समाज के विरुद्ध चल रहे अपनें धीमे और छदम संघर्ष को घोषित संघर्ष में बदल दिया। इस भयानक नरसंहार पर फारुक अब्दुल्ला की रहस्यमयी चुप्पी और कश्मीरी पंडित विरोधी मानसिकता केवल इस घटना के समय ही सामने नहीं आई थी। तब के दौर में तत्कालीन मुख्यमंत्री फारुख अब्दुल्ला अपने पिता शेख अब्दुल्ला के कदमों पर चलते हुए अपना कश्मीरी पंडित विरोधी आचरण कई बार सार्वजनिक कर चुके थे। 19 जनवरी 1990 के मध्ययुगीन, भीषण और पाशविक दिन के पूर्व जमात-ए-इस्लामी द्वारा कश्मीर में अलगाववाद को समर्थन करने और कश्मीर को हिन्दू विहीन करनें के उद्देश्य से हिज्बुल मुजाहिदीन की स्थापना हो गई थी। इस हिजबुल मुजाहिदीन नें 4 जनवरी 1990 को कश्मीर के स्थानीय समाचार पत्र में एक एक विज्ञप्ति प्रकाशित कराई जिसमें स्पष्टतः सभी कश्मीरी पंडितों को कश्मीर छोड़ने की धमकी दी गई थी। इस क्रम में उधर पाकिस्तानी




प्रधानमन्त्री बेनजीर नें भी टीवी पर कश्मीरियों को भारत से मुक्ति पानें का एक भड़काऊ भाषण दे दिया। घाटी में खुले आम भारत विरोधी नारे लगनें लगे। घाटी की मस्जिदों में अजान के स्थान पर हिन्दुओं के लिए धमकियां और हिन्दुओं को खदेड़ने या मार-काट देने के जहरीले आव्हान बजनें लगे। एक अन्य स्थानीय समाचार पत्र अल-सफा ने भी इस विज्ञप्ति का

प्रकाशन किया था। इस भड़काऊ, नफरत, धमकी, हिंसा और भय से भरे शब्दों और आशय वाली इस विज्ञप्ति के प्रकाशन के बाद कश्मीरी पंडितों में गहरें तक भय, डर घबराहट का संचार हो गया। यह स्वाभाविक भी था क्योंकि तब तक कश्मीरी पंडितों के विरोध में कई छोटी बड़ी घटनाएं वहां सतत घाट ही रही थी और कश्मीरी प्रशासन और भारत सरकार दोनों ही उन पर नियंत्रण नहीं कर पा रहे थे। 19जन. 1990 की भीषणता को और कश्मीर और भारत सरकार की विफलता को इससे स्पष्ट समझा जा सकता है कि पूरी घाटी में कश्मीरी पंडितों के घर और दुकानों पर नोटिस चिपका दिए गए थे कि 24 घंटो के भीतर वे घाटी छोड़ कर चले जाएँ या इस्लाम ग्रहण कर कड़ाई से इस्लाम के नियमों का पालन करें। घरों पर धमकी भरें पोस्टर चिपकाने की इस बदनाम घटना से भी भारत और कश्मीरी सरकारें चेती नहीं और परिणाम स्वरुप पूरी घाटी में कश्मीरी पंडितों के घर धूं-धूं जल उठे। तत्कालीन मुख्यमंत्री फारुक अब्दुल्ला इन घटनाओं पर रहस्यमयी आचरण अपनाए रहे, वे कुछ करनें का अभिनय करते रहे और कश्मीरी पंडित अपनी ही भूमि पर ताजा इतिहास की सर्वाधिक पाशविक- बर्बर-क्रूरतम गतिविधियों का खुले आम शिकार होते रहे, घाटी में पहले से फैली अराजकता चरम पर पहुँच गई। कश्मीरी पंडितों के सर काटे गए, कटे सर वाले शवों को चौक-चौराहों पर लटकाया गया। बलात्कार हुए, कश्मीरी पंडितों की स्त्रियों के साथ पाशविक-बर्बर अत्याचार हुए। गर्म सलाखों शरीर में दागी गई और इज्जत आबरू के भय से सैकड़ों कश्मीरी पंडित स्त्रियों ने आत्महत्या करनें में ही भलाई समझी। बड़ी संख्या में कश्मीरी पंडितों के शवों का समुचित अंतिम संस्कार भी नहीं होनें दिया गया था, कश्यप ऋषि के संस्कारवान कश्मीर में संवेदनाएं समाप्त हो गई और पाशविकता-बर्बरता का वीभत्स नंगा नाच दिखा था। जम्मू कश्मीर लिबरेशन फ्रंट और हिजबुल मुजाहिदीन ने जाहिर और सार्वजनिक तौर पर इस हत्याकांड का नेतृत्व किया था। ये सब एकाएक नहीं हुआ था, हिजबुल और अलगाववादियों का अप्रत्यक्ष समर्थन कर रहे फारुख अब्दुल्ला तब भी चुप रहे थे या कार्यवाही करनें का अभिनय मात्र कर रहे थे जब भाजपाई और कश्मीरी पंडितों के नेता टीकालाल टपलू की 14 सित. 1989 को दिनदहाड़े हत्या कर दी गई थी।

अलगाववादियों को कश्मीर प्रशासन का ऐसा वरद हस्त प्राप्त रहा कि बाद में उन्होंने कश्मीरी पंडित और श्रीनगर के न्यायाधीश एन. गंजू की भी हत्या की और प्रतिक्रया होनें पर 320 कश्मीरी स्त्रियों, बच्चों और पुरुषों की हत्या कर दी थी। ऐसी कितनी ही हृदय विदारक, अत्याचारी और बर्बर घटनाएं कश्मीरी पंडितों के साथ घटती चली गई और दिल्ली सरकार लाचार देखती भर रही और उधर श्रीनगर की सरकार तो जैसे खुलकर इन आतताइयों के पक्ष में आ गई थी। इस पृष्ठभूमि में हिजबुल और जेकेएलएफ का दुस्साहस बढ़ना स्वाभाविक ही था और वह निर्णायक तौर पर कश्मीरी पंडितों की दुकानों-घरों पर 24 घंटे में घाटी छोड़ देनें या मार दिए जानें की धमकी के नोटिस चस्पां करनें की हद तक बढ़ गया। इसके बाद जो हुआ वह एक दुखद, क्षोभजनक, वीभत्स, दर्दनाक और इतिहास को दहला देनें वाले काले अध्याय के रूप में सामनें आया। अन्ततोगत्वा वही हुआ जो वहां के अलगाववादी, आतंकवादी हिजबुल और जेकेएल ?फ चाहते थे। कश्मीरी पंडित पूर्व की घटनाओं, घरों पर नोटिस चिपकाए जानें और बेहिसाब कत्लेआम से घबराकर 19 जन. 1990 को हिम्मत हार गए। फारुख अब्दुल्ला के कुशासन में आतंकवाद और अलगाववाद चरम पर आकर विजयी हुआ और इस दिन साढ़े तीन लाख कश्मीरी पंडित अपनें घरों, दुकानों, खेतों, बागो और संपत्तियों को छोड़कर विस्थापित होकर दर-दर की ठोकरें खानें को मजबूर हो गए। कई कश्मीरी पंडित अपनों को खोकर गए, अनेकों अपनों का अंतिम संस्कार भी नहीं कर पाए, और हजारों तो यहाँ से निकल ही नहीं पाए और मार-काट डाले गए। विस्थापन के बाद का जो दौर आया वह भी किसी प्रकार से आतताइयों द्वारा दिए गए कष्टों से कम नहीं रहा कश्मीरी पंडितों के लिए। वे सरकारी शिविरों में नारकीय जीवन जीनें को विवश हुए।

## आज का राशिफल



स्वामी रत्नेश जी
भारत ज्योतिष शिरोमणि, नई दिल्ली ।

**मेष राशि :-** आज का दिन सामान्य रहेगा। कार्यक्षेत्र में सफलता के चलते आय में बढ़ोतरी होगी और आर्थिक स्थिति सुधरेगी। घर-परिवार का पूरा सहयोग मिलेगा। परिवार में मांगलिक कार्य हो सकते हैं, जिसमें धन खर्च की संभावना रहेगी। दाम्पत्य जीवन में तनाव की स्थिति रहेगी। आध्यात्मिक क्षेत्र में रुचि बढ़ेगी। क्रोध की अधिकता रहने से विवाद होने की संभावना रहेगी। आध्यात्मिकता का आश्रय लेने से मन शांत होगा।

**वृषभ राशि :-** आज का दिन लाभप्रद रहेगा। कारोबार में धनलाभ रहेगा। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। सभी कार्यों में सफलता मिलेगी, जिससे आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। सामाजिक क्षेत्र में अधिक सक्रिय रहने से मान-प्रतिष्ठा में भी वृद्धि होगी। धन व्यय अधिक न हो, इसका ध्यान रखें। क्रोध पर नियंत्रण और वाणी पर संयम रखें, अन्यथा परिवार में वाद-विवाद की स्थिति उत्पन्न हो सकती है। स्वास्थ्य को लेकर सतर्क रहने की आवश्यकता है।

**मिथुन राशि :-** आज का दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि की संभावना है। बुजुर्गों के आशीर्वाद से सभी कार्य सफल होंगे। व्यापार में विस्तार की योजनाएं बनाएंगे। उच्च अधिकारियों का सहयोग मिलेगा। बेरोजगारों को रोजगार मिलने की संभावना रहेगी। अटवा हुआ धन वापस मिल सकता है। कार्यभार की अधिकता से थकान महसूस करेंगे। स्वास्थ्य के प्रति सावदान रहें। अधिक धन व्यय होने की संभावना रहेगी। परिवार का माहौल अच्छा रहेगा।

**कर्क राशि :-** आज का दिन अच्छा रहेगा। व्यापार-धंधा अच्छा चलेगा और कार्यक्षेत्र में लाभ मिलेगा। कार्यक्षेत्र में भाइयों से भरपूर सहयोग मिलेगा और जीवन में सफलता के नये मार्ग खुलेंगे। गृहस्थ जीवन में आनंदपूर्ण वातावरण रहेगा। किसी धार्मिक या मांगलिक प्रसंग में शामिल हो सकते हैं। समाज में सम्मान और प्रतिष्ठा में बढ़ोतरी होगी। अपने साथियों से धोखा मिलने की संभावना रहेगी। अनावश्यक खर्च बढने. से तनाव बढ़ सकता है। तीर्थ यात्रा पर जाना हो सकता है।

**सिंह राशि :-** आज का दिन मिला-जुला रहेगा। कारोबार में निवेश के नए मौके मिलेंगे, लेकिन कोई भी फैसला लेने से पहले अच्छी से सोच-विचार कर लें। निवेश से लाभ प्राप्त होगा। नये कार्य शुरू करने से बचें। क्रोध पर नियंत्रण रखें, अन्यता विवाद में फंस सकते हैं। कार्यभार अधिक रहने से शारीरिक और मानसिक रूप से थकान का अनुभव करेंगे। व्यावसायिक क्षेत्र में विघ्न आ सकते हैं, लेकिन कठिन परिश्रम से सभी कार्य सफल होंगे।

**कन्या राशि :-** आज का दिन सामान्य रहेगा। धन हानि के योग रहेंगे। कारोबार में लाभ मिलेगा, लेकिन अनावश्यक खर्च बढने से आर्थिक स्थिति कमजोर होगी। मित्रों-परिजनों के साथ पर्यटन का आयोजन होगा। अच्छे खान-पान और अच्छे वस्त्र उपलब्ध होंगे। लंबे समय से बन रही योजना सफल हो सकती है। समजिक कार्यों में रुचि लेंगे। धार्मिक आयोजन में शामिल हो सकते हैं। परिवार का माहौल आपके अनुकूल रहेगा।

**तुला राशि :-** आज का दिन अच्छा रहेगा। कारोबार सामान्य रहेगा। कुछ लाभ के सौदे हो सकते हैं। भाइयों के माध्यम से कार्यों में सफलता मिलेगी। मकान-जमीन के कार्य संपन्न होंगे। साझेदारों से भी लाभ होगा। व्यावसायिक स्थल और परिवार का वातावरण आपके अनुकूल रहेगा। शारीरिक और मानसिक रूप से आप स्वस्थ रहेंगे। परिवार में कुछ परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। सामाजिक रूप से सम्मान प्राप्त होगा।

**वृश्चिक राशि :-** आज का दिन आपके अनुकूल रहेगा। व्यवसाय से लाभ होने की संभावना है। कारोबार अच्छा रहेगा। नौकरी में तरक्की के योग रहेंगे। अध्ययन अध्यापन के क्षेत्र में उन्नती होगी। परिश्रम से किये गये कार्य में सफलता मिलेगी। आकस्मिक धन प्राप्ति होने की संभावना रहेगी। क्रोध पर नियंत्रण एवं वाणी पर संयम रखें। परिवार में आनंद और उल्लासमय वातावरण रहेगा। मानसिक रूप से प्रसन्न और स्फूर्ति का अनुभव होगा। सहकार्मियों का सहयोग मिलेगा।

**धनु राशि :-** आज का दिन शुभफलदायी रहेगा। व्यवसाय में अच्छा लाभ मिलने की संभावना है। कार्य विस्तार की योजनाएं सफल होंगी। आय में बढ़ोतरी होगी। आर्थिक स्थिति में सुधार आएगा। नए लोगों से मुलाकात फायदेमंद रहेगी। कार्यक्षेत्र में सम्मान बढ़ेगा। कार्यभार की अधिकता से शारीरिक स्फूर्ति तथा मानसिक उल्लास में कमी आ सकती है। स्वादिष्ट भोजन का आनंद ले सकेंगे और नए वस्त्रों की खरीदारी भी करेंगे। वाहन सुख मिल सकता है।

**मकर राशि :-** नए कार्य का शुभारंभ करने के लिए आज का दिन अच्छा है। कारोबार में लाभ होगा। बुजुर्गों की सलाह लेकर किया गया निवेश भी फायदेमंद रहेगा और आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। कार्यभार की अधिकता रहेगी, लेकिन परिश्रम से कार्यों में सफलता मिलेगा। किसी प्रिय व्यक्ति से भेंट हो सकती है। सामाजिक रूप से मान-सम्मान प्राप्त होगा। शारीरिक रूप से अस्वस्थता का अनुभव हो सकता है। परिवार का माहौल अच्छा रहेगा।

**कुम्भ राशि :-** आज का दिन मिला-जुला रहेगा। निर्धारित कार्य संपन्न नहीं होने से हताशा का अनुभव हो सकता है। किसी भी महत्वपूर्ण कार्य अथवा उसके विषय में निर्णय नहीं लेना ही ठीक रहेगा। समाजिक कार्यों में में दिन बिताना उचित होगा। परिजनों के साथ भी समय बिता सकते हैं। आध्यात्मिकता की ओर रुझान रहेगा। पैतृक संपत्ति से लाभ मिलने के योग हैं। क्रोध की अधिकता रहेगी, जिससे कलह होने की संभावना भी रहेगी।

**मीन राशि :-** आज का दिन अच्छा रहेगा। काफी समय से रुकी योजनाएं शुरू होने की संभावना है। कारोबार में लाभ मिलेगा। कार्यसिद्धि और लक्ष्मी दोनों की प्राप्ति हो सकती है। शारीरिक और मानसिक रूप से आप उत्साही तथा प्रफुल्लित रहेंगे, इसलिए प्रत्येक कार्य करने में आप को उत्साह रहेगा। घर में तथा व्यावसायिक स्थल पर कार्यभार रहेगा। अधिक खर्च हो सकता है। क्रोध पर नियंत्रण और स्वास्थ्य का ध्यान रखें। छात्रों के लिए समय अच्छा रहेगा।

# पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय, ठंड से लोगों की परेशानियां अभी और बढ़ने की संभावना



सर्दी के मौसम की अवधि औसत से कम दिन की हो रही है, मगर थोड़ी अवधि में तापमान अचानक नीचे गिरने से मानव शरीर के लिए सहन कर पाना मुश्किल हो रहा है। इन दिनों पूरा उत्तर भारत शीतलहर की चपेट में है। दिल्ली में औसत से नीचे तापमान रहा, तो पंजाब और राजस्थान में कई जगहों पर पारा शून्य से नीचे पहुंच गया। घने कोहरे की वजह से रेल और हवाई यातायात बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। मौसम विभाग का आकलन है कि अभी कुछ दिन और शीतलहर का प्रकोप बना रहेगा। पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से लोगों की परेशानियां अभी और बढ़ने की संभावना है। हालांकि ऋतुचक्र के हिसाब से सर्दी का मौसम हर वर्ष आता है, मगर इसके मिजाज में आए बदलाव की वजह से परेशानियां अधिक बढ़ रही हैं। सर्दी के मौसम की अवधि औसत से कम दिन की हो रही है, मगर थोड़ी अवधि में तापमान अचानक नीचे गिरने से मानव शरीर के लिए सहन कर पाना मुश्किल हो रहा है। इस बार अलनीनो प्रभाव के कारण बहुत सारी जगहों पर सूखी ठंड पड़ रही है।

यानी हवा में अपेक्षित नमी नहीं है। इसका फसलों और बागवानी पर प्रतिकूल असर पड़ने की संभावना है। सूखी और तेज सर्दी मानव स्वास्थ्य पर बुरा असर डालती है। दिल्ली समेत सभी महानगरों में इन दिनों वायु प्रदूषण का स्तर बढ़ा हुआ दर्ज हो रहा है, जिसके चलते सर्दी, खांसी, जुकाम जैसी परेशानियां बढ़ रही हैं। सम के मिजाज में बदलाव की बड़ी वजह जलवायु परिवर्तन है। अभी सर्दी का प्रकोप लोगों के लिए मुश्किलें पैदा कर रहा है और फिर थोड़े दिन बाद ही गर्मी बढ़नी शुरू होगी, तो उसे झेलना मुश्किल हो जाएगा। पिछले कुछ वर्षों से न केवल गर्मी की अवधि बढ़ी है, बल्कि इसकी तीव्रता भी सहनशक्ति के पार जा रही है। यही वजह है कि हर वर्ष गर्मी में तेज लू चलने के कारण लोगों की मौत के आंकड़े बढ़ रहे हैं।

पिछली गर्मी में उत्तर प्रदेश के कुछ इलाकों में लू की चपेट में आकर सौ से अधिक लोगों के मरने के आंकड़े दर्ज हुए। यही हाल बरसात का भी है। बरसात की अवधि घट गई है और बरसने वाली बूंदों का आकार बढ़ गया है। इससे कम समय में हुई बारिश में भी जगह-जगह बाढ़ की स्थिति पैदा हो जाती है। मगर कई इलाके बरसात का इंतजार करते रह जाते हैं। उन्हें सूखे की मार झेलनी पड़ती है। इस वजह से अन्न और फल-सब्जियों के उत्पादन पर बुरा असर पड़ने लगा है, जो खाद्य सुरक्षा की दृष्टि से चिंताजनक स्थिति माना जा रहा है। इस वर्ष सर्दी का बदला मिजाज इसलिए भी चिंता का विषय है कि एक तरफ तो उन इलाकों में भी पारा शून्य से नीचे उतर जाने से परेशानी बढ़ गई है, जहां पहले इतनी ठंड नहीं पड़ा करती थी, वहीं पहाड़ों पर औसत से कम बर्फबारी दर्ज हो रही है। इसके पीछे बारिश कम होना बड़ा कारण बताया जा रहा है। पहाड़ों पर कम बर्फ गिरने से पारंपरिक जल स्रोतों, झीलों, तालाबों आदि में कम जल संचय हो पाएगा।

इससे पेयजल का संकट गहरा सकता है। दूसरी तरफ, मैदानी भागों में तेज सूखी सर्दी फसलों को नुकसान पहुंचाएगी। खाद्यान्न उत्पादन घट सकता है। यह एक और चेतावनी है कि जलवायु संकट से उबरने के लिए आजमाए जा रहे उपायों पर तेजी और संजीदगी से काम करने की जरूरत है। इसमें केवल व्यवस्था के स्तर पर नहीं, नागरिकों के स्तर पर भी सहयोग की अपेक्षा की जाती है। मगर अफसोस कि इस दिशा में अभी तक उत्साहजनक संकेत नजर नहीं आ रहे।

# शेयरों में गिरावट

कोरोना महामारी के समय भी जिस भारतीय शेयर बाजार को हम चढ़ते हुए देख रहे थे, क्या वह अब बुरे दौर से गुजरने लगा है? सोमवार को सप्ताह के पहले ही दिन शेयर बाजार में भारी गिरावट ने तमाम संभावनाओं और आशंकाओं पर सोचने को मजबूर कर दिया है। सोमवार को सेंसेक्स और निफ्टी, दोनों में ढाई फीसदी से अधिक की गिरावट देखी गई है। सेंसेक्स 1545.67 अंकों का गोता लगाकर 57,491.51 के स्तर पर बंद हुआ है, जबकि निफ्टी 468.05 अंक गिरकर 17,149.10 पर पहुंच गया है। कुछ अचरज भी होता है कि देश का आम बजट आने वाला है और शेयर बाजार में लगातार पांचवें दिन गिरावट दर्ज हुई है। सोमवार को शेयर बाजार को करीब 10 लाख करोड़ रुपये तक का नुकसान हुआ है। पिछले पांच दिन में सेंसेक्स करीब 3,900 अंक टूट चुका है। पांच दिन में निवेशकों को 17 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा का नुकसान हो चुका है। सिरमौर समझी जाने वाली चंद कंपनियों ने भी निराश किया है। गौर करने वाली बात है कि सोमवार को अर्थव्यवस्था के लगभग सभी सेक्टर्स में कमजोरी देखी जा सकती है, रियल एस्टेट, मेटल, मीडिया, आईटी और ऑटो में सबसे ज्यादा कमजोरी देखने को मिली है। बैंकों के शेयर भी दबाव में हैं और कुल मिलाकर आश्वस्त भाव से यह नहीं कहा जा सकता कि फलां कारोबारी सेक्टर अभी सही है। हालांकि, इस गिरावट के बावजूद कुछ कंपनियां ऐसी भी हैं, जो अच्छा प्रदर्शन कर रही हैं। सब कुछ निराशाजनक नहीं है, लेकिन यह सोचने वाली बात है कि ऐन बजट से पहले शेयर बाजार को क्या होने लगा है? सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र की दिग्गज कंपनियों, टीसीएस और इन्फोसिस को 1,09,498.10 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है। बजट सत्र से पहले ऐसे तनाव या गिरावट को व्यावसायिक रूप से बहुत अस्वाभाविक नहीं मानना चाहिए, लेकिन इस गिरावट की नैतिकता या वजह पर बहस जरूर हो सकती है।

देश के आम बजट में लगभग सप्ताह भर का समय बचा है। ऐसे में, दो-तीन संभावनाओं पर हमें गौर करना चाहिए। जो बाजार कोरोना महामारी के समय भी तेजी से बढ़ रहा था, वह बिना किसी ठोस कारण के लुढ़क रहा है, तो क्या इसके पीछे बड़े निवेशकों की कोई रणनीति है? क्या बजट से ठीक पहले शेयर बाजार अपनी खुशनुमा स्थिति को छिपाकर किसी निराशा का प्रदर्शन करना चाहता है? क्या निवेशकों को बजट से कोई ऐसी उम्मीद है, जिसे पूरा करने की दिशा में वे सक्रिय हो गए हैं या उन्हें कोई प्रतिकूल सूचना मिल गई है? शायद भारत में जो लोग पूंजी के प्रवाह को नियंत्रित करते हैं, वे बढ़ते अमीर व गरीब की सूची सामने आने के बाद सक्रिय हुए हैं। दुनिया भर में ऐसे अमीर भी हैं, जो आगे बढ़कर बोल रहे हैं कि जब दुनिया मुसीबत में है, तब उसकी बेहतरी के लिए हम पर टैक्स लगा लीजिए। कोरोना के मुश्किल समय में भी भारत में चालीस से ज्यादा नए अरबपति पैदा हो गए हैं। मुश्किल समय में भी शेयर बाजार में पूंजी बढ़ने की वजह सामने आ चुकी है। शायद चंद पूंजीपतियों को लग रहा होगा कि आगामी बजट में उनको मिल रही कुछ रियायत भी छिनेगी और वे कोई नया आर्थिक पैकेज लेने में नाकाम होंगे। ऐसे में, शेयर बाजार का तनाव में आना स्वाभाविक है, लेकिन उससे ज्यादा जरूरी है कि छोटे निवेशकों का सावधान रहना।

# किसानों की बेहतरी और कृषि कार्यों को मजबूती देने में सक्रिय थी शिवराज सरकार

इ मध्यप्रदेश में कर्जमाफी या ब्याजमाफी जैसी स्थितियां न बनें, इस पर मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का जोर रहा है। कर्जमाफी जैसे योजनाएं किसानों के स्वाभिमान के अनुकूल भी नहीं है। किसान तो अपने पुरुषार्थ से देश-प्रदेश का पोषण करता है। खेती-किसानी और उससे जुड़े व्यवसाय मध्यप्रदेश की अर्थव्यवस्था एवं विकास की धुरी हैं। यह बात मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान एवं उनकी सरकार बखूबी समझती है। मुख्यमंत्री श्री चौहान के हाथ में जब से प्रदेश की कमान है, तब से उन्होंने लगातार किसानों की बेहतरी के लिए प्रयास किए हैं। केंद्र में मोदी सरकार और राज्य में शिवराज सरकार, दोनों ने अपनी प्राथमिकता में किसानों को रखा है। मध्यप्रदेश के राजगढ़ में आयोजित किसान-कल्याण महाकुंभ के आयोजन से सरकार ने यही संदेश देने का प्रयास किया है कि वह किसानों के हितों की चिंता करने में सदैव की तरह अग्रणी रहेगी। महाकुंभ में शिवराज सरकार ने किसानों को राहत देते हुए 2200 करोड़ रुपये कृषि ऋण का ब्याज माफ करने, मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना की लगभग 1400 करोड़ रुपये की राशि जारी करने और प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में 2900 करोड़ रुपये के दावों के भुगतान अंतरण करने का बड़ा काम किया है। पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के कर्जमाफी के वायदे के चक्कर में प्रदेश के किसानों पर कृषि ऋण के ब्याज का बोझ बढ़ गया था, जिसके कारण वे डिफाल्टर हो गए थे, उन्हें सरकार की कृषि संबंध योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा था। शिवराज सरकार ने किसानों को इस भंवर से निकाल कर बड़ी राहत दी है। याद हो कि मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने घोषणा की थी कि ह्लकांग्रेस की पूर्व सरकार के समय वर्ष 2018 में ऋणमाफी की उम्मीद में हजारों किसान डिफाल्टर हो गए और खाद बीज लेने से वंचित हो गए। ऐसे दो लाख रुपये तक के फसल ऋण वाले किसानों की पीड़ा को राज्य सरकार ने समझा है और ब्याज माफी का निर्णय लिया हैह्व। अपनी घोषणा और किसानों के साथ किए वायदे को निभाते हुए पिछले माह ही मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सागर के प्राथमिक सहकारी साख समिति केरबना के दो किसानों पंचमलाल और जुगरेन्द्र झल्लू का आवेदन भरकर ह्यमुख्यमंत्री कृषक ब्याज माफी योजनाह्ण की शुरूआत की दी थी, जिसके अंतर्गत जिला सहकारी केन्द्रीय बैंको से संबद्ध प्रदेश की लगभग साढ़े चार हजार प्राथमिक कृषि साख समितियों में दो लाख रुपये तक के फसल ऋण वाले डिफाल्टर किसानों का ब्याज माफ करने के लिए आवेदन भरने का कार्य शुरू किया गया था। कर्जमाफी जैसे योजनाएं किसानों के स्वाभिमान के अनुकूल भी नहीं है। किसान तो अपने पुरुषार्थ से देश-प्रदेश का पोषण करता है। प्रदेश के किसानों की अपेक्षा यही रही है कि सरकार ऐसी नीतियां बनाए कि उसे उचित मूल्य पर खाद-बीज और कृषि उपकरण मिलें। कृषि कार्य के लिए बैंक से उचित दर पर लोन मिल जाए। सबसे महत्वपूर्ण उसकी उपज का ठीक मूल्य उसे प्राप्त हो। यह कहने में अतिशयोक्ति नहीं कि मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने अपने पहले कार्यकाल से इसी बात पर जोर दिया कि किसान के स्वाभिमान को बढ़ाने एवं उसे आत्मनिर्भर बनाने के लिए क्या पहल की जाए? मध्यप्रदेश में कैसे किसानों के हित में सरकार काम कर रही है, इस बात को आसानी से और तर्कसंगत ढंग से समझना है, तो हमें लगभग 20 साल पीछे पलट कर देखना चाहिए।



# तेजस्वी यादव को ही सी.एम बनाना है

## महिलाओं ने राजद नेता पर जताया भरोसा, कहा- वे घूसखोरी, महंगाई, बेरोजगारी सब ठीक कर देंगे

**औरंगाबाद।** हम महिलाओं ने गठबंधन कर लिया है कि इस बार के विस चुनाव में तेजस्वी यादव को ही मुख्यमंत्री बनाना है। उन्होंने जॉब देने का वादा किया था, जो पूरा किया है। हम चाहते हैं कि शिक्षा में सुधार हो। महंगाई में गरीब बच्चे का पढ़ना मुश्किल है। सब जगह घूसखोरी हो रही है। तेजस्वी जी आएंगे तो सुधार करेंगे। गरीब की आवाज उठाएंगे।' ये बातें औरंगाबाद में पूर्व डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव के कार्यक्रम के बाद महिलाओं ने कही है। कार्यक्रम में किशोरी सिन्हा कन्या विद्यालय की छात्राएं भी आईं थीं। 'छात्रा विक्की कुमारी ने कहा कि मैंने तेजस्वी यादव से कहा कि सरकारी स्कूल में पढ़ने वाले को सभी हीन नजर से देखते हैं। प्राइवेट में पढ़ने से नहीं होता है। जरूरी नहीं कि सरकारी स्कूल के






बच्चे अनपढ़ हों। इस पर तेजस्वी ने मुझसे कहा कि सब की अलग सोच होती है। हमलोगों ने उनसे कहा कि जब आप सीएम बन जाएंगे तो क्या कीजिएगा। इसपर उन्होंने कहा कि पहले सीएम बनने की दीजिए।'महंगाई की मार से सबसे ज्यादा महिलाएं झेलती हैं- तेजस्वी दरअसल, औरंगाबाद में आज यानी सोमवार को तेजस्वी कार्यकर्ता और संवाद कार्यक्रम के लिए पहुंचे थे। इस दौरान अतिथि गृह में उन्होंने कहा कि महिलाओं से संवाद कर रहे हैं। उनकी बात को सुना जाता जा रहा है। महिलाओं का कहना है कि महंगाई की मार सबसे ज्यादा वही झेलती है। घर चलाना मुश्किल है। हर चीज पर जीएसटी लगा दिया है। घर में बचत नहीं होती। परिवार में कोई बीमार हो जाता है तो घर का बजट बिगड़ जाता है। उन्हीं की फीडबैक पर हमलोगों ने ऐलान किया है कि जब सरकारी बनेगी तो माई-बहिन योजना के तहत हर महीने 2500 खाते में देंगे। सरकार बनने के एक महीने के अंदर ये शुरू करेंगे। नीतीश कुमार के लिए तेजस्वी ने क्या बोला? हमारी सरकार बनने पर 200 यूनिट फ्री बिजली देंगे। बिहार में बिजली का रेट पूरे देश में सबसे महंगा है। झारखंड में वृद्धा पेंशन हजार रुपए है। बिहार में हमारी सरकार बनी तो वृद्धा पेंशन को 400 से बढ़ाकर 1500 रुपए कर देंगे। वहीं, जब तेजस्वी से सवाल किया गया कि नीतीश कुमार का दरवाजा खुला है या नहीं, इसपर वे बोले कि चुनाव होगा, जनता चुनेगी। हालांकि इससे पहले तेजस्वी ने कहा कि था नीतीश के लिए अब कोई एंट्री नहीं है।लालू यादव की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाना है तेजस्वी ने कहा कि कार्यकर्ता दर्शन एवं संवाद कार्यक्रम पूरे बिहार में हो रहा है। कार्यक्रम अब अंतिम चरण में है। इसका उद्धेश्य है कि हमारे दल के लोकसभा से लेकर बूथ स्तर तक के कार्यकताओं से सीधा संवाद करना। संगठन को कैसे मजबूत किया जाए। लालू यादव की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाना। जमीनी स्तर के कार्यकताओं की कई समस्याएं होती है। कार्यकर्ता दर्शन कार्यक्रम के तहत कार्यकर्ता अपनी समस्याओं से अवगत कराते हैं। जिससे पार्टी की मजबूती बढ़ रही है। हमारी सरकार में पेपर लीक नहीं होता था तेजस्वी यादव ने कहा कि 17 महीने की जब हम लोगों की सरकार रही। 5 लाख नौकरी दी। 3,50,000 अभी प्रक्रियाधीन है।

## सीएम की प्रस्तावित यात्रा के लिए क्लस्टर सेंटर बना

**पूर्णिया।** पीरो मुख्यमंत्री की जिले में संभावित प्रगति यात्रा को देखते हुए पीरो के कातर पंचायत में क्लस्टर सेंटर बनाया गया है। इसके तहत विभिन्न सरकारी योजनाओं का यहां एक साथ क्रियान्वयन किया जा रहा है। कार्य युद्धस्तर पर चल रहा है। कई भवनों का निर्माण हो चुका है कई निमार्णाधीन हैं। कार्य ससमय पूर्ण हो इसके लिए अलग-अलग पदाधिकारियों को जिम्मेवारी दी गई है। साथ ही अनुमंडल पदाधिकारी अनिल कुमार ने निगरानी और क्रियान्वयन के लिए नोडल पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की है।यहां जीविका भवन, दीदी स्टॉल निर्माण, विभिन्न विभागों का स्टॉल लगवाने का कार्य, स्वागत गान, डब्लूपीयू, खेल मैदान, जल-जीवन हरियाली, बत्तख शेड, तालाब का कार्य, नल-जल, दीवार लेखन, डिजिटल बोर्ड आदि की निगरानी के लिए प्रखंड विकास पदाधिकारी सुनिल कुमार गौतम को नोडल पदाधिकारी बनाया गया है। जबकि पशु चिकित्सालय, थाना भवन, अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, आंगनबाड़ी भवन निर्माण, पौधारोपण, शवदाहगृह, पंचायत सरकार भवन, वेस्ट टू आर्ट पार्क, स्वरोजगार के कार्य, स्ट्रीट लाईट, खेल क्लब गठन, सामुदायिक पुस्तकालय का कार्य ससमय हो अंचलाधिकारी लखेंद्र कुमार को नोडल पदाधिकारी बनाया गया है।

इसके अलावे प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी मनीष कुमार पटेल, जीविका परियोजना प्रबंधक, श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी, चिकित्सक, थानाध्यक्ष, प्रखंड कृषि पदाधिकारी, प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी, मनरेगा पदाधिकारी, सहकारिता पदाधिकारी, सीडीपीओ, कनीय अभियंता पीएचईडी को अलग- अलग जिम्मेवारी सौंपी गई है।

## कपूर्री ठाकुर की जयंती समारोह में शामिल होंगे उपराष्ट्रपति

### पूर्व सीएम ने जिसमें अपना जीवन बिताया, वैसे ही झोपड़ी का बन रहा प्रारूप

**समस्तीपुर।** भारत रत्न पूर्व मुख्यमंत्री जननायक कपूर्री ठाकुर की 101वीं जयंती समारोह में इस बार 24 जनवरी को भारत के उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के अलावा बिहार के राज्यपाल अली मोहम्मद खान और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार शामिल लेंगे। समस्तीपुर में कार्यक्रम के दौरान सर्वधर्म प्रार्थना के साथ ही कपूर्री परिचर्चा का भी आयोजन किया गया है। परिचर्चा के दौरान उपराष्ट्रपति, राज्यपाल व मुख्यमंत्री करीब 1 घंटे तक यहां समय व्यतीत करेंगे। कपूर्री ठाकुर के पुत्र और केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री रामनाथ ठाकुर ने जानकारी देते हुए बताया कि कपूर्री ठाकुर को भारत रत्न मिलने के बाद यह पहली जयंती समारोह है इस जयंती समारोह में उपराष्ट्रपति भी शामिल हो रहे हैं।



यह पहला मौका है जब कपूर्री ठाकुर जी की जयंती समारोह में उपराष्ट्रपति शामिल होंगे। महाविद्यालय परिसर में मेन कार्यक्रम का आयोजन हालांकि पूर्व में मुख्यमंत्री लालू यादव के अलावा उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव और उसके बाद लगातार नीतीश कुमार इस कार्यक्रम में आते रहे हैं। कार्यक्रम की तैयारी जोर-जोर से की जा रही है। तीनों मुख्य अतिथियों के लिए अलग से हेलीपैड का निर्माण कराया गया है। कपूर्रीग्राम स्टेशन के पास स्थित चरण कपूर्री फुलेश्वरी महाविद्यालय परिसर में मुख्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम स्थल के पास ही हेलीपैड का निर्माण किया गया है। केंद्रीय मंत्री ने बताया कि तीनों अतिथि सर्वधर्म प्रार्थना के अलावा कपूर्री प्रतिमा स्थल पर माल्यार्पण करेंगे और कपूर्री परिचर्चा में शामिल होंगे। पूर्व मुख्यमंत्री कपूर्री ठाकुर का पूरा जीवन झोपड़ी में गुजरा था। वह जिस प्रकार की झोपड़ी में रहते थे ठीक उसी प्रकार की झोपड़ी का निर्माण कॉलेज परिसर में किया जा रहा है।

जिसमें आटा पीसने वाला जातां के साथ ही कच्ची नाली, दरवाजा आदि प्रतीक के रूप में बनाया जा रहा है।

बताया गया कि इस झोपड़ी को देखने के लिए उपराष्ट्रपति से लेकर तीनों अतिथि आएंगे।

## किराना दुकान में लगी आग, 12 लाख का नुकसान

### घंटों मशक्कत से दमकल की गाड़ियों ने पाया काबू शॉर्ट सर्किट से हुई घटना





**पूर्णिया।** में रात किराना दुकान में आग लगी । आग की लपटें इतनी तेज थी कि देखते ही देखते दुकान में रखा सारा सामान जलकर खाक हो गया। अगलगी का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है। सूचना पर दमकल की गाड़ी मौके पर पहुंची और घंटों की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। इस घटना का लाइव वीडियो भी सामने आया है। पीड़ित दुकानदार ने अगलगी में 12 लाख के नुकसान का अनुमान जताया है। घटना अमौर के शिव दुर्गा मंदिर के पास स्थित किराना दुकान की है। पीड़ित दुकानदार की पहचान अमौर निवासी सुशील कुमार साह के रूप में हुई है। पीड़ित सुशील कुमार साह ने बताया कि रोजाना की तरह रविवार रात करीब 9 बजे दुकान बंद कर घर आ गए थे। वे गहरी नींद में थे कि तभी रात गए उन्हें किराना दुकान से लगे दुकानदार उत्तम गुप्ता का फोन आया। दुकानदार ने फोन पर आग लगने की सूचना दी, जिसके बाद वे दौड़े भागे अपनी दुकान पर पहुंचे। यहां पहुंचने पर दुकान के अंदर से आग की भयानक लपटें देखी। दुकान का दोनों शटर लाल हो गया था। इसी बीच शोर होने पर भीड़ जमा हो गई। आपसी सहयोग से बाल्टी से पानी डालकर आग को बुझाने की कोशिश की गई, लेकिन आग की लपटें शांत होने के बजाय और भड़क उठी। इसके बाद फायर ब्रिगेड को कॉल कर अगलगी की सूचना दी गई। कुछ ही देर बाद फायर ब्रिगेड की दो गाड़ी मौके पर पहुंची। घंटों मशक्कत से आग की लपटों पर काबू पाया गया। जब तक आग बुझी, दुकान में रखा सारा सामान जलकर खाक हो गया था। दुकान में करीब 12 लाख का सामान था, अगलगी में सबकुछ राख में बदल गया। सूचना पाकर पहुंचे सीओ सुधांशु मधुकर ने स्थल का जायजा लिया है। इसके पीछे के कारणों का पता लगाया जा रहा है।

## लालू यादव मेरे अभिभावक उनसे मिलना कोई अपराध नहीं



**हाजीपुर।** में राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी के अध्यक्ष पशुपति कुमार पारस ने राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव से मुलाकात को लेकर चल रही अटकलों पर विराम लगा दिया है। रविवार की देर रात पारस ने कहा कि लालू यादव उनके अभिभावक रहे हैं और उनसे मिलने में कोई गलत बात नहीं है एनडीए से टिकट कटने के बाद से ही पारस की राजनीतिक गलियारों में चर्चा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि राबड़ी आवास पर लालू यादव से उनकी मुलाकात एक सामान्य भेंट थी, इसे राजनीतिक रंग नहीं दिया जाना चाहिए। पारस ने कहा कि राजनीति में मतभेद अलग बात है, लेकिन व्यक्तिगत और पारिवारिक संबंध अलग होते है। लोकसभा चुनाव में चाचा-भतीजे के बीच हाजीपुर सीट को लेकर चल रहे विवाद में एनडीए ने चिराग पासवान के जनाधार को देखते हुए पशुपति पारस को गठबंधन से बाहर कर दिया। इसके साथ ही उनके चार अन्य सांसदों के टिकट भी काट दिए गए। इसके बाद से पारस अपने भतीजे प्रिंस राज और बेटे यश राज के साथ नई राजनीतिक जमीन तलाश रहे है। पारस का कहना है कि राजनीति संभावनाओं से चलती है। और पार्टी के शीर्ष नेतृत्व का निर्णय मान्य होगा। यह बयान उन्होंने हाजीपुर में दिवंगत विधान परिषद सदस्य विशुनदेव राय के श्राद्धकर्म में शामिल होने के दौरान दिया।

## संक्षिप्त डायरी

### 4 साल के बच्चे का अपहरण

**वैशाली।** के गोरौल थाना क्षेत्र के बभनटोली गांव में एक बाइक सवार ने 4 साल के मासूम सूर्यांश का अपहरण कर लिया। घटना उस समय हुई जब बच्चा अपनी बड़ी बहन के साथ घर के बाहर खेल रहा था और उसकी मां खेत में काम कर रही थी। अपराध ने किसी संतोष का घर दिखाने का बहाना बनाकर बच्चे को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया। बच्चे की बहन ने तुरंत अपनी मां को फोन कर घटना की जानकारी दी। मामले की सूचना मिलते ही स्थानीय थाना और डीआईयु की टीम के साथ महुआ एसडीपीओ सुरभ सुमन मौके पर पहुंची। पूछताछ में बच्चे की मां सुनीता देवी ने बताया कि उनके पति अरविंद कुमार बाहर मजदूरी करते है और उनकी किसी से कोई दुश्मनी नहीं है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और बच्चे की बरामदगी के लिए विशेष टीम गठित कर दी गई है। हालांकि अभी तक पुलिस की ओर से कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है। परिवार किसी अनहोनी की आशंका से भयभीत है।

### राजद नेता विशुनदेव राय के श्राद्धकर्म में पहुंचे लालू यादव

**हाजीपुर।** में बिहार विधान परिषद के पूर्व सदस्य और राजद के वरिष्ठ नेता विशुनदेव राय के श्राद्धकर्म में रविवार को राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव पहुंचे। उन्होंने दिवंगत नेता के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी और भावुक हो गए। विशुनदेव राय वैशाली डिस्ट्रिक्ट कॉपरेटिव बैंक के पूर्व चेयरमैन और राजद के सहकारिता प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष थे। उनका निधन हार्ट अटैक से हुआ था। वैशाली में राजद के मजबूत स्तंभ माने जाने वाले राय का राजनीतिक सफर 1988 में शुरू हुआ था। राजनीतिक गलियारों में चर्चा है कि विशुनदेव राय पहले लालू प्रसाद की परंपरागत सीट राघोपुर से उनके प्रतिद्वंद्वी हुआ करते थे। हालांकि, सन 2000 में लालू ने उन्हें विधान पार्षद का टिकट दिया और वे चुनाव जीत गए। इसके बाद से वे लालू के करीबी नेताओं में शामिल हो गए। श्राद्धकर्म में कई राजनीतिक दलों के नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### दिवंगत समाजसेवी के व्यक्तित्व व कृतित्व पर चर्चा

**हाजीपुर।** समाजसेवी की श्रद्धांजलि सभा में बुद्धिजीवियों ने उनके कृतित्व और व्यक्तित्व विषय पर परिचर्चा का आयोजन किया गया। शहर के दिग्घी कला पूर्वी वार्ड 25 निवासी पंडित स्व. हरेंद्र तिवारी के आवासीय परिसर में सभा का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम सभा मे शामिल बुद्धिजीवी और अन्य लोगो ने पंडित स्व. हरेंद्र तिवारी के चित्र पर पुष्प अर्पित नमन किया। सभा को संबोधित करते हुए सेवनिवृत शिक्षक सूर्यदेव तिवारी ने कहा कि वे समाज के सतंभ थे। एक समर्पित समाजसेवी के चले जाना समाज के लिए अपूरणीय क्षति है। वही वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता अवधकिशोर सिंह, अरुण सिंह, रामलखन चौबे, वार्ड 25 की पार्षद बिधु देवी, गिरीश मिश्रा मनोज चौबे समेत अन्य लोगो ने कहा कि वे सचमुच विरले व्यक्ति थे। पंडित हरेंद्र तिवारी समाज को समर्पित भाव से आखरी सांस तक अपनी सेवायें दी। उनके निधन से समाज में जो अपूरणीय क्षति हुई है उसकी भरपाई नहीं हो सकती। हरेन्द्रजी का स्वभाव ऐसा था कि सभी को सहज ही आकर्षित करता था। कर्मकांड सेवा क्षेत्र में वह समाज के आदर्श थे। उनका निधन से उन लोगों को विशेष गहरा सदमा पहुंचा है, जो सेवा क्षेत्र से जुड़े हैं। उनकी अटूट सेवा भावना कइयों में सेवा ज्योति जाग्रत करती थी। उनका चुंबकीय व्यवहार सहज ही लोगों को सेवा करने के लिए प्रेरित करता था। धन्यवाद ज्ञापन रौशन कुमार किया। जितेंद्र तिवारी, रमेश चौबे, यदुवंश पांडे, सुधीर सिंह, भूपेंद्र तिवारी, घनश्याम सिंह, भूषण तिवारी, जयप्रकाश सिंह उर्फ पप्पू, कन्हैया , आशु सिंह, हरि तिवारी, सुरेश उपाध्या, अभय सिंह, अमर नाथ तिवारी, संभु ठाकुर, राजेश पाठक, राजू सिंह, चंद्र वर्धन, रामलखन चौबे, रामभजन चौबे आदि ने श्रद्धांजलि दी।

### पटना में राजस्थान के स्पीकर की तबीयत बिगड़ी

**पटना।** में सोमवार से शुरू हुए अखिल भारतीय पीठासीन सम्मेलन में शामिल होने आए राजस्थान के स्पीकर वासुदेव देवनानी की तबीयत बिगड़ी थी। अब उनकी हालत ठीक है। अस्पताल से छुट्टी हो चुकी है। वे शाम करीब 6 बजे विशेष विमान से राजस्थान के लिए रवाना हो गए हैं। देवनानी को PMCH के इंदिरा गांधी इंस्टीट्यूट ऑफ कार्डियोलॉजी में भर्ती किया गया था। यहां उनकी हार्ट से जुड़ी जांचें की गईं। एंजियोग्राफी भी होनी थी, लेकिन उन्होंने पिछले साल ही एंजियोग्राफी करवाई थी, इसलिए एंजियोग्राफी से मना कर दिया। वे शाम 5.15 बजे IGIC अस्पताल से निकल गए हैं। उन्होंने बाहर आकर कहा कि 'राजस्थान जा रहा हूं। एसिडिटी हो गई थी। दवाई लेने के लिए आया था। मेरी तबीयत ठीक है।' इसके पहले शाम साढ़े 4 बजे लोकसभा स्पीकर ओम बिरला देवनानी का हाल जानने IGIC पहुंचे थे। IGIC के डायरेक्टर डॉक्टर सुनील कुमार ने बताया कि 'देवनानी की हालत ठीक है। उन्होंने एंजियोग्राफी से इनकार कर दिया। आगे का इलाज जयपुर में ही करवाएंगे।' राजस्थान विधानसभा के डिप्टी सेक्रेटरी सुशील कुमार शर्मा ने बताया, 'उन्हें गैस की समस्या थी। बेचैनी थोड़ी ज्यादा हो गई, इसलिए उन्हें राजस्थान लेकर जा रहे हैं।'

## युवक की गोली मारकर हत्या पहले से था आपराधिक इतिहास मामा के घर रहता था

**भोजपुर।** के सकड्डी-नासरीगंज स्टेट हाइवे पर कोईलवर थाना क्षेत्र कुल्हड़िया फ्लाई ओवरब्रिज पर रविवार की देर शाम हथियारबंद अपराधियों ने बाइक सवार युवक को गोली मार हत्या कर दी। उसे पैर और गर्दन में गोली मारी गई है। इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोईलवर पटना ले जाने के क्रम में उसने दम तोड़ दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल से तीन खोखा बरामद किया है। मृतक की पहचान पटना के बिहटा थाना क्षेत्र के डुमरी निवासी रामअयोध्या राय के 28 वर्षीय पुत्र धर्मेंद्र के रूप में हुई है। युवक फाइनेंस कंपनी में काम करता था। सूचना मिलते ही चांदी थानाध्यक्ष राकेश रौशन दलबल के साथ मौके पर पहुंचे और घटनास्थल के पास जाम में खड़े ट्रक वालों से वस्तुस्थिति की जानकारी ली इधर, दूसरी तरफ कोईलवर सीएचसी में पहुंचे कोईलवर थानाध्यक्ष नरोत्तम चन्द्र ने जख्मी का बयान लिया, उसने बताया कि वो सकडी से अपने घर बिहटा की ओर जा रहा था। युवक के रेफर होने के बाद कोइलवर और चांदी थानाध्यक्ष ने घटनास्थल पर पहुंच साक्ष्य जुटाया। इस दौरान घटनास्थल से तीन खोखा बरामद किया गया है। सूत्रों ने बताया कि गोली लगने वाले युवक का पूर्व में आपराधिक इतिहास रहा है और वह अपने नानी के घर सकड्डी में रहता था। सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक राज घटनास्थल पर पहुंचकर निरीक्षण किया।


एसपी ने बताया कि कोईलवर थाना क्षेत्र के अंतर्गत अज्ञात अपराधियों द्वारा एक व्यक्ति की गोली मारकर हत्या कर दी गई।

मामले की गंभीरता को देखते हुए कार्रवाई और आरोपियों की गिरफ्तारी सुनिश्चित करने के लिए अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदरझ2 के नेतृत्व में एसआईटी का गठन किया गया है।

## फ्लिपकार्ट गोदाम से 8 मिनट में 4.95 लाख की डकैती

### कर्मचारी बोला: अलार्म बजा तो साथी को मार दी गोली 9 डकैतों ने बनाया था बंधक

**मुजफ्फरपुर।** में फ्लिपकार्ट गोदाम में 8 मिनट में 4.95 लाख रुपए की डकैती हुई है। कर्मचारियों को बंधक बनाकर अपराधियों ने वारदात को अंजाम दिया। 3 बाइक पर 9 अपराधी हथियार के साथ आए। गोदाम के अंदर मौजूद 19 स्टाफ को अलग-अलग जगहों पर बंधक बनाकर लूटपाट की। फ्लिपकार्ट गोदाम में काम करने वाले राजीव कुमार ने बताया, अपराधी कह रहे थे शांति से रहो, अंदर घुसो सब...फिर 9 से 10 बदमाशों ने हम सभी को कैश रूम में बंद कर दिया। बदमाश कैसे अंदर आए, इसे लेकर हमें कोई भनक नहीं लगी। हम लोग करीब 19 लोग अलग-अलग जगहों पर खड़े थे। कोई डिलीवरी ले रहा था, कोई कैश जमा कर रहा था।' डकैती के दौरान अलार्म बजने पर अपराधियों ने बंधक बनाए गए एक





कर्मी की गोली मारकर हत्या कर दी। वारदात को अंजाम देने के बाद अपराधी हथियार लहराते हुए फरार हो गए। वारदात सदर थाना क्षेत्र के खबरा स्थित फ्लिपकार्ट के गोदाम में रात 9 बजे के बाद की है। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस अधिकारी पहुंचे और पड़ताल में जुट गए। पुलिस के मुताबिक, भागने के दौरान अपराधियों की एक बाइक खराब होने की वजह से घटनास्थल पर ही छूट गई। मृतक की पहचान मनियारी थाना क्षेत्र के सिलौट गांव के 45 साल के प्रभात कुमार मिश्रा के रूप हुई है। हथियार लेकर अंदर पहुंचे डकैत, फिर शुरू कर दी मारपीट फ्लिपकार्ट गोदाम में मौजूद कर्मी राजीव ने बताया, 'अंदर घुसने के बाद डकैतों ने हम लोगों से पैसा निकालने के लिए बोला। इस दौरान कई कर्मियों के साथ मारपीट भी की। एक-दो कर्मी को हथियार के बट से मार कर चोटिल कर दिया। इसके बाद सभी कर्मियों को बंधक बनाकर कैश काउंटर में रखे 4.95 लाख रुपए बैग में रखकर जाने को तैयार हुए। इसी दौरान गोदाम में लगा अलार्म बज गया। अलार्म के बजने के बाद अपराधी आक्रोशित हो गए और कैश काउंटर पर बैठे कर्मी को गोली मार दी। इसके बाद हथियार लहराते हुए मौके से फरार हो गए।' डकैतों के भागने के बाद मौके पर मौजूद कर्मियों ने घायल को इलाज के लिए बैरिया के एक निजी अस्पताल में भर्ती करवाया। इलाज में उसकी मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही एसएसपी सुशील कुमार, सिटी एसपी, एसडीपीओ टाऊन 2 विनीता सिन्हा, सदर थानाध्यक्ष अश्मित कुमार दल बल के साथ मौके पर पहुंचे। उसके बाद [illegible] की टीम को मौके पर बुलाया गया। 9 की संख्या में पहुंचे अपराधी घटना को अंजाम देने के बाद मधौल फोरलेन की तरफ भागे। जानकारी मिली है कि घटना को अंजाम देने के दौरान अपराधी आपस में भोजपुरी भाषा में बात कर रहे थे। सभी के चेहरे कपड़े से ढके हुए थे। भागने के दौरान अपराधी कई जगह पर सीसीटीवी में कैद हुए हैं। एक फुटेज में दिख रहा है कि बाइक सवार अपराधियों की एक बाइक स्टार्ट नहीं हुई, जिसके बाद काफी देर तक बाइक को अपराधी धक्का देकर स्टार्ट करने की कोशिश करते रहे, लेकिन आखिर में जब बाइक स्टार्ट नहीं हुई, तो अपराधी बाइक को घटनास्थल पर ही छोड़कर फरार हो गए अपराधियों ने अपना चेहरा ढका हुआ है, लिहाजा सीसीटीवी में उनका चेहरा नहीं दिख रहा है।

# देश की पहली सोलर कार 'वेव मोबिलिटी' लांच, सिर्फ 80 पैसे में दौड़ेगी एक किमी

नई दिल्ली

देश की कार इंडस्ट्री में तेजी से परिवर्तन देखने को मिल रहे हैं। एक तरफ जहां इलेक्ट्रिक कारों में इनोवेशन देखने को मिल रहा है। तो अब भारतीय बाजार में सोलर कार की एंट्री हो चुकी है। दरअसल, भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो 2025 इवेंट में पुणे बेस्ड इलेक्ट्रिक व्हीकल स्टार्ट-अप कंपनी वेव मोबिलिटी ने देश की पहली सोलर पावर्ड कार 'वेव इवा' को लांच कर दिया।

- कार सिंगल चार्ज पर 250 किलोमीटर तक दौड़ेगी

तीन मीटर से भी छोटी इस इलेक्ट्रिक कार की शुरुआती एक्स-शोरूम कीमत सिर्फ 3.25 लाख रुपए है। कंपनी का दावा है कि ये कार सिंगल चार्ज पर 250 किमी तक दौड़ जाएगी। बात करें 'वेव इवा' सोलर कार के डिजाइन की तो इसमें इसमें जो सोलर पैनल दिया गया है उसे कार के सनरूफ की जगह पर इस्तेमाल किया जा सकता है। इससे 1 किमी चलने का खर्च सिर्फ 80 पैसे है।

### फ्रंट में सिंगल सीट

कंपनी का ये भी दावा है कि ये देश की पहली सोलर पॉवर्ड इलेक्ट्रिक कार है। इसके फ्रंट में सिंगल सीट और रियर में थोड़ी चौड़ी सीट दी है। जिस पर एक एडल्ट के साथ बच्चा बैठ पाएगा। इसकी ड्राइविंग सीट को 6 तरह से एडजेस्ट किया जा सकता है। इसके अलावा कार में पैनरोमिक सनरूफ दिया गया है। इसमें रिवर्स पार्किंग कैमरा भी दिया है।

## तीन मीटर से छोटी इस सोलर ईवी कार की शुरुआती कीमत 3.25 लाख रुपए

### 45 मिनिट में फुल चार्ज हो जाएगी

कार में 18केडबल्यूऐच का लीथियम-ऑयन बैटरी पैक दिया है। इसमें लिक्विड कूल्ड इलेक्ट्रिक मोटर का इस्तेमाल किया गया है जो 12केडबल्यू का पावर और 40 एनएम का टॉर्क जेनरेट करता है। कंपनी का दावा है कि ये कार सिंगल चार्ज में 250 किमी तक का ड्राइविंग रेंज देती है। इसमें जो सोलर पैनल दिया गया है उसे कार के सनरूफ की जगह पर इस्तेमाल किया जा सकता है। इससे 1 किमी तक जाने का खर्च 80 पैसे है। ये 5 सेकेंड में ही 0 से 40 किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार पकड़ सकती है। वहीं, इसे फुल चार्ज होने में सिर्फ 45 मिनिट का वक्त लगेगा।




### एपल-एंड्रॉयड वाला सिस्टम मिलेगा

कार के अंदर इसमें एसी के साथ एप्पल कारप्ले और एंड्रॉयड ऑटो कनेक्टिविटी सिस्टम दिया गया है। इसकी लंबाई 3060 एमएम, चौड़ाई 1150 एमएम, उंचाई 159 एमएम और 170 एमएम का ग्राउंड क्लीयरेंस दिया गया है। इस कार के फ्रंट में इंडिपेंडेंट कोल स्प्रिंग सस्पेंशन और पीछे की तरफ डुअल शॉक सस्पेंशन दिया गया है। इसके फ्रंट में डिस्क ब्रेक और रियर व्हील में ड्रम ब्रेक्स मिलते हैं। इलेक्ट्रिक पावर स्टीयरिंग से लैस इस कार का टर्निंग रेडियस 3.9 मीटर है। रियर व्हील ड्राइव वाली इस कार की टॉप स्पीड 70 किमी है।

## खबर संक्षेप

### एसबीआई लाइफ के मुनाफे में 17 प्रतिशत का इजाफा

**नई दिल्ली।** एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस का शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में 71 प्रतिशत बढ़कर 551 करोड़ रुपये हो गया। पिछले वित्त वर्ष की इसी तिमाही में उसका शुद्ध लाभ 322 करोड़ रुपये रहा था। एसबीआई द्वारा जीवन बीमा कंपनी ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि नए प्रीमियम और नवीनीकरण प्रीमियम में वृद्धि से मुनाफे में सुधार हुआ है।

### टेक महिंद्रा का शुद्ध लाभ 89 फीसदी बढ़ा




**मुंबई।** सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) सेवा प्रदाता कंपनी टेक महिंद्रा का शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में 89 प्रतिशत बढ़कर 989 करोड़ रुपये रहा। पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में कंपनी का शुद्ध लाभ 524 करोड़ रुपये रहा था। 1.4 प्रतिशत बढ़कर 13,286 करोड़ रुपये हो गई।

### इंडियन होटल्स का लाभ बढ़कर हुआ 29 प्रतिशत




**नई दिल्ली।** टाटा समूह की इंडियन होटल्स कंपनी लि. (आईएचसीएल) का शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष की दिसंबर तिमाही में 29 प्रतिशत बढ़कर 582.32 करोड़ रुपये रहा। कुल आय समीक्षाधीन तिमाही में 29 प्रतिशत बढ़कर 2,592 करोड़ रुपये हो गई, जो पिछले वित्तवर्ष 2024 की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में 2,003.64 करोड़ रुपये थी।

### जियो फाइनेंशियल का लाभ 295 करोड़ रुपए पर स्थिर




**नई दिल्ली।** जियो फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड का एकीकृत शुद्ध लाभ दिसंबर 2024 को समाप्त तीसरी 295 करोड़ रुपये पर स्थिर रहा। जियो फाइनेंशियल सर्विसेज ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि कंपनी ने पिछले वित्त वर्ष की इसी तिमाही में 294 करोड़ रुपये का एकीकृत शुद्ध लाभ अर्जित किया था।

### आयात शुल्क में कटौती से तेल-तिलहन में गिरावट



**नई दिल्ली।** विदेशों बाजारों में खाद्य तेलों का भाव टूटने तथा देश में आयात शुल्क मूल्य घटाये जाने के कारण बीते सप्ताह अधिकांश खाद्य तेल-तिलहनों के दाम हानि दर्शाते बंद हुए। इस दौरान सरसों तेल-तिलहन, सोयाबीन तेल, कच्चा पामतेल (सीपीओ) एवं पामोलीन के दाम हानि दर्शाते बंद हुए।

### पूंजीकरण में इंफोसिस व टीसीएस को बड़ा नुकसान




**नई दिल्ली।** सेंसेक्स की शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से छह के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में बीते सप्ताह सामूहिक रूप से 1.71 लाख करोड़ रुपये की गिरावट आई। सबसे ज्यादा नुकसान सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) क्षेत्र की कंपनियों इन्फोसिस और टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) को हुआ। पिछले सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 759.58 अंक या 0.98 प्रतिशत नीचे आया। वहीं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 228.3 अंक या 0.97 प्रतिशत टूटा।

## डेलॉयट इंडिया के विशेषज्ञों ने दिया सुझाव

# विनिर्माण को प्रोत्साहन के लिए कच्चे माल पर सीमा शुल्क घटाए सरकार

*सरकार को स्थानीय विनिर्माण को प्रोत्साहन देने के लिए आगामी बजट में चिकित्सा उपकरण, इलेक्ट्रॉनिक्स सामान और जूता-चप्पल (फुटवियर) उद्योग में इस्तेमाल होने वाले कच्चे माल (इनपुट) पर सीमा शुल्क में कटौती करनी चाहिए। कर विशेषज्ञों ने यह सुझाव दिया है।*

नई दिल्ली

डेलॉयट इंडिया के भागीदार (अप्रत्यक्ष कर) हरप्रीत सिंह ने कहा कि एक फरवरी को संसद में पेश किए जाने वाले 2025-26 के बजट से सीमा शुल्क पक्ष की प्रमुख मांगें दरों को युक्तिसंगत बनाने, व्यवस्था को सरल करने और मुकदमेबाजी और विवाद प्रबंधन की होंगी।

सिंह ने कहा, ''चरणबद्ध विनिर्माण योजना की तर्ज पर हम इलेक्ट्रॉनिक्स, घरेलू उपकरणों, स्वास्थ्य सेवा उत्पादों और फार्मास्युटिकल्स में कच्चे माल में कुछ शुल्क कटौती की उम्मीद करते हैं। ये ऐसे उद्योग हैं जहां सरकार विनिर्माण के मामले में प्रोत्साहन देना चाहती है।''

### जुलाई 2024 के बजट में युक्तिकरण पर कहा गया था

जुलाई, 2024 में पेश बजट में घोषित प्रस्तावित सीमा शुल्क युक्तिकरण पर सिंह ने कहा कि जिन क्षेत्रों में करों को तर्कसंगत किया जा सकता है उनमें स्वास्थ्य सेवा, चिकित्सा उपकरण विनिर्माण, रेफ्रिजरेटर, एसी जैसे बड़े इलेक्ट्रॉनिक सामान, इलेक्ट्रॉनिक्स, जूते और खिलौने शामिल हैं।



### अलग-अलग स्लैब आ सकते हैं

प्राइस वॉटरहाउस एंड कंपनी एलएलपी के प्रबंध निदेशक अनुराग सहगल ने कहा, ''सरकार विभिन्न उत्पादों के लिए अलग-अलग स्लैब ला सकती है, जो इस बात पर निर्भर करता है कि वह मूल्य श्रृंखला में कहां स्थित है। वस्तुओं को मूल्य वर्धित/प्राथमिक और कच्चे माल/मध्यवर्ती के रूप में वर्गीकृत किया जा सकता है, और उसी के अनुरूप स्लैब तय किए जा सकते हैं।''

### स्लैब को घटाकर चार या पांच किया जाए

वर्गीकरण विवादों को कम करने के लिए, बजट ने सीमा शुल्क दरों की समीक्षा की घोषणा की थी। वर्तमान में, एक दर्जन से अधिक सीमा शुल्क दरें हैं, और सरकार दर स्लैब की संख्या को घटाकर चार या पांच करने पर विचार कर रही है।

- सरकार दरों को युक्तिसंगत बनाए
- स्वास्थ्य सेवा, चिकित्सा उपकरण, फ्रिज, जूते पर कर तर्क संगत करे
- वर्तमान में, एक दर्जन से अधिक सीमा शुल्क दरें हैं

### ढांचे को सरल करने की मांग उठी

नांगिया एंडरसन एलएलपी के कार्यकारी निदेशक-अप्रत्यक्ष कर शिवकुमार रामजी ने कहा कि दरों की बहुलता को कम करने के लिए सीमा शुल्क ढांचे को सरल करने की मांग उठ रही है। इसके अलावा उलट शुल्क ढांचे को भी दुरुस्त करने की जरूरत है। इसके साथ ही, स्पष्टीकरण और दरों को सुसंगत कर वर्गीकरण विवादों को कम करने की जरूरत है।

### सीमा शुल्क विवादों में 50 हजार करोड़ फंसे

ग्रांट थॉर्नटन भारत के भागीदार मनोज मिश्रा ने कहा कि सीमा शुल्क विवादों में करीब 50,000 करोड़ रुपये फंसे हुए हैं और माफी योजना से विवाद निपटाने में मदद मिलेगी।

# विप्रो अगले वित्त वर्ष में करेगी 12,000 छात्रों की नियुक्ति

नई दिल्ली

देश की चौथी सबसे बड़ी सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) कंपनी विप्रो को अगले वित्त वर्ष 2025-26 में 10,000-12,000 छात्रों की भर्ती की उम्मीद है। विप्रो ने शुक्रवार को अपने दिसंबर तिमाही के आंकड़ों की घोषणा की।

- कंपनी के अधिकांश कर्मचारी अमेरिका में स्थानीय
- हमारे पास एच-1बी वीजा का अच्छा भंडार है

कंपनी ने अमेरिका में एच-1बी वीजा व्यवस्था में होने वाले बदलावों के बारे में किसी भी चिंता को कम करने की कोशिश करते हुए कहा कि उसके कर्मचारियों का एक महत्वपूर्ण हिस्सा अमेरिका में स्थानीय है। विप्रो के मुख्य मानव संसाधन अधिकारी सौरभ गोविल ने कंपनी के तिमाही आंकड़ों की घोषणा करते हुए कहा, "हम बड़ी संख्या में लोगों को नियुक्त कर रहे हैं... जो अमेरिका में स्थानीय हैं और आज अमेरिका में हमारे कर्मचारियों का एक महत्वपूर्ण हिस्सा स्थानीय है... हमारे पास एच-1बी वीजा का अच्छा भंडार है, इसलिए हम जब भी आवश्यकता होगी लोगों को स्थानांतरित कर सकते हैं... यदि मांग बढ़ती है, तो आपूर्ति पक्ष हमारे लिए बाधा नहीं बनेगा।" विप्रो के कर्मचारियों की संख्या में चालू वित्त वर्ष (2024-25) की तीसरी तिमाही में 1,157 की कमी आई। वित्त वर्ष 2024-25 की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में कर्मचारियों की संख्या 2,32,732 रही, जबकि जुलाई-सितंबर तिमाही में यह 2,33,889 और वित्त वर्ष 2023-24 की दिसंबर तिमाही में 2,39,655 थी।

### कंपनी हर तिमाही में 3000 फ्रेशर करेगी शामिल

गोविल ने कहा कि कंपनी ने अपने सभी लंबित प्रस्तावों को स्वीकार कर लिया है। कंपनी हर तिमाही में 2,500-3,000 'फ्रेशर्स'' को शामिल करना जारी रखेगी। इसका मतलब है कि हर वित्त वर्ष में 10,000-12,000 'फ्रेशर्स'' को शामिल किया जाएगा।

# सप्ताह में 90 घंटे काम करना मुश्किल : भारतपे सीईओ

नई दिल्ली



- गुणवत्ता रखती है अधिक मायने
- हम काम के घंटों को लेकर अधिक अपेक्षाएं नहीं रखते

भारत में 90 घंटे के कार्य सप्ताह को लेकर चल रही बहस के बीच वित्तीय प्रौद्योगिकी कंपनी भारतपे के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) नलिन नेगी ने कहा है कि जब कार्यस्थल पर कर्मचारियों के परिणामों और उत्पादकता को मापने की बात आती है तो गुणवत्ता अधिक मायने रखती है, न कि लंबे समय तक काम करना।

नेगी ने इस बात पर जोर दिया कि भारतपे में हम काम के घंटों को लेकर अधिक अपेक्षाएं नहीं रखते हैं। उनकी यह टिप्पणी ऐसे समय में आई है जब कॉरपोरेट भारत में काम के घंटों को लेकर बहस छिड़ी हुई है। इससे पहले, बुनियादी ढांचा एवं निर्माण कंपनी लार्सन एंड टुब्रो (एलएंडटी) के चेयरमैन एस एन सुब्रमण्यन ने रविवार को कर्मचारियों से काम न करा पाने पर खेद व्यक्त किया था। नेगी ने कहा कि काम की गुणवत्ता 'सबसे पहले' है, न कि घंटों की संख्या। नेगी ने कहा, "90 घंटे काम करना काफी कठिन होता है। इसलिए मैं कहूंगा कि यह गुणवत्ता के बारे में है... गुणवत्ता मायने रखती है। भारतपे के शीर्ष अधिकारी ने कहा कि कार्य और व्यक्तिगत जीवन में संतुलन को लेकर बहस हमेशा से होती रही है और एक युवा संगठन के रूप में भारतपे का लक्ष्य एक आरामदायक और सक्षम वातावरण प्रदान करना है, जहां कर्मचारी अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर सकें।

### कई उद्योगपति नाराजगी जता चुके

एलएंडटी के चेयरमैन के सप्ताह में 90 घंटे काम करने के सुझाव को लेकर सोशल मीडिया पर कई लोगों ने नाराजगी जताई है। विभिन्न क्षेत्रों के दिग्गजों ने भी इसपर अपनी राय जताई है। आरपीजी एंटरप्राइजेज के चेयरमैन हर्ष गोयनका ने इसको लेकर सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर कहा था, "मैं कड़ी मेहनत और समझदारी से काम करने में विश्वास करता हूं।

## अदाणी एनर्जी के पास ऑर्डर बढ़कर 54,700 करोड़ रुपए ...




**नई दिल्ली।** भारत की सबसे बड़ी बिजली पारेषण और वितरण कंपनी अदाणी एनर्जी सॉल्यूशंस लिमिटेड (एईएसएल) ने दो नई पारेषण परियोजनाएं हासिल की हैं। इसके साथ ही कंपनी की ऑर्डर बुक बढ़कर 54,700 करोड़ रुपये हो गई है। यह चालू वित्त वर्ष (2024-25) की शुरुआत में मिले ऑर्डर से तीन गुना से भी अधिक है। निवेश बैंकिंग कंपनी जेफरीज ने एक रिपोर्ट में कहा कि अदाणी एनर्जी ने अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में, राजस्थान में अक्षय ऊर्जा पार्क से संबंधित 28,455 करोड़ रुपये की दो नई पारेषण परियोजनाएं हासिल कीं। इनमें 25,000 करोड़ रुपये की भादला-फतेहपुर एचवीडीसी परियोजना शामिल है, जो एईएसएल का अबतक का सबसे बड़ा ऑर्डर है। इन ऑर्डर ने टीबीसीबी (शुल्क-आधारित प्रतिस्पर्धी बोली) में कंपनी की बाजार हिस्सेदारी को दूसरी तिमाही के 17 प्रतिशत से बढ़ाकर 24 प्रतिशत कर दिया है।

# सेम्बकॉर्प ओडिशा में हरित हाइड्रोजन संयंत्र लगाएगी

- अनुमानित उत्पादन क्षमता 7,20,000 टन सालाना होगी

नई दिल्ली



ओडिशा में हरित हाइड्रोजन उत्पादन सुविधा स्थापित करने की संभावना तलाशने के मकसद से सेम्बकॉर्प इंडस्ट्रीज ने प्रदेश सरकार के साथ दो गैर-बाध्यकारी समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए। कंपनी ने एक बयान में कहा कि सेम्बकॉर्प की पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी कंपनियों- सेम्बकॉर्प ग्रीन हाइड्रोजन इंडिया प्राइवेट लिमिटेड (एसजीएचआईपीएल) और सेम्बकॉर्प डेवलपमेंट लिमिटेड ने सिंगापुर के परिवहन मंत्री और दूसरे वित्तमंत्री ची होंग टाट और ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी की उपस्थिति में समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए।

बयान में कहा गया है, ओडिशा औद्योगिक संवर्धन और निवेश निगम लिमिटेड के साथ हस्ताक्षरित एमओयू के तहत, एसजीएचआईपीएल हरित हाइड्रोजन और इसके डेरिवेटिव के लिए एक उत्पादन सुविधा के विकास की संभावना तलाशेगी, जिसकी अनुमानित उत्पादन क्षमता 7,20,000 टन सालाना होगी।

# कंपनियों के नतीजे, ट्रंप की घोषणाओं से चलेगा बाजार

नई दिल्ली

स्थानीय शेयर बाजारों की दिशा इस सप्ताह एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक जैसी बड़ी कंपनियों के तिमाही नतीजों, डोनाल्ड ट्रंप के अमेरिकी राष्ट्रपति के रूप में शपथ ग्रहण करने के बाद की घोषणाओं और विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) की गतिविधियों से तय होगी। विश्लेषकों ने यह राय जताई है। ट्रंप सोमवार को दूसरे कार्यकाल के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति के रूप में शपथ लेंगे। सप्ताह के दौरान भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लि. (बीपीसीएल), एचडीएफसी बैंक, हिंदुस्तान यूनिलीवर, डॉ रेड्डीज, अल्ट्राटेक सीमेंट, जेएसडब्ल्यू स्टील और आईसीआईसीआई बैंक सहित कई बड़ी कंपनियां अपने दिसंबर तिमाही के नतीजों की घोषणा करेंगी। इसके अलावा विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) और घरेलू संस्थागत निवेशकों (डीआईआई) के बीच का संघर्ष भी बाजार की जटिलता को और बढ़ा रहा है।




- एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक के आएंगे नतीजे

### बाजार में बना रहेगा उतार-चढ़ाव

विशेषज्ञों ने कहा कि वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल के दाम, डॉलर के मुकाबले रुपये की चाल भी बाजार की दिशा के लिए महत्वपूर्ण रहेगी। मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड के शोध प्रमुख-संपदा प्रबंधन सिद्धार्थ खेमका ने कहा, तीसरी तिमाही के लिए नतीजों का सिलसिला जारी है। ऐसे में घरेलू शेयर बाजार में उतार-चढ़ाव रहेगा।

# सभी खातों और लॉकरों के लिए 'नॉमिनी' सुनिश्चित करें बैंक

मुंबई



- आरबीआई ने सभी बैंकों से कहा
- बड़ी संख्या में खातों में व्यक्ति नामित नहीं

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने बैंकों से कहा कि वे नए और सभी मौजूदा ग्राहकों के जमा खातों तथा सुरक्षा लॉकरों में नामित (नॉमिनी) सुनिश्चित करें। केंद्रीय बैंक ने कहा कि बड़ी संख्या में खातों में व्यक्ति नामित नहीं हैं।

नामांकन सुविधा का उद्देश्य जमाकर्ता/जमाकर्ताओं की मृत्यु पर परिवार के सदस्यों की कठिनाई को कम करना तथा दावों का शीघ्र निपटान करना है। हालांकि, केंद्रीय बैंक के परिपत्र के अनुसार, रिजर्व बैंक के आकलन के आधार पर यह पाया गया है कि बड़ी संख्या में जमा खातों में नामित उपलब्ध नहीं हैं। इसने कहा, "मृत जमाकर्ताओं के परिवार के सदस्यों को असुविधा और अनावश्यक कठिनाई से बचाने के लिए हम सभी मौजूदा और नए ग्राहकों के लिए नामित व्यक्ति का नाम प्राप्त करने की आवश्यकता पर जोर देते हैं, जिनके पास जमा खाते, सुरक्षित अभिरक्षा लेख और सुरक्षा लॉकर हैं।" आरबीआई ने कहा कि निदेशक मंडल की ग्राहक सेवा समिति (सीएससी) को नामांकन कवरेज की उपलब्धि की निश्चित अवधि पर समीक्षा करनी चाहिए। इस संबंध में प्रगति रिपोर्ट 31 मार्च, 2025 से शुरू होकर तिमाही आधार पर रिजर्व बैंक के दक्ष पोर्टल पर दी जानी चाहिए। परिपत्र में कहा गया है कि इसके अलावा, शाखाओं में अग्रिम पंक्ति के कर्मचारियों को नामित प्राप्त करने के साथ-साथ मृतक घटकों के दावों को उचित तरीके से निपटाने और नामित व्यक्तियों/कानूनी उत्तराधिकारियों से निपटने के लिए उपयुक्त रूप से प्रशिक्षित किया जा सकता है। आरबीआई ने कहा कि खाता खोलने के फॉर्म को उपयुक्त रूप से संशोधित किया जा सकता है (यदि ऐसा पहले नहीं किया गया है) जिसमें ग्राहकों के लिए नामित सुविधा का लाभ उठाने या इसका विकल्प चुनने का प्रावधान हो।

### ग्राहकों को सीधे सूचित किया जा रहा

ग्राहकों को सीधे सूचित करने के अलावा, संबंधित बैंकों और एनबीएफसी को विभिन्न मीडिया माध्यम से नामांकन सुविधा के उपयोग के लाभों का प्रचार करने के लिए भी कहा गया है, जिसमें सभी पात्र ग्राहक खातों की पूर्ण कवरेज प्राप्त करने के लिए समय-समय पर अभियान शुरू करना भी शामिल है।

## कनाडा के एक पोर्टल ने अदालत में दायर दस्तावेजों का हवाला दिया

# हिंडनबर्ग के नेट एंडरसन सवालों के घेरे में आए

टोरंटो

लगभग आठ साल पुरानी अपनी शोध-निवेश कंपनी हिंडनबर्ग रिसर्च को बंद करने की घोषणा करने वाले नेट एंडरसन कंपनियों को लक्षित करके रिपोर्ट तैयार करने में 'हेज फंड्स' के साथ कथित संबंधों के लिए सवालों के घेरे में हैं।

- हिंडनबर्ग ने रिपोर्ट तैयार करते समय एन्सन के साथ मिलीभगत की थी

कनाडा के एक पोर्टल ने ओन्टारियो की एक अदालत में दायर दस्तावेजों का हवाला देते हुए यह जानकारी दी। हेज फंड ऐसी इकाई है, जो बड़े निवेशकों से राशि प्राप्त कर लाभ कमाने के लिए प्रतिभूतियों समेत विभिन्न मदों में निवेश करती है।

***एन्सन के कासम ने कहा शोध विभिन्न स्त्रोतो से साझा की :*** *एक जटिल मानहानि मुकदमे में ओन्टारियो सुपीरियर कोर्ट ऑफ जस्टिस में दायर दस्तावेजों के एक संग्रह में कनाडा के एन्सन 'हेज फंड' के प्रमुख मोएज कासम ने कहा कि उनकी कंपनी ने हिंडनबर्ग के नैट एंडरसन सहित 'विभिन्न स्रोतों के साथ' शोध साझा किया है।*




***कंपनी प्रतिभूति उधार लेकर खुले बाजार में बेचते थे :*** *जहां निवेश कंपनी प्रतिभूति उधार लेकर उसे खुले बाजार में बेचते हैं,।*

***भागीदारी के खुलासे के बिना मंदी की रिपोर्ट तैयार की :*** *पोर्टल 'मार्केट फ्रॉड' ने कहा कि अदालती दस्तावेजों से कथित तौर पर पता चला है कि हिंडनबर्ग ने रिपोर्ट तैयार करते समय एन्सन के साथ मिलीभगत की थी। भागीदारी के खुलासे के बिना मंदी की रिपोर्ट तैयार करने पर अमेरिकी प्रतिभूति और विनिमय आयोग (एसईसी) द्वारा प्रतिभूति धोखाधड़ी का आरोप लगाया जा सकता है।*

### एंडरसन वास्तव में एन्सन फंडस के लिए काम कर रहा था

हालांकि, एन्सन और कासम से तत्काल संपर्क नहीं हो सका, तथा एंडरसन को भेजी गई ईमेल का भी कोई उत्तर नहीं मिला। वेबसाइट ने दावा किया, "एंडरसन और एन्सन फंड्स के बीच ईमेल वार्तालापों से हम इस तथ्य को जानते हैं कि वह वास्तव में एन्सन के लिए काम कर रहा था और उन्होंने जो कुछ भी उससे कहा, उसे प्रकाशित कर दिया, लक्ष्य मूल्य से लेकर रिपोर्ट में क्या होना चाहिए और क्या नहीं होना चाहिए तक।

### संवादों के स्क्रीनशॉट साझा

मार्केट फ्रॉड्स ने अपने आरोप के समर्थन में हिंडनबर्ग और एन्सन के बीच कुछ ईमेल संवादों के स्क्रीनशॉट भी साझा किए हैं, जिनके बारे में उसका दावा है कि उसे ये संवाद ओन्टारियो न्यायालय में उपलब्ध दस्तावेजों के माध्यम से प्राप्त हुए हैं।

### एन्सन व एंडरसन के खिलाफ कई मामले

इसमें कहा गया है, एन्सन फंड्स और नैट एंडरसन दोनों के खिलाफ प्रतिभूति धोखाधड़ी के कई मामले हैं, तथा खबर लिखने के समय तक हमने केवल पांच प्रतिशत मामले की ही जांच की है। अब तक हमने जो पढ़ा है, उसके अनुसार यह लगभग निश्चित है कि जब हिंडनबर्ग और एन्सन के बीच का पूरा लेन-देन एसईसी तक पहुंचेगा।

# भारत की महिला-पुरुष टीमों ने खो-खो वर्ल्ड कप के पहले खिताब जीते





**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत की महिला-पुरुष टीमों ने खो-खो वर्ल्ड कप के पहले खिताब जीत लिए है। रविवार को नई दिल्ली के इंदिरा गांधी इनडोर स्टेडियम में दोनों कैटेगरी के फाइनल खेले गए। विमेंस टीम ने नेपाल को 78-40 के बड़े अंतर से हराया। वहीं मेंस टीम ने भी नेपाल को ही हराया, लेकिन अंतर 54-36 का रहा। खो-खो वर्ल्ड कप 13 से 19 जनवरी तक नई दिल्ली में खेला गया। भारत की दोनों टीमें टूर्नामेंट में अजेय रहीं। जबकि नेपाल की दोनों टीमों को भारत के खिलाफ ही हार का सामना करना पड़ा। मेंस फाइनल में नेपाल ने टॉस जीतकर डिफेंस चुना। पहली पारी में भारत ने 26 पॉइंट्स हासिल किए, जबकि नेपाल को एक भी पॉइंट नहीं मिला। टीम इंडिया नेपाल को एक बार ऑलआउट करने में भी कामयाब रही। भारत ने पहली पारी में 26-0 की बढ़त ली। दूसरी पारी में नेपाल ने चेज किया और टीम ने 18 पॉइंट्स बटोरे। हाफ टाइम के बाद स्कोर 26-18 से भारत के पक्ष में रहा।

तीसरी पारी में भारत ने 28 पॉइंट्स हासिल किए। नेपाल की टीम 4 मिनट के अंदर ही ऑलआउट हो गई, टीम एक भी ड्रीम रन नहीं बना सकी। तीसरे टर्न के बाद भारत ने 54-18 के अंतर से बढ़त बनाए रखी। चौथे टर्न में भी नेपाल की टीम 18 ही पॉइंट्स ले सकी और भारत ने 54-36 के अंतर से वर्ल्ड कप जीत लिया।

विमेंस ग्रुप में 19 टीमों ने हिस्सा लिया। इंडिया विमेंस ग्रुप-ए में ईरान, मलेशिया और साउथ कोरिया के साथ थी। टीम ने साउथ कोरिया को 176-18, ईरान को 100-16 और मलेशिया को 100-20 के बहुत बड़े अंतर से हराया। टीम ने ग्रुप स्टेज में टॉप कर क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। क्वार्टर फाइनल में भारत ने बांग्लादेश को 109-16 के अंतर से हराया। वहीं सेमीफाइनल में साउथ अफ्रीका के खिलाफ 66-16 से मुकाबला जीता। फाइनल में भी इंडिया विमेंस का दबदबा दिखा और टीम ने 78-40 के अंतर से मुकाबला जीत लिया। पूरे टूर्नामेंट में नेपाल इकलौती ऐसी टीम रही, जिसने भारत के खिलाफ हार का अंतर 50 से कम पॉइंट्स का रखा।

# नीरज चोपड़ा ने हिमानी संग विवाह रचाया



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** ओलंपिक स्वर्ण और रजत पदक विजेता भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा शादी के बंधन में बंध गये हैं। नीरज की शादी एक पारिवारिक समारोह में सोनीपत की हिमानी मोर से हुई है इसमें परिवार और रिश्तेदारों के अलावा करीबी लोग ही शामिल हुए। नीरज ने सोशल मीडिया के जरिये आपनी शादी की तस्वीरें साझा की है। नीरज ने विवाह समारोह की तस्वीरों के साथ लिखा, 'मैंने अपने परिवार के साथ अपने जीवन का एक नया अध्याय शुरू किया है। साथ ही लिखा है कि हर उस आशीर्वाद के लिए आभारी हूं जिसने हमें इस पल तक पहुंचाया। प्यार से बंधे, हमेशा खुश रहें।

नीरज के विवाह को लेकर चाचा भीम ने बताया कि विवाह देश में ही हुआ और यह जोड़ा हनीमून के लिए विदेश रवाना हो गया है। हिमानी अभी अमेरिका में पढ़ाई कर रही हैं। भीम ने कहा, 'हां, विवाह दो दिन पहले भारत में हुआ। मैं यह नहीं बता सकता कि यह कहां हुआ। लड़की सोनीपत की है और वह अमेरिका में पढ़ाई कर रही है। वे हनीमून के लिए देश से बाहर गए हैं और मुझे नहीं पता कि वे कहां जा रहे हैं। हम निजता बनाये रखना चाहते थे। टोक्यो ओलंपिक में स्वर्ण और पेरिस खेलों में रजत पदक जीतने वाले नीरज इससे पहले दक्षिण अफ्रीका में ट्रेनिंग ले रहे थे। नीरज ने टोक्यो ओलंपिक में स्वर्ण जबकि पेरिस ओलंपिक में रजत पदक जीता था।

# शमी अभ्यास सत्र में पैर में पट्टी बांधे दिखे



**कोलकाता (एजेंसी)।** तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी इंग्लैंड के खिलाफ टी20 क्रिकेट सीरीज के लिए लगाये अभ्यास सत्र के दौरान लंगड़ाते हुए गए ड्रेसिंग रूम की ओर जाते दिखे। शमी को पैर पर पट्टी बांधे देखा गया और वो लंगड़ाकर ड्रेसिंग रूम की ओर जा रहे थे। भारतीय टीम को 22 जनवरी से इंग्लैंड के खिलाफ तीन मैचों की टी20 सीरीज खेलनी है। इसमें शमी की फिटनेस की जांच भी हो जाएगी। शमी को अगले माह होने वाली चैम्पियंस ट्रॉफी के लिए भी टीम में शामिल किया गया है। ऐसे में उनकी फिटनेस पर चयन समिति की भी नजरें रहेंगी। शमी जिस प्रकार से अभ्यास के दौरान असहज नजर आये उससे उनकी फिटनेस पर सवाल उठने लगे हैं।

शमी एक साल से भी अधिक समय से टीम से बाहर हैं। साल 2024 के पूरे सत्र में वह टखने की चोट के कारण नहीं खेल पाये थे। गत वर्ष नवंबर में बंगाल की ओर से घरेलू क्रिकेट में उनकी सफल वापसी हुई। इसी को देखते हुए चयनकर्ताओं ने शमी को इंग्लैंड के खिलाफ चैंपियंस ट्रॉफी से पहले मैदान में उतारा। शमी ने ईडन गार्डन्स में पहले अभयास सत्र में भाग लिया। उन्होंने एक घंटे से अधिक समय तक पूरी ताकत से गेंदबाजी की पर इसके बाद उन्हें पैर में दर्द होने लगा। इसके बाद वह ड्रेसिंग रूम की ओर लौटे पर कुछ समय बाद ही पट्टी बांधकर वापस आ गये।

# मेजबान पीसीबी अबतक नहीं कर पाया चैंपियंस ट्रॉफी के लिए टीम घोषित

**लाहौर (एजेंसी)।** अगले माह होने वाली आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी के लिए अभी तक आठ में से सात टीमें घोषित कर दी गयी हैं। वहीं इसकी मेजबानी कर रहा पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) अभी तक अपनी टीम घोषित नहीं कर पाया है जबकि इसके लिए आईसीसी की समय सीमा भी समाप्त हो गयी। पीसीबी ने गत वर्ष टी20 विश्वकप के लिए भी अंतिम समय में ही टीम घोषित की थी और इस बार भी वही होने जा रहा है। यह टूर्नामेंट पाकिस्तान में 19 फरवरी से शुरू होगा। इस टूर्नामेंट में आठ टीमों को दो ग्रुप में बांटा गया है और हर टीम तीन ग्रुप स्टेज मैच खेलेगी और हर ग्रुप से शीर्ष दो टीमें सेमीफाइनल में पहुंचेंगी। ग्रुप ए में बांग्लादेश, भारत, पाकिस्तान और न्यूजीलैंड शामिल हैं, जबकि ग्रुप बी में अफगानिस्तान, इंग्लैंड, ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका हैं। इस टूर्नामेंट का पहला मैच 19 फरवरी को कराची में मेजबान टीम पाकिस्तान और न्यूजीलैंड के बीच खेला जाएगा। इसमें भारतीय टीम के मुकाबले हाइब्रिड मॉडल के आधार पर दुबई में खेले जाएंगे।

**न्यूजीलैंड**

मिचेल सेंटनर (कप्तान), माइकल ब्रेसवेल, मार्क चैपमैन, डेवोन कॉनवे, लॉकी फर्ग्यूसन, मैट हेनरी, टॉम लैथम, डेरिल मिशेल, विल ओ'रूर्के, ग्लेन फिलिप्स, रचिन रवींद्र, बेन सियर्स, नाथन स्मिथ, केन विलियमसन , विल यंग।

**इंग्लैंड**

जोस बटलर (कप्तान), जोफ्रा आर्चर, गस एटकिंसन, जैकब बेथेल, हैरी ब्रुक, ब्रायडन कारसे, बेन डकेट, जेमी ओवरटन, जेमी स्मिथ, लियाम लिविंगस्टोन, आदिल राशिद, जो रूट, साकिब महमूद, फिल साल्ट, मार्क वुड

**ऑस्ट्रेलिया**

पैट कमिंस (कप्तान), एलेक्स कैरी, नाथन एलिस, आरोन हार्डी, जोश हेजलवुड, ट्रैविस हेड, जोश इंग्लिस, मार्नस लाबुशेन, मिचेल मार्श, ग्लेन मैक्सवेल, मैट शॉर्ट, स्टीव स्मिथ, मिशेल स्टार्क, मार्कस स्टोइनिस, एडम जम्पा

**साउथ अफ्रीका**

टेम्बा बावुमा (कप्तान), हेनरिक क्लासेन (विकेटकीपर), रयान रिकलटन (विकेटकीपर), एडेन मार्कराम, ट्रिस्टन स्टब्स, टोनी डी ज़ोरज़ी, रासी वैन डेर डुसेन, डेविड मिलर, केशव महाराज, तबरेज शम्सी, कैगिसो रबाडा, वियान मुल्डर, मार्को जानसन, लुंगी एनगिडी, एनरिक नॉर्टजे।

**भारत**

रोहित शर्मा, शुभमन गिल (उप-कप्तान), विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, केएल राहुल, हार्दिक पंड्या, अक्षर पटेल, वाशिंगटन सुंदर, कुलदीप यादव, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद शमी, अर्शदीप सिंह, यशस्वी जायसवाल, ऋषभ पंत, रवींद्र जडेजा

**अफगानिस्तान**

हशमतुल्लाह शाहिदी (कप्तान), इब्राहिम जादरान, रहमानुल्लाह गुरबाज, सेदिकुल्लाह अटल, रहमत शाह, इकराम अलीखिल, गुलबदीन नायब, अजमतुल्लाह उमरजई, मोहम्मद नबी, राशिद खान, एएम गजनफर, नूर अहमद, फजलहक फारूकी, फरीद मलिक, नावेद जादरान।



**बांग्लादेश**

नजमुल हुसैन शंटो (कप्तान), सौम्या सरकार, तंजीद हसन, तौहीद हृदयोय, मुश्फिकुर रहीम, एमडी महमूद उल्लाह, जेकर अली अनिक, मेहदी हसन मिराज, रिशाद हुसैन, तस्कीन अहमद, मुस्तफिजुर रहमान, परवेज हुसैन इमोन, नसुम अहमद, तंजीम हसन साकिब, नाहिद राणा

# शाकिब की मुश्किलें बढ़ीं, चेक बाउंस होने के मामले में गिरफ्तारी वारंट जारी



ढाका। बांग्लादेश क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान शाकिब अल हसन के खिलाफ ढाका की एक अदालत ने चेक बाउंस होने के मामले में गिरफ्तारी वारंट जारी है। शाकिब हालांकि अभी देश से बाहर हैं। पिछले साल शेख हसीना सरकार के खिलाफ हुए छात्र आंदोलन के बाद उनपर हत्या के एक मामले में आरोप लगे थे जिसके बाद से ही शाकिब बांग्लादेश नहीं लौटे हैं। शाकिब हसीना की आवामी लीग से सांसद थे। इंटरनेशनल फाइनेंस इन्वेस्टमेंट एंड कॉमर्स (आईएफआईसी) बैंक ने शाकिब के खिलाफ मामला दर्ज कराया था। आईएफआईसी बैंक ने पिछले साल अक्टूबर में चेक बाउंस होने के मामले में कानूनी नोटिस जारी किया था। इसके बाद 24 दिसंबर को क्रिकेटर से व्यवसायी बने शाकिब और उनकी कंपनी के तीन अन्य अधिकारियों के खिलाफ मामला दर्ज कराया गया। उनकी फार्म के दो अधिकारियों ने अदालत के समक्ष आत्मसमर्पण किया और जमानत की गुहार लगाई जिसे अदालत ने सुनवाई के बाद मंजूर कर लिया। बांग्लादेश की राष्ट्रीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान शाकिब ने 2016 में दक्षिण–पश्चिमी सतखीरा में शाकिब अल हसन एग्रो फार्म नाम से एक केकड़ा फार्म स्थापित किया था। कंपनी कथित तौर पर 2021 से निष्क्रिय है। गौर हो कि बांग्लादेश के अब तक के सबसे महान क्रिकेटर शाकिब ने अपना आखिरी टेस्ट मैच पिछले साल के अंत में कानपुर में भारत के खिलाफ खेला था। दुबई में चैंपियंस ट्रॉफी बांग्लादेश के लिए उनकी आखिरी उपस्थिति मानी जा रही है। संदिग्ध गेंदबाजी एक्शन के कारण फिलहाल उन्हें क्रिकेट के सभी प्रारूपों में गेंदबाजी करने से प्रतिबंधित किया गया है।

# आईपीएल 2025 के पहले मैच में सूर्यकुमार करेंगे मुम्बई की कप्तानी

मुम्बई। मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पंड्या प्रतिबंध के कारण आईपीएल 2025 का पहला मैच नहीं खेल पाएंगे। पंड्या पर एक मैच का प्रतिबंध लगा है। ऐसे में पहले मैच में मुम्बई इंडियंस को किसी और खिलाड़ी को कप्तान बनाना होगा। ऐसे में माना जा रहा है कि आक्रामक बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव को इस मैच में कप्तानी की जिम्मेदारी मिलेगी। सूर्या के अलावा अन्य कोई खिलाड़ी बड़ा दावेदार नहीं दिखता। पंड्या पर ये प्रतिबंध इसलिए लगाया गया है कयोंकि वह पिछले आईपीएल में मुंबई इंडियंस के कप्तान थे और तब टीम अपना अंतिम मैच लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ खेलत हुए तय समय पर ओवर पूरे नहीं कर पायीं थीं। इस प्रकार



भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसआई) के नियमों के अनुसार, पंड्या को एक मैच का प्रतिबंध झेलना होगा, चाहे वह किसी नई टीम से भी जुड़ जायें। मैच में ओवर समय पर पूरा नहीं करने की वजह से पंड्या पर 30 लाख रुपये का जुर्माना भी लगा था, जबकि अन्य इंपैक्ट खिलाड़ी सहित अंतिम – 12 पर 12 लाख या मैच फीस का 50 फीसदी का जुर्माना लगा था। बता दें कि टूर्नामेंट में यह तीसरा मौका था, जबकि पंड्या की कप्तानी वाली टीम समय पर ओवर पूरा नहीं कर सकी थी और उसे धीमी ओवर गति के लिए दंडित किया गया था।

# सलामी बल्लेबाजों के लिए स्थान निश्चित है, बाकी सभी को लचीला होना चाहिए : अक्षर पटेल

**कोलकाता (एजेंसी)।** भारतीय टी20 लाइन-अप में सलामी बल्लेबाज ही एकमात्र ऐसे खिलाड़ी हैं जिनका स्थान निश्चित है और इसके बाद बल्लेबाजी क्रम में 'कई फ्लोटर्स' शामिल होंगे, यह बात नए उप-कप्तान अक्षर पटेल ने सोमवार को इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की सीरीज से पहले टीम की रणनीति के बारे में बताते हुए कही। भारत बुधवार को ईडन गार्डन्स में इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की टी20 सीरीज में अपने अभियान की शुरुआत करेगा।

बल्लेबाजी क्रम में उतार-चढ़ाव के बारे में पूछे जाने पर ऑलराउंडर ने जवाब दिया, %...यह सिर्फ मेरे बारे में नहीं है; यह टीम में सभी पर लागू होता है। 2024 की शुरुआत से ही, हमने एक निश्चित ओपनिंग स्लॉट रखने का फैसला किया था और नंबर 3 से नंबर 7 तक सभी को स्थिति, संयोजन और मैच-अप के आधार पर लचीला होने के लिए कहा गया है।% अक्षर, जो अब श्रृंखला के लिए टीम प्रबंधन का हिस्सा हैं, ने इस तरह से बात की जो 2023 वनडे विश्व कप से पहले रोहित शर्मा की बातचीत की याद दिलाता है, जहां उन्होंने मध्य-क्रम में लचीलेपन का आह्वान किया था।

उन्होंने कहा, 'कोई निश्चित स्थान नहीं है जहां कोई विशेष बल्लेबाज हमेशा खेलेगा...यह उस श्रेणी (नंबर 3 से 7 के बीच) में सभी के लिए समान है, यह इस बात पर निर्भर करता है कि किसका दिन अच्छा चल रहा है, जिसका हम अभ्यास सत्रों के दौरान आकलन करते हैं। टी20 क्रिकेट में यह सही स्थिति में सही बल्लेबाज का उपयोग करने के बारे में है।'

सूर्यकुमार यादव के उप-कप्तान के तौर पर अक्षर के लिए बहुत कुछ नहीं बदला है, सिवाय इसके कि अब वह टीम प्रबंधन द्वारा लिए जाने वाले कुछ सख्त फैसलों का हिस्सा होंगे। अक्षर ने कहा, 'अभी सिर्फ एक दिन हुआ है। हां, हमने (कप्तान सूर्य, मुख्य कोच गौतम गंभीर और मैं) चर्चा की है। नेतृत्व समूह पर अतिरिक्त जिम्मेदारी है। ज्यादा बदलाव नहीं है। जाहिर है, हमारे पास एक स्थिर टी20 टीम है, ज्यादा दबाव नहीं है। जब आप नेतृत्व समूह में आते हैं, तो जाहिर है आपको कुछ कठोर फैसले लेने पड़ते हैं। हमने उन पर भी बात की है। यह एक सच्ची राय रखने और एक-दूसरे पर भरोसा बनाए रखने के बारे में है।'

ऑस्ट्रेलिया में टेस्ट में मिली हार के बाद यह राष्ट्रीय टीम का पहला मैच है और ऑलराउंडर पिछली बातों को लेकर परेशान नहीं होना चाहते। उन्होंने कहा, 'हम ये भी बात करते हैं कि, जो हो गया वो हो गया, वो वापस नहीं आने वाला। यह हमारी अगली सीरीज में सकारात्मकता लाने के बारे में है।'

अक्षर ने 19 नवंबर 2023 को वनडे विश्व कप फाइनल के बाद पहली बार राष्ट्रीय टीम में अनुभवी तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी की वापसी का भी स्वागत किया। टखने की सर्जरी से उबरने के बाद शमी घुटने की परेशानी से जूझ रहे थे। उन्होंने शमी की घरेलू सर्किट में हाल ही में हुई वापसी का जिक्र करते हुए कहा, 'यह टीम के लिए बहुत सकारात्मक



बात है। पिछली बार उन्होंने (शमी) वनडे विश्व कप फाइनल में खेला था और ठीक होने के बाद से उन्होंने सैयद मुश्ताक अली और विजय हजारे टूर्नामेंट दोनों में अच्छा प्रदर्शन किया है। जब भी कोई सीनियर खिलाड़ी वापसी करता है तो इससे टीम को बहुत बढ़ावा मिलता है। हम सभी जानते हैं कि शमी भाई क्या कमाल करते हैं, चाहे वह नई गेंद से हो या डेथ ओवरों में। उनकी मौजूदगी, खास तौर पर नई गेंद से, टीम के लिए बहुत बड़ा फायदा है। उम्मीद है कि वह विश्व कप में दिखाए गए अपने उसी फॉर्म को जारी रखेंगे।'

## ऋषभ बने लखनऊ सुपर जायंट्स के कप्तान




नई दिल्ली। ऋषभ पंत आईपीएल 2025 में लखनऊ सुपर जायंट्स की कप्तानी करेंगे। सुपर जायंट्स के मालिक संजीव गोयनका ने सोमवार को ऋषभ को कप्तान बनाये जाने की घोषणा की। सुपर जायंट्स ने पिछले साल हुई नीलामी में इस क्रिकेटर को सबसे अधिक रकम 27 करोड़ रुपये देकर खरीदा था। तभी तय हो गया था कि उन्हें कप्तानी मिलेगी। वह इससे पहले दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान थे। वह अब केएल राहुल, निकोलस पूरन और क्रुणाल पांड्या के बाद आईपीएल में सुपर जायंट्स के चौथे कप्तान होंगे। आईपीएल 2022 और 2023 सीजन में प्लेऑफ में जगह बनाने के बाद सुपर जायंट्स में पहली बार प्लेऑफ में नहीं पहुंच पायी थी। अब टीम को अपने नये कप्तान से खिताब की उम्मीदें रहेंगी। दिल्ली कैपिटल्स का नेतृत्व करने के बाद ऋषभ दूसरी आईपीएल टीम की कप्तानी करेंगे। वह आईपीएल के 2021 से 2024 संस्करणों तक डीसी के कप्तान थे, 2023 सीजन को छोड़कर जब वह एक कार हादसे के कारण खेल से दूर थे। आईपीएल 2025 में उन्हें दिल्ली ने रिलीज़ कर दिया था। इसके बाद वह नीलामी में उतरे थे। अब वह नई टीम में मुख्य कोच जस्टिन लैंगर के साथ काम करेंगे जिनसे उनकी मुलाकात ऑस्ट्रेलिया में बॉर्डर–गावस्कर ट्रॉफी सीरीज के दौरान हुई थी। बल्लेबाजी विभाग में पंत के साथ निकोलस पूरन, डेविड मिलर, मिशेल मार्श और एडेन मार्कराम के साथ–साथ आयुष बडोनी, आर्यन जुयाल, अब्दुल समद और हिम्मत सिंह शामिल होंगे।

# ऑस्ट्रेलियन ओपन : स्वितोलिना ने छह साल बाद क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई



मेलबर्न। यूक्रेन की खिलाड़ी और 28वीं सीड एलिना स्वितोलिना ने सोमवार को रोड लेवर एरिना में हुए चौथे राउंड के मुकाबले में वेरोनिका कुदेरमेटोवा को 6–4, 6–1 से हराकर छह साल में पहली बार ऑस्ट्रेलियन ओपन क्वार्टरफाइनल में जगह बनाई। पूर्व वर्ल्ड नंबर 3 स्वितोलिना ने इतिहास रचते हुए ग्रैंड स्लैम में 100 मैच जीतने वाली पहली यूक्रेनी खिलाड़ी बनने के बाद यह कारनामा किया है। यह उनके करियर का 12वां ग्रैंड स्लैम क्वार्टर फाइनल है। अब क्वार्टरफाइनल में स्वितोलिना का सामना छठी सीड एलिना रिबाकिना और 19वीं सीड मेडिसन कीज के बीच होने वाले चौथे राउंड के विजेता से होगा। स्वितोलिना के प्रदर्शन पर मां बनने के बाद भी कोई असर नहीं पड़ा है। 2022 में बेटी स्काई के जन्म के बाद यह उनका चौथा ग्रैंड स्लैम क्वार्टरफाइनल है। उन्होंने 2018 और 2019 में लगातार दो बार ऑस्ट्रेलियन ओपन क्वार्टरफाइनल में जगह बनाई थी। पिछले साल, स्वितोलिना ने शानदार शुरुआत की थी, लेकिन चौथे राउंड में लिंडा नोस्कोवा के खिलाफ पीठ में चोट के कारण केवल तीन गेम के बाद मैच छोड़ना पड़ा। इसके बाद पूरे सीजन में वह शारीरिक समस्याओं से जूझती रहीं और यूएस ओपन के बाद फुट सर्जरी के लिए ब्रेक लिया। यह टूर्नामेंट उनकी सर्जरी के बाद पहला है। मैच की शुरुआत में स्वितोलिना को कठिनाइयों का सामना करना पड़ा, क्योंकि पूर्व वर्ल्ड नंबर 9 कुदेरमेटोवा ने आक्रामक खेल दिखाते हुए 4–1 की बढ़त बना ली थी। लेकिन स्वितोलिना ने अपनी लय हासिल करते हुए लगातार पांच गेम जीते और पहला सेट अपने नाम किया। दूसरे सेट में स्वितोलिना ने शानदार वापसी की, 3–1 की बढ़त के साथ मैच पर पूरी तरह से कब्जा कर लिया और 83 मिनट में जीत दर्ज की।

# सुरेश रैना की इच्छा, वनडे में ज्यादा जिम्मेदारी के साथ खेलें ऋषभ पंत

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** नई दिल्ली ~भारत के पूर्व क्रिकेटर सुरेश रैना ने कहा कि वह इंग्लैंड के खिलाफ आगामी तीन मैचों की वनडे सीरीज और चैंपियंस ट्रॉफी में ऋषभ पंत को ज़्यादा जिम्मेदारी के साथ खेलते देखना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि अगर बाएं हाथ का यह बल्लेबाज 40-50 गेंदों का सामना करता है तो वह टीम के लिए खेल को अच्छी तरह से समाप्त कर सकता है।

शनिवार को पंत को 22 जनवरी से शुरू होने वाले इंग्लैंड के खिलाफ घरेलू तीन वनडे और फरवरी में होने वाली चैंपियंस ट्रॉफी के लिए भारत की टीम में शामिल किया गया। यह अनिश्चित है कि पंत या केएल राहुल भविष्य में 50 ओवर के मैचों में भारत की पहली पसंद के विकेटकीपर-बल्लेबाज होंगे या नहीं। 31 मैचों में पंत ने 33.5 की औसत से 871 रन बनाए हैं, जिसमें उनका सर्वोच्च स्कोर 2022 में मैनचेस्टर में इंग्लैंड के खिलाफ नाबाद 125 रन रहा है।

रैना ने कहा, 'उन्होंने अपनी विकेटकीपिंग में बहुत सुधार किया है, (लेकिन) ऋषभ पंत को अधिक जिम्मेदारी के साथ खेलने की जरूरत है क्योंकि यह 50 ओवर का टूर्नामेंट है। इंग्लैंड के साथ आगामी टूर्नामेंट में आपको 5 टी20 और 3 वनडे खेलने हैं, यह ऋषभ पंत के लिए एक अच्छा अवसर होगा। यह इस बात पर निर्भर करता है कि आप कैसे खेलते हैं; मुझे लगता है कि अगर यशस्वी शीर्ष क्रम में नहीं खेलते हैं तो ऋषभ पंत की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण होगी, वह चौथे स्थान पर बल्लेबाजी कर सकते हैं।'

उन्होंने कहा, 'वह हार्दिक से पहले बल्लेबाजी करने भी आ सकते हैं क्योंकि अगर ऋषभ 40-50 गेंदें खेलते हैं तो वह खेल को खत्म कर सकते हैं। उसे खुद से कहना होगा कि अगर मैं पचास गेंद खेलता हूं तो मैं 80-100 रन बना सकता हूं, लेकिन उसके लिए कुछ समय बिताना महत्वपूर्ण है। अगर वह गलती करता है तो उसे बहुत नुकसान होगा क्योंकि उसके पास वह प्रतिभा है, उसके पास वह क्षमता है, वह भारतीय टीम के लिए एक्स फैक्टर बनने जा रहा है।'

भारत ने आखिरी बार 2013 में चैंपियंस ट्रॉफी जीती थी, जहां रैना रोहित शर्मा, विराट कोहली और रवींद्र जडेजा के साथ विजेता टीम के सदस्य थे। यह पूछे जाने पर कि क्या कोहली, रोहित और जडेजा जैसे खिलाड़ी अगले महीने दुबई में 2013 की विजयी वीरता को दोहरा पाएंगे? रैना ने सकारात्मक जवाब देते हुए कहा, 'मुझे 2013 में अच्छी तरह से याद है जब रोहित शर्मा और विराट कोहली जीते थे; यह एक शानदार जश्न और माहौल था। मुझे लगता है कि रवींद्र जडेजा ने उस टूर्नामेंट में मैन ऑफ द सीरीज का पुरस्कार जीता क्योंकि उन्होंने जिस तरह से गेंदबाजी की थी। वे तीनों अब एक ही टीम का हिस्सा हैं।'

पूर्व क्रिकेटर ने कहा, 'रोहित शर्मा कप्तान हैं। मुझे याद है कि जब रोहित शर्मा को 2011 विश्व कप के लिए नहीं चुना गया था, तो उन्हें बहुत बुरा लगा था और वे चैंपियंस ट्रॉफी जीतना चाहते थे। हाल ही में उन्होंने टी20 विश्व कप जीता है। अब वे ICC खिताब जीत रहे हैं, जो उन्होंने पहले नहीं जीते थे। विराट ने पहले भी यह ट्रॉफी उठाई है और जानते हैं कि दबाव को कैसे झेलना है। उस समय की परिस्थितियां बिल्कुल अलग थीं, लेकिन जब वे दुबई जाएंगे, तो परिस्थितियां फिर से बिल्कुल अलग होंगी। रोहित परिस्थितियों को संभालना जानते हैं। अगर रोहित 20-25 ओवर खेलते हैं तो मुझे आश्चर्य नहीं होगा अगर वे 2019 विश्व कप में अपने शानदार प्रदर्शन को दोहराएं।'

भारत 2025 चैंपियंस ट्रॉफी में अपने ग्रुप ए



अभियान की शुरुआत 20 फरवरी को दुबई में बांग्लादेश के खिलाफ करेगा, जिसके बाद वे 23 फरवरी को चिर-प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान के खिलाफ खेलेंगे और फिर 2 मार्च को न्यूजीलैंड का सामना करेंगे।

# भारत में तेजी से आगे बढ़ रहा एथलेटिक्स : फराह

मुंबई। दिग्गज एथलीट मो फराह ने कहा है कि भारत में अन्य खेलों के साथ ही एथलेटिक्स भी अब तेजी से आगे बढ़ रहा है। यही कारण है कि अधिक से अधिक युवा इस क्षेत्र में आगे आ रहे है जो एक सकारात्मक बात है। युवा खिलाड़ी अपने प्रदर्शन से एथलेटिक्स के क्षेत्र को बदल सकते हैं। फराह ने कहा है कि आजकल भारत में एथलेटिक्स तेजी से लोकप्रिय हो रहा है और युवाओं में इतनी क्षमता है कि वे इस क्षेत्र में बेतर प्रदर्शन कर सकते हैं क्योंकि उनमें काफी प्रतिभा है। फराह ने कहा कि जिस प्रकार भारत खेल में तेजी से आगे बढ़ रहा है वह सभी को प्रभावित कर रहा है। टाटा मुंबई मैराथन के 20वें सत्र के ब्रांड दूत बनने पर भारत आये फराह ने कहा, ''देश के विकास, युवा एथलीटों की प्रतिभा को देखना एक शानदार अनुभव है। आप अगर कड़ी मेहनत करें तो जीवन में कुछ भी असंभव नहीं है और

# जबरन कोलकाता पुलिस से छीन लिया गया केस, कोर्ट के फैसले पर बोलीं ममता बनर्जी- मैं संतुष्ट नहीं

**पटना (एजेंसी)।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सोमवार को आरजी कर बलात्कार और हत्या मामले में दोषी संजय रॉय को कोलकाता की अदालत द्वारा मृत्यु तक आजीवन कारावास की सजा सुनाए जाने पर निराशा व्यक्त की। सियालदह अदालत के फैसले पर अपनी पहली प्रतिक्रिया में ममता बनर्जी ने कहा, मैं संतुष्ट नहीं हूं। हम सभी ने मौत की सजा की मांग की, लेकिन अदालत ने आजीवन कारावास दे दिया। बनर्जी ने दावा किया कि जांच कोलकाता पुलिस से जबरन छीन ली गई, और कहा कि अगर यह उनके पास होती, तो उन्होंने मौत की सजा सुनिश्चित की होती। मुर्शिदाबाद जिले में पत्रकारों से बात करते हुए बनर्जी ने मामले की सीबीआई जांच पर सवाल उठाया। ममता बनर्जी ने कहा कि हम सभी ने मौत की सजा की मांग की थी, लेकिन कोर्ट ने मौत तक उम्रकैद की सजा दी है.'हमसे जबरन केस छीन लिया गया। अगर यह (कोलकाता) पुलिस के पास होता, तो हम सुनिश्चित करते कि उसे मौत की सजा दी जाती।



हमें नहीं पता कि जांच कैसे की गई। राज्य पुलिस द्वारा जांच किए गए ऐसे ही कई मामलों में मौत की सजा सुनिश्चित की गई। मैं संतुष्ट नहीं हूं।

सियालदह अदालत ने सरकारी आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में ऑन-ड्यूटी डॉक्टर के साथ बलात्कार और हत्या का दोषी ठहराए जाने के बाद संजय रॉय को मृत्यु तक आजीवन कारावास की सजा सुनाई। सियालदह में अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश अनिर्बान दास की अदालत ने शनिवार को रॉय को पिछले साल 9 अगस्त को अस्पताल में स्नातकोत्तर प्रशिक्षु डॉक्टर के खिलाफ किए गए अपराध का दोषी पाया था, जिसके कारण देश भर में अभूतपूर्व और लंबे समय तक विरोध प्रदर्शन हुआ था। न्यायाधीश दास ने दोषी को मौत की सजा नहीं देने के लिए कहा कि यह अपराध दुर्लभ से दुर्लभतम श्रेणी में नहीं आता है।

न्यायाधीश ने कहा कि धारा 64 के तहत आजीवन कारावास की सजा सुनाई जा रही है और 50,000 रुपये का जुर्माना भी लगाया जा रहा है। न्यायाधीश ने कहा कि जुर्माना अदा न करने पर पांच महीने अतिरिक्त कारावास की सजा भुगतनी होगी। अदालत ने कहा कि धारा 103(1) के तहत रॉय को आजीवन कारावास और 50,000 रुपये जुर्माने की सजा सुनाई जाती है और जुर्माना नहीं देने पर उसे पांच महीने अतिरिक्त कारावास की सजा भुगतनी होगी। न्यायाधीश ने फैसले में कहा कि इसके अतिरिक्त धारा 66 के तहत भी उसे आजीवन कारावास की सजा दी जाती है।

## पश्चिमी चंपारण में जहरीली शराब पीने से सात लोगों की मौत

पश्चिमी चंपारण। बिहार के पश्चिमी चंपारण जिले के लौरिया थाना क्षेत्र में संदिग्ध जहरीली शराब पीने से सात लोगों की मौत हुई है। हालांकि प्रशासन ने अभी तक मौत के कारणों की पुष्टि नहीं की है। एसपी शौर्य सुमन ने बताया कि घटना की जांच के लिए विशेष टीम गठित की गई है। रिपोर्ट के मुताबिक लोगों ने बताया कि पिछले चार दिनों में सात लोगों की मौत हुई है। इसमें पहली मौत 15 जनवरी को हुई थी, लेकिन पुलिस को इन मौतों की सूचना 20 जनवरी को मिली। मृतकों के शव को पहले ही अंतिम संस्कार के लिए ले जाया जा चुका था, इससे मौत के कारण का पता लगाना और मुश्किल हो गया है। पुलिस ने बताया कि सात मौतों में से दो मामलों में शराब से संबंधित होने की पुष्टि नहीं हुई है। एक व्यक्ति की मौत ट्रैक्टर की चपेट में आने से हुई, जबकि दूसरे को लकवा मार गया था। बाकी पांच मौतों का कारण स्पष्ट नहीं है। वहीं प्रशासन के आला अधिकारियों ने बताया कि जांच टीम को 24 घंटे के भीतर रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया गया है। टीम यह भी पता लगाएगी कि पिछले तीन-चार दिनों में लौरिया क्षेत्र में किन-किन लोगों की मौत हुई। मृतकों के परिजनों का कहना है कि सभी ने जहरीली शराब का सेवन किया था। एक मृतक के भाई ने बताया, मेरे भाई ने अपने दोस्त के साथ शराब पी थी। दोनों की मौत हो गई।

## हर्षा, आईआईटी बाबा पर धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री का बयान, कुंभ वायरल का नहीं आस्था का केंद्र

छतरपुर । प्रयागराज महाकुंभ में चर्चा का केंद्र बिंदु बनी मोनालिसा, हर्षा रिछारिया, आईआईटी बाबा पर मध्य प्रदेश के छतरपुर स्थित बागेश्वरधाम धाम के पीठाधीश्वर धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री का बयान सामने आया है। छतरपुर में धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने कहा, महाकुंभ वायरल का विषय नहीं है। यह हमें उचित नहीं लगता। हम इसके खिलाफ हैं। बल्कि यह आस्था का विषय है। संस्कृति का कुंभ है। हमने पहले ही कहा कि रील नहीं रियल के लिए कुंभ में जाना चाहिए। वहां भी जो दो-तीन चीज चल रही हैं, उससे कहीं न कहीं मुख्य मुद्दे से महाकुंभ भटक रहा है। बाबा बागेश्वर ने कहा, महाकुंभ में विचार विमर्श इस बात पर होना चाहिए कि सनातन कैसे बचेगा? हिंदुत्व कैसे जागेगा? हिंदू राष्ट्र कैसे बनेगा और जो हिंदू नहीं हैं, उनकी घर वापसी कैसे कराई जाए? दरअसल, महाकुंभ में माला बेचने वाली इंदौर की मोनालिसा नाम की लड़की अपनी खूबसूरत आंखों की वजह से वायरल हो रही है। प्रयागराज पहुंची यूट्यूबर्स साध्वी के भेष में सामने आई मॉडल हर्षा रिछारिया और आईआईटीयन बाबा अभय सिंह के वीडियो वायरल कर रहे हैं।

## हर हफ्ते सामने आते हैं 18 नए घोटाले, मल्टी लेवल मार्केटिंग के नाम पर 30,000 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी

मुंबई। भारत में मल्टी लेवल मार्केटिंग के नाम पर हर हफ्ते 17 से 18 से अधिक निवेश और सदस्यता घोटाले हो रहे हैं। इसके जरिए लाखों लोगों के साथ ठगी की वरदात को अंजाम दिया जाता है। इसमें निवेशकों को करोड़ों रुपए गंवाने के बाद सिर्फ अफसोस ही होता है। यह बात प्रकाश में आई है कि देश में करीब 30,000 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी वाली योजनाएं चल रही हैं, जिनका पर्दाफाश नहीं हुआ है और कुछ हद तक जांच चल रही है। दरअसल स्ट्रैटेजी इंडिया ने 2007 से भारत में स्थापित 14,000 से अधिक एमएलएम (मल्टी-लेवल मार्केटिंग) योजनाओं पर जानकारी एकत्र की और उसका विश्लेषण किया। तब से अब तक 4,000 से अधिक योजनाओं में धोखाधड़ी का खुलासा हो चुका है और इस संगठन द्वारा अलर्ट जारी किया जा चुका है। संगठन ने कहा कि इससे हमें अवैध, धोखाधड़ी वाली योजनाओं की पहचान करने में मदद मिली है। गेन बिटकॉइन और आईएक्स ग्लोबल जैसी योजनाओं के साथ-साथ हाल ही में मुंबई में उजागर हुए टोरेस घोटाले को संगठन की घोटाला चेतावनी सूची में बहुत पहले ही शामिल कर लिया गया था। स्ट्रैटेजी इंडिया के प्रमुख प्रांजल आर.डैनियल कहते हैं कि किसी योजना को घोटाला के रूप में पहचानने के लिए, सभी को उस योजना की कुछ जानकारी की जांच करनी होगी। इससे पहले कि आप किसी धोखाधड़ी में फंसकर वित्तीय नुकसान उठाएं।

## सोपोर में आतंकियों और सुरक्षा बलों के बीच मुठभेड़, गोलीबारी जारी

जम्मू। उत्तरी कश्मीर के बारामूला जिले के सोपोर शहर के ऊपरी इलाके में सुरक्षा बलों के घेरने के बाद कम से कम दो आतंकवादी घिर गए। इससे पहले 22 आरआर, 179 बीएन सीआरपीएफ और जम्मू-कश्मीर पुलिस के एसओजी ने सोपोर के ज़लूरा गुजरपट्टी में एक 'कासो( घेरा डालना और तलाशी अभियान) चलाया था। अभियान के दौरान ही आतंकवादियों और सुरक्षा बलों के बीच मुठभेड़ हुई। अधिकारियों ने बताया कि सोपोर पुलिस जिले के जलूरा गुज्जरपति में एक तलाशी अभियान के दौरान आतंकवादियों द्वारा सुरक्षा बलों पर गोलीबारी करने के बाद मुठभेड़ शुरू हुई। अधिकारियों के मुताबिक, ऑपरेशन में अब तक किसी के हताहत होने की कोई खबर नहीं है। बता दें कि इससे पहले 9 नवंबर को सोपोर इलाके में हुई मुठभेड़ में एक आतंकी मारा गया था। कश्मीर संभाग की पुलिस ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर बताया कि बारामूला के रामपोरा सोपोर इलाके में आतंकवादियों की मौजूदगी के बारे में खुफिया जानकारी मिलने पर तलाशी अभियान शुरू हुआ था। इसी दौरान गोलीबारी शुरू हुई और जवाबी कार्रवाई में एक आतंकी मारा गया। कश्मीर जोन पुलिस ने कहा कि पुलिस और सुरक्षा बलों की ओर से जालूरा, सोपोर में शुरू किए गए घेराबंदी और तलाशी अभियान के दौरान एक ठिकाने का भंडाफोड़ किया गया। उसी दौरान अंदर से गोलीबारी की गई। इलाके की घेराबंदी कर दी गई। सेना ने बताया कि रविवार को, आतंकवादियों की मौजूदगी के संबंध में खुफिया इनपुट के आधार पर, सोपोर में जम्मू कश्मीर पुलिस के साथ एक संयुक्त घेरा और सर्च अभियान शुरू किया गया था। इस दौरान सैनिकों को संदिग्ध गतिविधि देखने को मिली और चुनौती दिए जाने पर आतंकवादियों ने अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी।

## 42 साल बाद बिहार में हो रहा अखिल भारतीय पीठासीन सम्मेलन

### -28 राज्यों के विधानसभा अध्यक्ष, 6 विधानसभा परिषद के सभापति ले रहे भाग

पटना। बिहार में करीब 42 साल बाद दो दिवसीय अखिल भारतीय पीठासीन सम्मेलन आयोजित हो रहा है। विधानमंडल के सेंट्रल हॉल में ये कार्यक्रम रखा गया। कार्यक्रम में लोकसभा स्पीकर ओम बिरला अध्यक्ष में मौजूद रहेंगे। यह सम्मेलन 1982 के बाद बिहार में हो रहा है। तब कांग्रेस के राधा नंदन झा विधानसभा अध्यक्ष थे। इस सम्मेलन में देशभर के पीठासीन पदाधिकारी हिस्सा लेंगे। इसके अलावा 28 राज्यों के विधानसभा अध्यक्ष, 6 विधानसभा परिषद के सभापति और केंद्र शासित प्रदेशों के स्पीकर समेत करीब 300 अतिथि शामिल हो रहे हैं। कार्यक्रम में राज्यसभा के डिप्टी चेयरमैन हरिवंश भी मौजूद रहेंगे। अखिल भारतीय पीठासीन अधिकारी सम्मेलन, भारत के विधायी निकायों की सर्वोच्च संस्था है। सम्मेलन के आयोजक लोकसभा सचिवालय होते हैं। पटना में यह सम्मेलन इससे पहले 1982 में हुआ था। अभी देश के 22 राज्यों और 3 केन्द्र शासित प्रदेशों में विधानसभा हैं। जबकि 6 राज्यों में विधानसभा और विधान परिषद दोनों हैं। सम्मेलन में लोकसभा और राज्यसभा के पीठासीन अधिकारी भी शामिल होते हैं। सम्मेलन में शामिल होने वाले सभी अतिथि पटना पहुंच चुके हैं। सम्मेलन का समापन सत्र 21 जनवरी को सेंट्रल हॉल में होगा और इसके बाद सभी गेस्ट पटना के प्रमुख पर्यटन स्थलों जैसे हरि मंदिर साहिब गुरुद्वारा, बापू टावर, सभ्यता द्वार और बिहार संग्रहालय जाएंगे।

## कटरा-बडगाम रेलवे ट्रैक पर अंतिम ट्रायल रन पूरा... अब दूर नहीं कश्मीर-कन्याकुमारी

**जम्मू (एजेंसी)।** जम्मू-कश्मीर में उधमपुर-श्रीनगर-बारामुला रेल लिंक (यूएसबीआरएल) प्रोजेक्ट के हिस्से कटरा-बडगाम रेलवे ट्रैक पर ट्रायल रन पूरा हो गया। 18 कोच की ट्रायल ट्रेन सुबह 8 बजे कटरा रेलवे स्टेशन से कश्मीर की ओर रवाना हुई। ट्रायल की देखरेख कर रहे रेलवे अधिकारियों ने बताया कि यह यूएसबीआरएल का आखिरी टेस्ट रन है। सबकुछ सही और ठीक रहने पर इस प्रोजेक्ट को हरी झड़ी दे दी जाएगी।

41 हजार करोड़ रुपए की लागत से बने यूएसबीआरएल प्रोजेक्ट की कुल लंबाई 272 किमी. है। इसमें 111 किमी. का रास्ता सुरंग के भीतर है। 12.77 किमी. लंबी टी-49 सुरंग इस प्रोजेक्ट में सबसे लंबी है। रियासी जिले में चिनाब नदी पर दुनिया का सबसे ऊंचा रेलवे पुल भी प्रोजेक्ट का हिस्सा है। पुल की लंबाई 1315 मीटर, जबकि नदी तल से ऊंचाई 359 मीटर है। इस पुल को बनाने में करीब 20 साल का वक्त लगा, जबकि 1486 करोड़ रुपए की निर्माण लागत आई है।

भारतीय रेलवे ने प्रोजेक्ट के जरिए एक और उपलब्धि अपने नाम पर दर्ज की है। अंजी खड्ड पर बनाया गया पुल भारतीय रेलवे का पहला केबल-स्टेड पुल है। यह पुल नदी तल से 331 मीटर की ऊंचाई पर बना है। 1086 फीट ऊंचा एक टावर इस सहारा देने के लिए बनाया गया है, जो करीब 77 मंजिला इमारत के बराबर ऊंचा है। यह ब्रिज अंजी नदी पर बना है जो रियासी जिले को कटरा से जोड़ता है। चिनाब ब्रिज से इसकी दूरी माह 7 किलोमीटर है। इस पुल की कुल लंबाई 725.5 मीटर है। इसमें से 472.25 मीटर का हिस्सा केबल्स पर टिका हुआ है। जून, 2024 में हुआ था पहला ट्रायल रन जम्मू के रामबन में संगलदान और रियासी के बीच ट्रेन का पहला ट्रायल रन जून, 2024 में हुआ था। यह ट्रेन चिनाब ब्रिज से भी होकर गुजरी थी। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर इसके सफल परीक्षण की जानकारी दी थी। चिनाब ब्रिज पेरिस के एफिल टावर से भी ऊंचा है। एफिल टावर की ऊंचाई 330 मीटर है, जबकि 1.3 किमी लंबे इस ब्रिज को चिनाब नदी पर 359 मीटर की ऊंचाई पर बनाया गया है।

## संविधान पर हो रहा हमला, कांग्रेस बोली- राष्ट्रविरोधी बयान के लिए मोहन भागवत को मांगनी होगी माफी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कर्नाटक के बेलगावी में अपनी 'जय बापू, जय भीम, जय संविधान' रैली से पहले, कांग्रेस ने सोमवार को आरोप लगाया कि संविधान पर हमला हो रहा है और अपनी मांग दोहराई कि आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत को स्वतंत्रता आंदोलन पर दिए गए राष्ट्रविरोधी बयान के लिए माफी मांगनी चाहिए। विपक्षी दल ने यह भी दावा किया कि महात्मा गांधी का अपमान किया जा रहा है और बीआर अंबेडकर पर हमला किया जा रहा है।

कांग्रेस महासचिव संचार प्रभारी जयराम रमेश ने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा कि कल कांग्रेस की जय बापू, जय भीम, जय संविधान रैली बेलगावी में होगी। यह 27 दिसंबर, 2024 को होना था लेकिन डॉ. मनमोहन सिंह के निधन के कारण इसे स्थगित कर दिया गया था। बेलगावी में ही महात्मा गांधी ने 26 दिसंबर, 1924 को कांग्रेस अध्यक्ष का पद संभाला था। आज महात्मा गांधी का अपमान किया जा रहा



है। उन्होंने कहा कि डॉ. अंबेडकर पर हमला किया जा रहा है। भारत के संविधान और उसके मूल्यों पर आक्रमण हो रहा है।

जयराम रमेश ने कहा कि बेलगावी रैली महात्मा गांधी और डॉ. अंबेडकर की विरासत को संरक्षित करने और उन्हें आगे ले जाने के कांग्रेस के दृढ़ संकल्प की पुष्टि है। इसके बाद 27 जनवरी को डॉ. अंबेडकर की जन्मभूमि महू में भी इसी तरह की रैली होगी। उन्होंने कहा कि मोहन भागवत को 14 जनवरी 2025 को स्वतंत्रता आंदोलन को लेकर दिए अपने घृणित और राष्ट्र-विरोधी बयान के लिए माफी मांगनी होगी। केंद्रीय गृह मंत्री को 17 दिसंबर, 2024 को संसद में डॉ. अंबेडकर पर की गई अपनी अपमानजनक टिप्पणी के लिए इस्तीफा देना होगा और माफी मांगनी होगी।

कांग्रेस ने बार-बार यह भी आरोप लगाया है कि शीतकालीन सत्र के दौरान संविधान पर बहस के दौरान राज्यसभा में गृह मंत्री अमित शाह की टिप्पणी से पता चलता है कि भाजपा और आरएसएस नेताओं को अंबेडकर के प्रति बहुत नफरत है और उनसे माफी की मांग की गई है। पार्टी के एक परिपत्र में कहा गया था कि महू में रैली संविधान की 75वीं वर्षगांठ और भारत के गणतंत्र की स्थापना के साथ-साथ सत्तारूढ़ शासन द्वारा बाबासाहेब अंबेडकर की विरासत पर कथित हमले का जश्न मनाएगी।

## अंतरराष्ट्रीय साजिश की दलील को खारिज नहीं किया जा सकता : अदालत

मुंबई। मुंबई की एक अदालत ने रविवार को सैफ अली खान पर हमला मामले में गिरफ्तार एक व्यक्ति को 24 जनवरी तक पुलिस हिरासत में भेज दिया और कहा कि अंतरराष्ट्रीय साजिश से संबंधित पुलिस की दलील को खारिज नहीं किया जा सकता है। पुलिस ने अदालत को बताया कि कथित हमलावर बांग्लादेशी नागरिक था और उसकी करनी के पीछे के मकसद का पता लगाने की जरूरत है। पुलिस ने अदालत से यह भी कहा कि उन्हें यह पता लगाने की जरूरत है कि इस मामले का संबंध किसी अंतरराष्ट्रीय साजिश से है या नहीं। रिकॉर्ड पर मौजूद दस्तावेजों पर गौर करने के बाद पुलिस की दलील को स्वीकार करते हुए अदालत ने कहा कि अभियोजन पक्ष द्वारा लगाए गए अंतरराष्ट्रीय साजिश के आरोप को असंभव नहीं कहा जा सकता।

इससे पहले दिन में पुलिस ने मीडिया को बताया था कि कथित हमलावर मोहम्मद शरीफुल इस्लाम शहजाद एक बांग्लादेशी नागरिक था जिसने अवैध रूप से भारत में प्रवेश करने के बाद अपना नाम बदलकर बिजॉय दास रख लिया था। उसे ठाणे शहर से सटे इलाके से पकड़ा गया था। अधिकारी ने बताया कि पुलिस ने आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 311 (लूट या डकैती के दौरान गंभीर चोट या मौत), 331(4) (घर में घुसना) तथा पासपोर्ट अधिनियम, 1967 के अन्य प्रासंगिक प्रावधानों के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस ने कहा था कि प्रारंभिक जांच के अनुसार, वह 16 जनवरी को तड़के चोरी के इरादे से बांद्रा में सतगुरु शरण इमारत में बॉलीवुड ऐक्टर के घर में दाखिल हुआ था।

## जम्मू-कश्मीर में रहस्यमयी बीमारी से हो रही मौतों के बाद झरने को किया सील

### बुधल गांव की घेराबंदी कर 24 घंटे झरने पर नजर रखने सुरक्षाकर्मी तैनात

**जम्मू (एजेंसी)।** जम्मू-कश्मीर के बुधल गांव में तीन परिवारों के 17 सदस्यों की रहस्यमयी बीमारी से मौतों की चल रही जांच के बीच अधिकारियों ने प्रभावित क्षेत्र एक झरने को सील कर दिया है। झरने के पानी में कुछ कीटनाशकों की मौजूदगी की पुष्टि हुई है। इस वजह से लोग डरे हुए हैं। अतिरिक्त उपायुक्त ने कहा कि बुधल गांव के झरने से लिए गए पानी के नमूनों में कुछ कीटनाशकों मिले हैं। इसको पीएचई डिवीजन राजौरी ने अवरुद्ध कर दिया है और संबंधित मजिस्ट्रेट ने सील कर दिया है।



ऐसी आशंका है कि गांव की आदिवासी आबादी चोरी-छिपे इस झरने के पानी को इकट्ठा कर सकती है। इसलिए तहसीलदार यह सुनिश्चित करें कि कोई भी ग्रामीण किसी भी हालत में इस झरने के पानी का इस्तेमाल न करे। इसकी घेराबंदी कर दी गई है। उन्होंने राजौरी जिले के बुधल गांव की घेराबंदी करने और वहां 24 घंटे 2 से 3 सुरक्षाकर्मियों की तैनाती का निर्देश दिए हैं।

बता दें केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को जम्मू के राजौरी जिले में रहस्यमयी बीमारी से मौतों के कारणों का पता लगाने के लिए गृह मंत्रालय की अगुवाई में एक टीम के गठन का आदेश दिया था। यह टीम रहस्यमयी बीमारी से मौतों के कारणों का पता लगाने के लिए जांच कर रही है। इस टीम की जम्मू-कश्मीर के फोरेंसिक साइंस, पशुपालन और खाद्य सुरक्षा विभाग भी मदद कर रहे हैं।

राजौरी के सरकारी मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल की अध्यक्षता में स्थानीय डॉक्टरों की एक टीम ने लोगों की आशंकाओं को दूर करने के लिए बुधल गांव में थी। उन्होंने लोगों को बताया कि विषाक्त पदार्थों से मस्तिष्क को नुकसान हो सकता है, जो तुरंत इलाज न किए जाने पर अपरिवर्तनीय हो सकता है। ज्यादातर मरीज विषाक्त पदार्थों के कारण अपरिवर्तनीय मस्तिष्क क्षति होने के बाद अस्पताल पहुंचे थे, जिसके बारे में डॉक्टर ज्यादा कुछ नहीं कर सके थे।

## महाकुंभ मेले में श्रद्धालुओं का तांता- अब तक गंगा में 8.26 करोड़ लोगों ने लगाई आस्था की डूबकी

**प्रयागराज (एजेंसी)।** महाकुंभ में गंगा में आस्था की डूबकी लगाने के लिए देश विदेश से श्रद्धालुओं का आना जारी हैं। यूपी सरकार द्वारा जारी ताजा आंकड़ों के मुताबिक़ त्रिवेणी संगम पर आज 22.79 लाख से अधिक तथा अब तक 8.26 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने स्नान किया। प्रयागराज में चल रहा महाकुंभ मेला 13 जनवरी 2025 से शुरू होकर 26 फरवरी 2025 तक चलेगा। इस दौरान देश-विदेश से लगभग 40 करोड़ श्रद्धालुओं के आने की उम्मीद है। महाकुंभ का यह आयोजन हर 12 साल में होता है और यह दुनिया के सबसे बड़े धार्मिक मेलों में से एक माना जाता है। श्रद्धालु गंगा के पवित्र जल में आस्था की डुबकी लगाने के लिए यहां आते हैं।



वहीं कुंभ मेले को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को मन की बात में दिव्य महाकुंभ का महत्व भी बताया। मन की बात के 118वें संबोधन में बोले, महाकुंभ समता समरसता का असाधारण संगम है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मन की बात के 118वें एपिसोड में कहा, मेरे प्यारे देशवासियों, प्रयागराज में महाकुंभ का श्रीगणेश हो चुका है। यह चिरस्मरणीय जन-सैलाब, अकल्पनीय दृश्य समता-समरसता का असाधारण संगम है। इस बार कुंभ में कई दिव्य योग भी बन रहे हैं।

वहीं आगे प्रधानमंत्री ने कहा हजारों वर्षों से चली आ रही इस परंपरा में कहीं भी कोई भेदभाव और जातिवाद नहीं है। इसमें भारत के दक्षिण, पूर्व और पश्चिम से लोग आते हैं। कुंभ में गरीब-अमीर सब एक हो जाते हैं। सब लोग संगम में डुबकी लगाते हैं, एक साथ भंडारों में भोजन करते हैं और प्रसाद ग्रहण करते हैं। तभी तो कुंभ एकता का महाकुंभ है। कुंभ का आयोजन हमें ये भी बताता है कि कैसे हमारी परंपराएं पूरे भारत को एक सूत्र में बांधती हैं।

## कर्नाटक बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष को लेकर मचा बवाल, विधायकों ने खोला मोर्चा

*** प्रभारी शिवराज सिंह बोले- नए प्रदेश अध्यक्ष के लिए कराया जाएगा चुनाव**

**बेंगलुरु (एजेंसी )।** नए प्रदेश अध्यक्ष के चुनाव से पहले कर्नाटक बीजेपी में गुटबाजी और कलह इतनी बढ़ गई है कि पार्टी के नेता सार्वजनिक सभाओं में एक-दूसरे की खिंचाई कर रहे हैं। कर्नाटक बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष बी वाई विजयेंद्र के खिलाफ विधायक बसनगौड़ा आर पाटिल यतनाल और रमेश जारकीहोली ने मोर्चा खोल दिया है। विधायक जारकीहोली ने उन्हें बच्चा बताया और दावा किया वह लंबे समय तक पार्टी अध्यक्ष पद पर नहीं रहेंगे।

विजयेंद्र ने आरोप लगाया है कि दोनों विधायक कांग्रेस के इशारे पर पार्टी में कलह कर रहे हैं और उनके पिता बीएस येदियुरप्पा के खिलाफ अनाप-शनाप बोल रहे हैं। इसकी शिकायत केंद्रीय नेतृत्व से करेंगे ताकि उन्हें पार्टी से बाहर किया जा सके। कर्नाटक में बीजेपी के दो गुटों में लंबे समय से खींचतान चल रही है। कर्नाटक बीजेपी चीफ को लेकर बवाल मचा है। पार्टी के कई नेता और विधायक पार्टी में यदियुरप्पा के वर्चस्व को चुनौती दे रहे हैं। केंद्रीय मंत्री और कर्नाटक बीजेपी के प्रभारी शिवराज सिंह चौहान ने संकेत दिए हैं कि राज्य में नए प्रदेश अध्यक्ष के चयन के लिए चुनाव कराया जाएगा। इसके बाद से प्रदेश अध्यक्ष बी वाई विजयेंद्र के विरोधी गुट के नेता और मुखर हो गए। दोनों गुटों में जुबानी जंग छिड़ गई है। विजयेंद्र ने पूर्व सीएम येदियुरप्पा को भला-बुरा कहने के लिए गोकक विधायक रमेश जारकीहोली को चेतावनी दे दी है।

विजयेंद्र ने कहा कि रमेश जारकीहोली को अपनी जुबान पर काबू रखें। येदियुरप्पा एक राजनेता और कार्यकर्ता हैं। उन्होंने अनंत कुमार के साथ मिलकर राज्य के कोने-कोने की यात्रा करके पार्टी का निर्माण किया है। जारकीहोली हाल ही में पार्टी में शामिल हुए हैं। दिग्गज नेता के बारे में अनाप-शनाप बोलकर वह पार्टी कार्यकर्ताओं की भावनाओं को ठेस पहुंचा रहे हैं। उन्होंने विधायक जारकीहोली को सलाह दी कि अगर उन्हें पार्टी के कामकाज से समस्या है तो दिल्ली में नेताओं के साथ बात करनी चाहिए।

इसके जवाब में विधायक रमेश जारकीहोली ने बीवाई विजयेंद्र को चुनौती दे दी। उन्होंने कहा कि विजयेंद्र ने मुझे चेतावनी दी है कि मैं राज्य में कहीं भी स्वतंत्र रूप से नहीं घूम सकता। अब मैं शिकारीपुरा जाऊंगा और विजयेंद्र के घर के सामने अपना आंदोलन शुरू करूंगा। मैं कोई पुलिस या बंदूकधारी के साथ नहीं बल्कि अकेले जाऊंगा। बेलगावी में एक सार्वजनिक रैली में बोलते हुए जारकीहोली ने सख्त संदेश देते हुए कहा कि विजयेंद्र, आप एक बच्चा हैं। आप प्रदेश अध्यक्ष नहीं रहेंगे। येदियुरप्पा हमारे नेता हैं और हमने हमेशा उनका सम्मान किया है।

दोनों विधायकों के बयान के बाद विजयेंद्र समर्थकों और पूर्व मंत्रियों एमपी रेणुकाचार्य और कट्टा सुब्रमण्य नायडू ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में यतनाल और जरकीहोली को पार्टी से निष्कासित करने की मांग की। विजयेंद्र समर्थकों ने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष पहले ही राजनीति में अपनी पहचान बना चुके हैं और अपने



संगठनात्मक कौशल के माध्यम से अपनी योग्यता साबित कर चुके हैं। उनके खिलाफ अब इस तरह की आलोचना बर्दाश्त नहीं करेंगे। इस बीच बीजेपी के राज्य महासचिव और पूर्व मंत्री वी सुनील कुमार संगठनात्मक पद छोड़ने की इच्छा जताई है। पार्टी सूत्रों ने का कहना है कि उन्हें अभी तक सुनील कुमार से इस संबंध में कोई औपचारिक अनुरोध नहीं मिला है।



# अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रिलीज होगी 'पंजाब 95'

**मुंबई।** पंजाबी गायक और अभिनेता दिलजीत दोसांझ की फिल्म 'पंजाब 95' अब भारत में नहीं, बल्कि अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर रिलीज होगी। यह फिल्म मानवाधिकार कार्यकर्ता जसवंत सिंह खालड़ा के जीवन संघर्ष पर आधारित है। सेंसर बोर्ड के कारण अब तक फिल्म भारत में रिलीज नहीं हो पाई है। पंजाबी सिंगर और एक्टर दिलजीत दोसांझ अपने दिल-लुमिनाती टूर 2024 के बाद अब बड़े पर्दे पर फिल्म 'पंजाब 95' से वापसी कर रहे हैं। यह फिल्म मानवाधिकार कार्यकर्ता जसवंत सिंह खालड़ा के जीवन संघर्ष पर आधारित है, जो 1995 में रहस्यमय तरीके से गायब हो गए थे।

लाइफ Style

# यामी

## गुजराती लड़के से पक्का होगा रिश्ता

यामी गौतम की शादी का विज्ञापन निकला है। अपने सुशील और घरेलू होने की काबिलियत बताते हुए उन्होंने शादी के लिए कई शर्तें रखी हैं। इससे पहले कि मन में कुछ खिचड़ी पकाएं, स्पष्ट कर दें कि यह सब अभिनेत्री की आगामी फिल्म के बारे में हैं, जिसकी झलक आज साझा की गई है। इसमें यामी के साथ प्रतीक गांधी नजर आएंगे।

फिल्म का पोस्टर काफी मजेदार है। यामी गौतम की आगामी फिल्म का नाम 'धूम धाम' है। यह ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर आएगी। आज नेटफ्लिक्स ने इंस्टाग्राम पेज से फिल्म की झलक शेयर की गई है। पोस्टर अखबारों में पारंपरिक अंदाज में आने वाले शादी के विज्ञापन की तर्ज पर है। एक लड़की कोयल चड्ढा (यामी गौतम) को लड़के की तलाश है। वहीं, एक गुजराती लड़के डॉ वीर (प्रतीक गांधी) को दुल्हन की तलाश है। दोनों ने अपनी-अपनी मांगों का बाकायदा विज्ञापन में जिक्र किया है। नेटफ्लिक्स ने यह पोस्टर साझा करते हुए कैप्शन लिखा है, 'हमें रिश्ते के लिए डीएम न करें, क्योंकि हमारी शादी 'धूम धाम' से होने वाली है। पोस्टर में यामी गौतम की तस्वीर है, जिसमें वे पारंपरिक लुक में सिर पर चुनरिया ओढ़े नजर आ रही हैं। इसमें लिखा है, 'वर की तलाश! कोयल चड्ढा (मुंबई)। शादी की उम्र। संस्कारी, आध्यात्मिक और घरेलू युवती। एक सुशाली घर के वर की तलाश है। अगर मेरा डॉगी आपको पसंद करता है तो रिश्ता पक्का समझो'। दूसरा विज्ञापन प्रतीक गांधी की तस्वीर के साथ है। इसके साथ लिखा है, 'डॉ वीर, 29 वर्षीय गुजराती लड़का।



हॉलीवुड मसाला




# सुपरमैन फेम हेनरी बने पिता

**लॉस एंजिल्स।** मशहूर अभिनेता हेनरी कैविल और उनकी गर्लफ्रेंड नताली विस्कुसो हाल ही में अपने पहले बच्चे के माता-पिता बने हैं। इस खुशखबरी का उन्होंने आधिकारिक तौर पर ऐलान अभी नहीं किया है, लेकिन दोनों को शनिवार को ऑस्ट्रेलिया में एक बेबी कैरिज के साथ चलते हुए देखा गया। उनकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर आने के बाद हर तरफ उनके माता-पिता बनने के कयास लगने शुरू हो गए हैं। अप्रैल 2024 में कैविल ने यह पुष्टि की थी कि वह और नताली अपने पहले बच्चे की उम्मीद कर रहे हैं।



# क्रिस मार्टिन ने कॉन्सर्ट के दौरान पढ़ा 'जय श्रीराम'

**लॉस एंजिल्स।** ब्रिटिश बैंड कोल्डप्ले के फ्रंटमैन क्रिस मार्टिन ने मुंबई में म्यूजिक ऑफ स्फीयर्स कॉन्सर्ट के दौरान भारतीय फैंस को तब हैरान कर दिया, जब उन्होंने 'जय श्री राम' बोला। कॉन्सर्ट के दौरान हिंदी में अभिवादन से लोगों का दिल जीतने के बाद उन्होंने 'जय श्री राम' का नारा लगाया। दरअसल, सिंगर और कोल्डप्ले के फ्रंटमैन कॉन्सर्ट के दौरान प्रशंसकों द्वारा उठाए गए प्लेकार्ड पढ़ रहे थे। एक प्लेकार्ड पर 'जय श्री राम' लिखा था। मार्टिन ने इसे पढ़ा, जिसके बाद दर्शकों ने जोरदार तालियां बजाईं। उन्होंने यह भी पूछा कि इसका क्या मतलब है। इतना ही नहीं, उन्होंने अन्य प्लेकार्ड भी पढ़े और उस पर प्रतिक्रिया दी। साथ ही उन्होंने हिंदी में सभी का अभिवादन भी किया। शो के दौरान बैंड ने अपने मशहूर ट्रैक बजाए, जिसमें पैराडाइज, विवा ला विदा, एडवेंचर ऑफ ए लाइफटाइम और येलो शामिल थे।



# मायानगरी में खरीदा एक और आशियाना


**मुंबई।** अभिनय की दुनिया में किस्मत आजमाने मुंबई पहुंचने वाले हर सितारे का सपना उस शहर में घर खरीदने का होता है। मायानगरी कहे जाने वाले इस सपनों के शहर में घर खरीदना मामूली बात नहीं। वहीं, अभिनेत्री, मॉडल और सोशल मीडिया पर्सनैलिटी नेहा मलिक ने इसी शहर में एक और आशियाना लिया है। जिक्र कर दें कि यह उनका पहला नहीं, बल्कि तीसरा घर है। दो घर वे पहले ही खरीद चुकी हैं। नेहा मलिक सोशल मीडिया की चर्चित हस्ती हैं। अक्सर अपनी बोल्ड और स्टाइलिश तस्वीरों से इंस्टाग्राम पर चर्चा बटोरती हैं। उन्होंने अपने हालिया इंस्टा पोस्ट के जरिए बताया है कि मुंबई में उन्होंने नया घर लिया है। इसकी झलकियां भी उन्होंने शेयर की हैं। साथ ही यूट्यूब पर वीडियो शेयर कर फैंस को होम टूर कराया है।



# किरदार के लिए जुनैद ने की खास तैयारी

**नई दिल्ली।** जुनैद खान और खुशी कपूर नई जोड़ी के रूप में पर्दे पर नजर आने वाले हैं। 'लवयापा' का निर्देशन अद्वैत चंदन ने किया है। इससे पहले वह सीक्रेट सुपरस्टार और लाल सिंह चड्ढा जैसी फिल्म बना चुके हैं। फिल्म में उन्होंने एक स्थानीय दिल्ली के लड़के का किरदार निभाना था। इसके लिए उन्होंने दिल्ली की गलियों में समय बिताया। उन्होंने स्थानीय लोगों से बातचीत की और उनके हाव-भाव और बोलचाल की भाषा को आत्मसात किया। जुनैद ने न केवल दिल्ली की बोली को समझा, बल्कि शहर के अलग-अलग हिस्सों में जाकर उनके रहने के तरीके को भी महसूस किया। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक चांदनी चौक की भीड़-भाड़ से लेकर लोधी गार्डन की शांति तक, जुनैद ने दिल्ली के विभिन्न पहलुओं को अनुभव किया, जिससे उन्हें अपने किरादर को निभाने में मदद मिली।

टीवी मसाला



# इन जोड़ियों के बीच पहले प्यार, फिर हुई तकरार...

**नई दिल्ली।** टीवी अभिनेत्री चाहत पांडे हाल ही में, बिग बॉस के घर से एविक्ट हो गई हैं। हालांकि, वह लोगों की पसंदीदा कंटेस्टेंट में से एक रही हैं और टॉप 5 की दावेदार भी थीं। शो में चाहत पांडे और रजत दलाल का कुछ दिनों तक लव एंगल भी निकला। हालांकि, बाद में फैमिली वीक में चाहत की मां ने आकर रजत को लताड़ लगाई। रजत का भी कहना था कि वह बाहर किसी और को डेट कर रहे हैं। अब आलम यह था कि दोनों ही एक-दूसरे का चेहरा देखना पसंद नहीं करते हैं।

# बॉलीवुड स्टार्स के बॉडीगार्ड भी लेते हैं तगड़ी फीस, सुनकर उड़ जाएंगे होश...

***मुंबई।*** *सैफ अली खान पर हुए हमले के बाद पूरा बॉलीवुड हिल गया है। हर एक बड़ा बॉलीवुड स्टार अपनी सुरक्षा के लिए बॉडीगार्ड नियुक्त करता है, ताकि वह सुरक्षित रह सकें। आइए आपको बताते हैं इन बॉलीवुड स्टार्स की सुरक्षा के लिए यह अपने बॉडीगार्ड को कितनी मोटी फीस देते हैं।*

**सैफ अली खान :** सैफ अली खान और करीना कपूर खान के पास बड़ा स्टाफ है। इसमे पीएस, पीआरओ, ड्राइवर, माली, बॉडीगार्ड शामिल हैं। इसमे दोनों ( सैफ और करीना ) का मिलाकर 13 लोग है। घर का स्टाफ 4 लोगों का है। सैफ और करीना के पास कुल 6 ड्राइवर हैं। अलग-अलग बॉडीगार्ड मिलाकर ये संख्या 10 है। इनमें से सैफ और करीना के पास हमेशा 13 लोगों का स्टाफ दिन हो या रात में मौजूद रहता है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार इन सभी में खासतौर पर सैफ के बॉडीगार्ड की सैलरी करोड़ों में है।

**सलमान खान :** शेरा, जो 1995 से सलमान खान के बॉडीगार्ड हैं, कथित तौर पर सालाना 2 करोड़ रुपए कमाते हैं। शेरा



अपनी बॉडी बिल्डिंग के लिए पहचाने जाते हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, शेरा ने कहा कि वे अपनी खुद की सुरक्षा फर्म, टाइगर सिक्योरिटी भी चलाते हैं। 2017 में, उन्होंने मुंबई में अपने कॉन्सर्ट के दौरान जस्टिन बीबर की सुरक्षा संभाली थी।

**शाहरुख खान :** रवि सिंह कथित तौर पर एक दशक से अधिक समय से शाहरुख खान के बॉडीगार्ड हैं और अभिनेता की सुरक्षा करते हैं। उन्हें अक्सर अभिनेता के बच्चों आर्यन खान और सुहाना खान की सुरक्षा करते हुए भी देखा गया है। रवि सिंह कथित तौर पर 2.7 करोड़ रुपए का वार्षिक वेतन कमाते हैं।

**आलिया भट्ट :** सुनील तालेकर बचपन से ही आलिया भट्ट के बॉडीगार्ड रहे हैं और कथित तौर पर उनकी बेटी राहा की भी देखभाल वही करते हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, वह अपनी सेवाओं के लिए सालाना 50 लाख रुपए कमाते हैं।


**अक्षय कुमार :** अक्षय कुमार के बॉडीगार्ड श्रेयसे थेले कथित तौर पर हर साल 1.2 करोड़ रुपए लेते हैं, जिससे वह इंडस्ट्री में सबसे ज्यादा वेतन पाने बॉडीगार्ड की लिस्ट में शुमार हैं।

**आमिर खान :** मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, पूर्व बॉडी बिल्डर युवराज घोरपड़े आमिर खान के निजी अंगरक्षक हैं और कथित तौर पर सालाना लगभग 2 करोड़ रुपए कमाते हैं।

# ऋतिक को रियाद में मिला जॉय अवार्ड



***मुंबई।*** *ऋतिक रोशन ने दशकों के अपने करियर में भारतीय फिल्म इंडस्ट्री पर अपनी अमिट छाप छोड़ी है। अपने अभिनय, शानदार लुक और बेहतरीन डांसिंग स्किल्स के लिए मशहूर इस अभिनेता ने बॉलीवुड में 25 साल पूरे करके एक नई उपलब्धि हासिल की है। सिनेमा में उनके योगदान के लिए हाल ही में रियाद में जॉय अवॉर्ड्स में उन्हें सम्मानित किया गया। अवॉर्ड स्वीकार करते हुए ऋतिक ने कहा, 'धन्यवाद। धन्यवाद, रियाद। धन्यवाद, जॉय अवाड्र्स। मुझे यहां इंवाइट करने के लिए क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान को मेरा धन्यवाद। महामहिम, आप एक दूरदर्शी व्यक्ति हैं और हम सभी के लिए इस शानदार शाम को बनाने के लिए आपका धन्यवाद। मैं इसके लिए बहुत आभारी हूं। मैं प्रोत्साहित हूं। मेरा मतलब है, देखिए मैं किसके साथ हूं।' आगे ऋतिक ने कहा, 'यहां महान दिग्गजों के बीच मुझे यह अवॉर्ड मिला है। 25 साल हो गए हैं। यह एक लंबा समय लगता है, लेकिन मुझे यह समझने में 25 साल लग गए कि अभिनय वास्तव में क्या है।*




हिंदी दैनिक झारखण्ड उजाला के लिए प्रकाशक एवं स्वामित्व सचिन कुमार सिंह द्वारा मकान संख्या 01, सिंह मेंशन, शांति नगर, नियर हटिया टोंको ब्रिज, ओबरिया रोड, पोस्ट : हटिया, थाना : जगन्नाथपुर, जिला : रांची, झारखण्ड, पिन : 834003. से प्रकाशित एवं सचिन कुमार सिंह द्वारा शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, पता : काठीटांड, नियर टेंडर बगीचा, पोस्ट- रातू, थाना - रातू, जिला : रांची, झारखण्ड, पिन : 835222 से मुद्रित, संस्थापक : रत्नेश नारायण सिंह, संपादक : सचिन कुमार सिंह *(पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार), epaper.jharkhandujala.com, E-mail -jharkhandujala@gmail.com / hr.jharkhandujala@gmail.com / desk.jharkhandujala@gmail.com (M) +91 9431360101, (O) 0651-2290101, (fax) 0651-2290101.